संताल एक्सप्रेस ई-पेपर व दैनिक ताजा खबर
www.santalexpress.com पर पढ़ें

16 जून 2026, मंगलवार

पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये

दुमका, वर्ष- 08, अंक - 265

Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज

# संताल एक्सप्रेस

## झारखंड में मानसून की सक्रियता बढ़ी
### 19 जून तक बारिश-वज्रपात का येलो अलर्ट

**रांची ।** झारखंड में मानसून की सक्रियता बढ़ने लगी है, जिससे राज्य के कई हिस्सों में मौसम का मिजाज बदल गया है। मौसम विभाग के अनुसार, 19 जून तक झारखंड के कई जिलों में गर्जन के साथ बारिश और आकाशीय बिजली गिरने की आशंका है। इसे देखते हुए विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने तथा खुले स्थानों, पेड़ों के नीचे और बिजली के खंभों के आसपास जाने से बचने की सलाह दी गई है।

झारखण्ड कृषि व्यापार मेला 2026

कृषि उत्सव
कृषि यंत्रों का प्रदर्शन
कृषि विशेषज्ञों से सीधी बात
कृषि व्यावहारिक कार्यशालाएँ
खरीदार-विक्रेता के बीच व्यापारिक संवाद
कृषि तकनीकी प्रदर्शनी
सांस्कृतिक कार्यक्रम
खेती और ग्रामीण व्यवसाय के नए आयाम जानना

# झारखण्ड कृषि व्यापार मेला 2026
## उद्घाटन समारोह

**प्रवेश नि:शुल्क**
आप सभी **मेला में सादर आमंत्रित हैं**

**दिनांक:** 16 से 18 जून 2026
**समय:** पूर्वाह्न 10 बजे
**स्थान:** मोरहाबादी मैदान, रांची

मुख्य अतिथि
**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

अध्यक्षता
**श्रीमती शिल्पी नेहा तिर्की**
माननीय मंत्री, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड



माननीय मंत्रीगण, माननीय सांसदगण, माननीय विधायकगण
एवं अन्य गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति

अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड

PR 382440 (Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department ) 26-27

## दीपिका पांडेय ने झुलसे बच्चे का हाल जाना



**रांची।** झारखंड की ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने सोमवार को रांची स्थित देवकमल अस्पताल पहुंचकर महागामा निवासी गुंजन कुमार के सात वर्षीय पुत्र प्रिंस ठाकुर का हालचाल जाना। बच्चा हाईटेंशन बिजली तार की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गया था और उसका इलाज फिलहाल विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में चल रहा है। अस्पताल पहुंचने पर मंत्री ने चिकित्सकों से प्रिंस की स्वास्थ्य स्थिति और चल रहे उपचार की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने डॉक्टरों को स्पष्ट निर्देश दिए कि बच्चे के इलाज में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए तथा उसे सभी आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं।मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार और उनका विभाग बच्चे के बेहतर इलाज के लिए हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रिंस की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त चिकित्सा सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी।परिजनों ने मंत्री को बताया कि हादसे के बाद बच्चे को पहले बोकारो में प्राथमिक उपचार दिया गया था, जिसके बाद बेहतर इलाज के लिए उसे रांची रेफर किया गया। वर्तमान में उसका उपचार देवकमल अस्पताल में जारी है।मंत्री ने परिजनों से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाया और भरोसा दिलाया कि इस कठिन समय में सरकार पूरी मजबूती के साथ उनके साथ खड़ी है तथा बच्चे के इलाज में किसी भी तरह की कमी नहीं आने दी जाएगी।

## मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता अभियान का शुभारंभ



**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज ।** निषिद्ध मादक पदार्थों के दुरुपयोग एवं नशे की बढ़ती प्रवृत्ति के विरुद्ध जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से राज्य सरकार के निर्देशानुसार 15 जून से 26 जून तक राज्यव्यापी जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है.इसी क्रम में सोमवार को जिला समाहरणालय परिसर में डीसी दीपक कुमार दूबे ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. जागरूकता रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों, पंचायतों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर आमजन विशेषकर युवाओं एवं विद्यार्थियों को नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों से अवगत कराएगा तथा समाज को नशामुक्त बनाने का संदेश देगा.इस अवसर पर डीसी श्री दुबे ने कहा कि नशीले पदार्थों का सेवन न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है. बल्कि परिवार एवं समाज की प्रगति में भी बाधक बनता है. उन्होंने सभी नागरिकों से नशे के विरुद्ध जनआंदोलन को सफल बनाने तथा युवाओं को इसके दुष्प्रभावों से बचाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया.कार्यक्रम के दौरान दीपक आर्ट की टीम द्वारा नशा मुक्ति विषय पर एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया. कलाकारों ने अपने जीवंत अभिनय के माध्यम से नशीले पदार्थों के दुष्परिणामों तथा नशामुक्त जीवन के महत्व को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया. उपस्थित लोगों ने नुक्कड़ नाटक की सराहना करते हुए इसके संदेश को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया.मौके पर अपर समाहर्ता गौतम कुमार भगत, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी संजय कुमार दास सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे.

## खेलकूद से होता है शारीरिक मानसिक और बौद्धिक विकासः डीआईजी



**साहिबगंज।** खेलकूद से होता है शारीरिक, मानसिक व बौद्धिक विकास यह बाते डीआईजी अंबर लकड़ा ने सोमवार को साहिबगंज नगर के पुलिस लाइन मैदान में आयोजित संताल परगना क्षेत्रीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता के शुभारंभ के मौके पर कही.उन्होने कहा कि अनुशासन व सकारात्मक सोच का माध्यम है. खेल से शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास होता है. उन्होंने कहा कि पुलिस पदाधिकारी व कर्मियों को ड्यूटी के बावजूद खेल के लिए समय निकालना चाहिए. उन्होंने सभी थानों में वॉलीबॉल कोर्ट एवं पुलिस लाइन के मैदान को खेल मैदान में विकसित करने पर कहा कि खेल पुलिस बल को अधिक अनुशासित और फिट बनाता है.इसके पूर्व संताल परगना क्षेत्रीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ दुमका प्रक्षेत्र के डीआईजी अंबर लकड़ा ने कबूतर उड़ाकर तथा क्रिकेट बैट से गेंद खेलकर उद्घाटन किया.

## बरहरवा में पुनर्वास के बिना बेदखली के खिलाफ सीटू का प्रदर्शन




**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज/ बरहरवा ।** भारतीय ट्रेड यूनियन केंद्र की ओर से पूरे देश में बिना पुनर्वास के क्रूर बेदखली के खिलाफ सोमवार को देशव्यापी प्रदर्शन किया गया.इसी कड़ी में सोमवार को सीटू साहिबगंज जिला कमेटी की ओर से बरहरवा में प्रदर्शन किया गया.जिसका नेतृत्व सीटू महासचिव सारीफुल इस्लाम ने किया.इस दौरान उन्होंने पश्चिम बंगाल सरकार की कड़े शब्दों में विरोध करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल सहित पूरे देश में खासकर तथा कथित डबल इंजन की सरकारों के द्वारा कॉर्पोरेट के हित में बिना किसी पूर्व पुनर्वास और वैकल्पिक व्यवस्था के चला के चलाए जा रहे क्रूर अतिक्रमण हटाओ अभियानों की कड़े शब्दों में निंदा करती है. सीटू ने क्रूर बेदखली पर रोक लगाने.उचित पुनर्वास और मुआवजा,झूठे मुकदमे वापस लेने,दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई करने,सहित अन्य मांगे शामिल हैं.मौके पर बिहार हॉकर्स एसोशिएशन के सचिव राजकुमार सिंहा, अब्दुल रौफ, मानिक शेख,एमजीआर वर्कर्स यूनियन से शशि लाल मुर्मू, शैलेन्द्र हंसदा, रोहित मिंज, मही दास टुडू,साहिबगंज जिला बीड़ी श्रमिक यूनियन से मो सलीम, अकबर अली, बसंती सहा, सबिता घोष, आसमा खातून, फ़िरदोसी बीबी,झारखंड निर्माण मजदूर यूनियन से आशीष रंजन, पंकज सहा, रिजु साह ,आशा वर्कर्स यूनियन से रिंकु साहा रिंपा देवी, जोशना बीबी सहित दर्जनों साथी शामिल थे.

**पूर्व रेलवे**

**ठिका खोबोर सं.: ईएल-30-26; माहित: 12.06.2026।** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जी), पूर्व रेलवे, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 होतेते लातार रे ओ़लाकान का़मी पुराउ रे का़उडी ते दाड़े मेक्‌नाक् आर चालु विद्युतीय ठिका़दार रेयाक् लाइसेंस मेक्‌नाक्‌को मानोतान ठिका़दारको ठेन खोन लातार रे ओ़लाकान का़मी लागित् ई-ठिका़को नेवतायेत् कानाः **का़मी रेयाक् ञुतुम सांवते ओना रेयाक् जायगाः** आसनसोल मंडलः हावड़ा-दिल्ली (चरण-II) रेयाक् एचडीएन रूट रे अंडाल-सीतारामपुर खंड रे ऑटोमैटिक ब्लॉक सिग्नलिंग बेबोसताय (सारेच्‌आक् का़मी)। **ठिका रेयाक् पूंजीः** रु. **37,58,831.02। बायना पायसाः** रु. 75,200। **ठिका कागोच रेयाक् गोनोमः** शून्य। **का़मी पुराउ रेयाक् सोमोयः** 12 चान्दो। **ठिका बो़दोक् आर झिजुक् रेयाक् तारीक आर सोमोयः** 06.07.2026 हिलोक् सेताक् 11.00 बजे। पुराउ बानाडाय दो़ रेलवे रेयाक् वेबासाइट **www.ireps.gov.in** रे ञेल दाड़ेयाक्‌आ। (ASN-135/2026-27)

ठिका खोबोर दो वेबसाइटः **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** रे हों बेबोसता आकान मेनाक्‌आ।

नोंडे पांजालेपेः @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

## बरहरवा को नहीं मिल रही सड़क जाम से मुक्ति

**बरहरवा।** नगर क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए प्रशासनिक स्तर पर कई प्रयास किए जाने के बावजूद बरहरवा बाजार की जाम की समस्या दिन-प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है. स्थिति यह है कि नगरवासियों के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों को भी प्रतिदिन घंटों जाम में फंसकर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.स्थानीय लोगों का कहना है कि जाम की समस्या के पीछे कई कारण जिम्मेदार हैं. सबसे बड़ी समस्या नो-एंट्री के निर्धारित समय का पालन नहीं होना है.आरोप है कि नो-एंट्री अवधि के दौरान भी बड़े मालवाहक ट्रक और अन्य भारी वाहन बाजार क्षेत्र में प्रवेश कर जाते हैं.

# मेड-टेक इनोवेशन डे का आयोजन, मुख्यमंत्री ने की 'डिस्ट्रिक्ट सैंडबॉक्स' पहल की शुरुआत

**संताल एक्सप्रेस**



**रांची।** बीवीटी ने पीएचआईए फाउंडेशन के सहयोग से रांची स्थित होटल बीएनआर चाणक्य में सोमवार को 'मेड टेक इनोवेशन डे' का आयोजन किया। इस अवसर पर मु यमंत्री हेमंत सोरेन ने रिमोट का बटन दबाकर 'डिस्ट्रिक्ट सैंडबॉक्स' पहल का शुभारंभ किया। यह पहल स्वास्थ्य क्षेत्र में नई तकनीकों और नवाचारों के परीक्षण, मूल्यांकन और उनके व्यापक उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू की गई है। इस पहल के तहत इनोवेटर्स को वास्तविक सार्वजनिक स्वास्थ्य परिस्थितियों में अपनी चिकित्सा तकनीकों के परीक्षण का अवसर मिलेगा, जिससे उनके प्रभाव का आकलन कर उन्हें बड़े पैमाने पर लागू करने की दिशा तय की जा सकेगी। इसका उद्देश्य झारखंड के स्वास्थ्य नवाचार इकोसिस्टम को मजबूत करना तथा ग्रामीण, जनजातीय और वंचित समुदायों के स्वास्थ्य परिणामों में सुधार लाना है।उद्घाटन समारोह में मु यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड में नवाचार की अपार संभावनाएं हैं, जहां स्थानीय जरूरतों के अनुरूप व्यावहारिक समाधान विकसित कर लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार दूरदराज और आदिवासी क्षेत्रों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने को प्राथमिकता दे रही है। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), बायो-इंजीनियरिंग और रियल-टाइम डेटा के बढ़ते उपयोग को भविष्य की स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण बताया। मु यमंत्री ने कहा कि स्टार्टअप्स और शोधकर्ताओं की तकनीकों को धरातल तक पहुंचाने में राज्य सरकार हर संभव सहयोग करेगी। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में प्रदर्शित बिना फिल्म वाली पोर्टेबल डिजिटल एक्स-रे मशीन का अवलोकन भी किया, जिसे आईआईटी धनबाद के पूर्व छात्रों ने विकसित किया है। समारोह को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने राज्य सरकार की स्वास्थ्य क्षेत्र में उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मौजूदा कार्यकाल में मेडिकल कॉलेजों, एमबीबीएस और पीजी सीटों में वृद्धि के साथ डॉक्टरों की नियुक्ति में भी तेजी आई है। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता बढ़ाने के लिए नए मॉडल पर काम किए जाने की जानकारी दी। साथ ही 745 'अबुआ मेडिकल स्टोर' खोलने की योजना पर भी काम चल रहा है।उद्घाटन समारोह में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी, अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा सहित कई वरिष्ठ अधिकारी, स्वास्थ्य विशेषज्ञ, इनोवेटर्स और विकास क्षेत्र के साझेदार उपस्थित रहे।

# तेतुलिया जमीन घोटाला : हाई कोर्ट ने जांच की निगरानी से किया इनकार, ईडी को निष्पक्ष जांच जारी रखने का निर्देश

**संताल एक्सप्रेस**

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय ने बोकारो जिले के चर्चित तेतुलिया जमीन विवाद मामले में चल रही जांच की न्यायिक निगरानी करने से इनकार कर दिया है। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि केवल आशंकाओं के आधार पर यह मान लेना उचित नहीं होगा कि मामले की जांच कर रही एजेंसियां आरोपितों को किसी प्रकार का लाभ पहुंचाएंगी। अदालत ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में जांच की न्यायिक निगरानी की आवश्यकता नहीं है। मुख्य न्यायाधीश एम. एस. सोनक और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने सोमवार को इस मामले में दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया। याचिकाकर्ता ने अदालत से अनुरोध किया था कि बोकारो जिले के तेतुलिया मौजा स्थित 103 एकड़ भूमि से जुड़े मामले की जांच की निगरानी न्यायालय स्वयं करे। याचिका में दावा किया गया था कि यह भूमि वर्ष 1958 में वनभूमि के रूप में अधिसूचित की गई थी और इसकी वर्तमान अनुमानित कीमत लगभग 172 करोड़ रुपये है। आरोप लगाया गया था कि इस भूमि की खरीद-बिक्री और स्वामित्व से जुड़े मामलों में गंभीर अनियमितताएं हुई हैं, जिसकी जांच वर्तमान में ईडी और अपराध अनुसंधान विभाग द्वारा की जा रही है। याचिका में यह भी उल्लेख किया गया था कि बोकारो के प्रभागीय वन पदाधिकारी की शिकायत के आधार पर मु य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में जालसाजी, धोखाधड़ी और अन्य संबंधित धाराओं के तहत शिकायत वाद दर्ज किया गया है। इसके अलावा राज्य सरकार ने मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन किया था। समिति ने अपनी रिपोर्ट में तेतुलिया की उक्त भूमि को वनभूमि माना था। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से यह तर्क दिया गया कि भूमि सौदे से जुड़े कुछ आरोपित अत्यंत प्रभावशाली हैं और इस कारण जांच एजेंसियों द्वारा उन्हें प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से मदद पहुंचाए जाने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। इसी आधार पर न्यायालय से जांच की निगरानी का अनुरोध किया गया था। हालांकि,अदालत ने याचिकाकर्ता द्वारा दाखिल शपथपत्रों और प्रस्तुत दस्तावेजों का अवलोकन करने के बाद कहा कि फिलहाल ऐसे कोई ठोस तथ्य या साक्ष्य सामने नहीं आए हैं, जिनके आधार पर यह माना जा सके कि जांच एजेंसियां निष्पक्ष तरीके से काम नहीं कर रही हैं या आरोपितों को संरक्षण दे रही हैं।

# एनडीए पूरी तरह एकजुट, परिमल नाथवानी की जीत निश्चित है : भाजपा

**संताल एक्सप्रेस**



**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में सोमवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) विधायक दल की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने की। बैठक के बाद मुख्य सचेतक नवीन जायसवाल ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि राज्यसभा चुनाव को लेकर एनडीए विधायक दल की बैठक आयोजित की गई थी। एनडीए घटक दल के सभी विधायक पूरी तरह एकजुट हैं और अपने प्रत्याशी परिमल नाथवानी के साथ मजबूती से खड़े हैं। उन्होंने दावा किया कि एनडीए समर्थित परिमल नाथवानी की जीत निश्चित ही नहीं बल्कि पूरी तरह सुनिश्चित है। उन्होंने बताया कि कई विधायक नए भी हैं, इसलिए कैसे मतदान करना है, कितने बजे जाना है, इस पर भी चर्चा हुई। जयसवाल ने कहा कि भाजपा के जो विधायक आज की बैठक में शामिल नहीं हो पाए थे, उन्होंने पार्टी को पूर्व में ही इसकी सूचना दे दी थी। वे सभी विधायक किसी अति आवश्यक कार्य से ही अनुपस्थित हैं। इसमें विपक्ष को ज्यादा खुशफहमी पालने की जरूरत नहीं है। जिनके घर शीशे के होते हैं, चिंता उन्हें ही ज्यादा होती है, यही हाल विपक्ष का है। कांग्रेस अपनी निश्चित हार को लेकर अभी से ही छटपटाहट और हताशा में है। एक सवाल जवाब में मुख्य सचेतक ने कहा कि परिमल नाथवानी निर्दलीय प्रत्याशी हैं, सभी 81 विधायक उनके लिए वोटर हैं। सभी दल से वे संपर्क कर रहे हैं। उनके काम पर सभी को भरोसा है। पहले भी दो बार सांसद रह चुके हैं। 18 तारीख को सभी विधायक अपने स्वविवेक से एवं अंतरात्मा की आवाज पर वोट करेंगे और परिमल नाथवानी तीसरी बार विजय हासिल करेंगे। बैठक में आदित्य साहू के अलावा नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो, लोजपा के प्रदेश अध्यक्ष बीरेन्द्र प्रधान, भाजपा विधायक सीपी सिंह, नवीन जयसवाल, नागेंद्र महतो, शशि भूषण मेहता, मनोज यादव, सत्येंद्र नाथ तिवारी, नीरा यादव, राज सिन्हा, अमित यादव, देवेंद्र कुंवर,, रोशन लाल चौधरी, प्रदीप प्रसाद, मंजू कुमारी एवं कुमार उज्जवल, लोजपा विधायक जनार्दन पासवान, आजसू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो उपस्थित थे।

## ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए गरिमा गृह का उद्घाटन



**संताल एक्सप्रेस धनबाद।** ट्रांसजेंडर समुदाय के सम्मान, सुरक्षा एवं सशक्तीकरण के उद्देश्य से स्माइल योजना के अंतर्गत मंथन संस्था द्वारा संचालित गरिमा गृह का उद्घाटन किया गया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी स्नेह कश्यप ने उद्घाटन किया ।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अधिकार है तथा गरिमा गृह ट्रांसजेंडर समुदाय के सदस्यों को सुरक्षित आश्रय, सामाजिक सुरक्षा, परामर्श, कौशल विकास एवं मुख्यधारा से जुड़ने के अवसर प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। कहा कि ट्रांसजेंडर समुदाय लंबे समय से सामाजिक चुनौतियों का सामना करता रहा है। ऐसे में गरिमा गृह न केवल उन्हें सुरक्षित आवास उपलब्ध कराएगा, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, कानूनी सहायता, मानसिक परामर्श, रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण तथा आत्मनिर्भर बनने के अवसर भी प्रदान करेगा।मंथन संस्था के प्रतिनिधियों ने बताया कि गरिमा गृह के माध्यम से ट्रांसजेंडर समुदाय के सदस्यों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। कार्यक्रम में उपस्थित समुदाय के सदस्यों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए इसे अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने वाला कदम बताया।कार्यक्रम में जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी साधना कुमारी, चाइल्ड वेलफेयर कमेटी सदस्य ममता अरोड़ा, चाइल्ड प्रोविजनल ऑफिसर आनंद कुमार ट्रांसजेंडर कल्याण बोर्ड के श्वेता किन्नर, मंथन के सचिव बिपलब महतो कोषाध्यक्ष द्विज पद महतो प्रबंधक धनंजय कुमार पंकज कुमार, शक्ति कुमार नीलकमल महतो सूरज कुमार रणजीत सिंह सहित अन्य गणमान्य अतिथि एवं समुदाय के सदस्य उपस्थित थे।

## विश्व नशा मुक्ति दिवस पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन



**बोरियो।** विश्व नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर सोमवार को जेआईएस फाउंडेशन बोरियो कौशल प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षुओं के बीच जागरूकता आधारित चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य चित्रकला के माध्यम से समाज में बढ़ती नशाखोरी के प्रति लोगों को जागरूक करना तथा नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश प्रसारित करना था. प्रतियोगिता में केंद्र के सभी प्रशिक्षुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया एवं नशे के दुष्परिणामों तथा नशामुक्त जीवन के महत्व को दर्शाते हुए आकर्षक एवं प्रेरणादायक चित्र प्रस्तुत किए.इस दौरान केंद्र के समन्वयक सुभाष बनर्जी ने बताया कि इस प्रकार के सामाजिक जागरूकता कार्यक्रमों से बोरियो क्षेत्र के लोगों को लाभ मिलेगा. समाज में सकारात्मक परिवर्तन को बढ़ावा मिलेगा. इस अवसर पर प्रशिक्षक नरेश कुमार मंडल, पिंकी देवी, राहुल सिंह सहित अन्य उपस्थित थे.

## वृद्धजन दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस कार्यक्रम



**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज।** झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार साहिबगंज अखिल कुमार के मार्गदर्शन में विश्व वृद्धजन दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस के अवसर पर वृद्धजनों के अधिकारों की सुरक्षा एवं उनके प्रति सम्मानजनक व्यवहार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन स्नेह स्पर्श वृद्धा आश्रम में किया गया.प्रत्येक वर्ष 15 जून को मनाया जाने वाला विश्व वृद्धजन दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस वृद्धजनों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार, उपेक्षा एवं शोषण के विरुद्ध जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से मनाया जाता है.जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान लीगल एड डिफेंस काउंसिल एवं पारा लीगल वॉलिंटियर्स - न्याय मित्रों द्वारा वृद्धजनों को उनके संवैधानिक एवं विधिक अधिकारों, वरिष्ठ नागरिकों के संरक्षण से संबंधित कानूनों तथा निःशुल्क विधिक सहायता योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई.

## झिकरहाटी मे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यशाला आयोजित



**पाकुड़।** प्रखंड अंतर्गत झिकरहाटी मंडल भाजपा द्वारा किस्मत कदमसार में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यशाला का आयोजन मंडल अध्यक्ष सुरेश मंडल की अध्यक्षता में किया गया। कार्यशाला में प्रभारी हिसाबी राय एवं भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनुग्राहित प्रसाद साह विशेष रूप से उपस्थित रहे।कार्यक्रम की शुरुआत में पाकुड़ विधानसभा एसआईआर संयोजक कुशमाकर तिवारी तथा भाजपा जिला महामंत्री रूपेश भगत ने झिकरहाटी मंडल के 45 बूथों की मतदाता सूची मंडल अध्यक्ष को सौंपते हुए कार्यशाला की औपचारिक शुरुआत की।कार्यशाला में झिकरहाटी पूर्वी, झिकरहाटी पश्चिमी, किस्मत कदमसार, उदयनारायणपुर और फरसा सहित विभिन्न पंचायतों के बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनुग्राहित प्रसाद साह ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण का उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध, त्रुटिरहित और अद्यतन बनाना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर सक्रिय रहकर मतदाता सूची के सत्यापन कार्य को गंभीरता से पूरा करने का आह्वान किया। प्रभारी हिसाबी राय ने बीएलए-2 एवं मंडल पदाधिकारियों को मतदाता सूची की जांच, नए मतदाताओं को जोड़ने, नाम विलोपन, संशोधन आदि प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। कार्यकर्ताओं ने हर बूथ भाजपा के संकल्प के साथ संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

## दादी की हत्या मामले में दो पोता गिरफ्तार

**खूंटी।** रनिया थाना क्षेत्र के बांगुरकुलम झोराटोली में दो पोतों ने 69 वर्षीय वृद्धा (दादी) पुटकी देवी की हत्या कर उनके शव को प्लास्टिक के बोरे में भरकर कोयल नदी किनारे झाड़ियों में छिपा दिया। पुलिस ने मामले में मृतका के दो पोतों सोनू झोरा और जतरू झोरा को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार, घटना 12 जून की शाम करीब सात बजे की है। उस दिन हाटिंगहोड़े में साप्ताहिक हाट लगी थी, जहां पुटकी देवी का बेटा और बहू गए हुए थे। इसी दौरान घर के आंगन में पुटकी देवी और उनके दोनों पोतों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया।पुलिस के अनुसार, विवाद बढ़ने पर दोनों पोतों ने वृद्धा को धक्का दे दिया, जिससे उनके माथे में गंभीर चोट लग गई। अधिक रक्तस्राव होने के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद दोनों आरोपितों ने शव को प्लास्टिक के बोरे में भरकर कोयल नदी किनारे गुलर के पेड़ के नीचे झाड़ियों में छिपा दिया और घर के आंगन में गिरे खून के निशानों को मिटाने के लिए गोबर से लीप दिया गया।आरोपितों की निशानदेही पर पुलिस ने कोयल नदी किनारे झाड़ियों में छिपाकर रखे गए प्लास्टिक के बोरे में बंद पुटकी देवी का शव बरामद किया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## झारखंड राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस की बढ़ी चिंता

**रांची (ईएमएस)।** झारखंड में राज्यसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। सत्तारूढ़ गठबंधन के लिए दोनों सीटों पर जीत सुनिश्चित करना आसान नहीं दिख रहा है। एक ओर झारखंड मुक्ति मोर्चा के उम्मीदवार बैजनाथ राम मैदान में हैं, वहीं कांग्रेस ने प्रणव झा को प्रत्याशी बनाया है। दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार परिमल नाथवानी ने मुकाबले को त्रिकोणीय बना दिया है।राजनीतिक गलियारों में सबसे बड़ी चर्चा संभावित क्रॉस वोटिंग को लेकर है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कांग्रेस नेतृत्व अपने विधायकों को एकजुट रखने की कोशिश में जुटे हैं। गठबंधन को आशंका है कि कुछ विधायक मतदान के दौरान अलग रुख अपना सकते हैं, जिससे चुनावी गणित प्रभावित हो सकता है। परिमल नाथवानी को भारतीय जनता पार्टी का समर्थन प्राप्त है और वे लगातार विभिन्न विधायकों से संपर्क साध रहे हैं। उनके मैदान में उतरने से कांग्रेस उम्मीदवार प्रणव झा के लिए मुकाबला और कठिन हो गया है।

## फूलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में अब ऑनलाइन मिल रही जांच रिपोर्ट

**दुमका।** फूलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं के डिजिटलीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। अस्पताल की पैथोलॉजी लैब को पूरी तरह ऑनलाइन प्रणाली से जोड़ दिया गया है, जिससे विभिन्न जांचों की रिपोर्ट सीधे मरीजों की पहचान संख्या पर अपलोड की जा रही है। संबंधित चिकित्सक भी इन रिपोर्टों को ऑनलाइन देख पा रहे हैं, जिससे मरीजों को त्वरित और बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल रही है।अस्पताल प्रशासन के अनुसार नई व्यवस्था लागू होने के बाद जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराने में लगने वाला समय कम हुआ है तथा पूरी प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और व्यवस्थित बनी है। मरीजों को रिपोर्ट प्राप्त करने के लिए बार-बार अस्पताल का चक्कर नहीं लगाना पड़ रहा है, वहीं डॉक्टरों को भी जांच परिणाम तत्काल उपलब्ध हो रहे हैं, जिससे उपचार प्रक्रिया में तेजी आई है।अस्पताल में पहले पैथोलॉजिकल और रेडियोलॉजी जांच की जिम्मेदारी एक निजी कंपनी को दी गई थी। कंपनी के साथ अनुबंध समाप्त होने और नई एजेंसी का चयन नहीं होने के बाद अस्पताल प्रशासन ने विभागीय स्तर पर जांच व्यवस्था शुरू की। उपलब्ध लैब तकनीशियनों और संसाधनों के बेहतर उपयोग से जांच सेवाओं का विस्तार किया गया तथा लैब का कंप्यूटरीकरण भी किया गया।वर्तमान में किडनी फंक्शन टेस्ट, लिवर फंक्शन टेस्ट सहित कई प्रमुख जांचों की रिपोर्ट ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड की जा रही है। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि जल्द ही हार्मोनल जांच की सुविधा भी शुरू की जाएगी। इसके अलावा एक्स-रे रिपोर्ट, दवाओं और चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता संबंधी जानकारी भी ऑनलाइन उपलब्ध कराने की तैयारी चल रही है।

## हिरणपुर गांव पहुंचे सिदो-कान्हू के वंशज मंडल मुर्मू, ग्रामीणों की सुनी समस्याएं



**बरहेट।** बरहेट प्रखंड क्षेत्र के हिरणपुर गांव में सोमवार को सिदो-कान्हू के वंशज सह भाजपा नेता मंडल मुर्मू ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा समाधान का भरोसा दिया.बैठक का नेतृत्व ग्रामीण करण मरांडी ने किया. जिसमें गांव में मूलभूत सुविधाओं के अभाव को लेकर विस्तृत चर्चा की गई.बैठक में ग्रामीणों ने हिरणपुर गांव के प्रधान टोला, जामुन टोला, जाहेर टोला, चौकीदार टोला, घुटू टोला, खाटू टोला एवं कोचा टोला की विभिन्न समस्याओं से मंडल मुर्मू को अवगत कराया.ग्रामीणों की समस्याएं सुनने के बाद मंडल मुर्मू ने कहा कि गांव की समस्याओं के समाधान के लिए ग्राम प्रधान के नेतृत्व में एक शिष्ट मंडल साहिबगंज डीसी से मुलाकात कर उन्हें सभी समस्याओं से अवगत कराते हुए शीघ्र समाधान की मांग करेगी.मौके पर बबलू किस्कू, गंगा मुर्मू, सुनीता हांसदा, लाडो हेंब्रम सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे.

## जेपीएल मैच के रोमांचक माहौल से रूबरू हुए सरला बिरला पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी



**रांची ।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के विद्यार्थियों को खेल जगत के रोमांच और उत्साह से भरपूर एक अविस्मरणीय अनुभव प्राप्त हुआ, जब उन्होंने जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम कॉम्प्लेक्स में आयोजित झारखंड प्रीमियर लीग (जेपीएल) के अंतर्गत रांची टाइटंस और जमशेदपुर स्टीलर्स के बीच खेले गए रोमांचक मुकाबले का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। उच्च स्तरीय क्रिकेट, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से सजे इस मैच ने आरंभ से अंत तक दर्शकों को मंत्रमुग्ध किए रखा।विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती मनीषा शर्मा ने कहा कि किसी पेशेवर क्रिकेट मैच को प्रत्यक्ष रूप से देखना विद्यार्थियों के लिए सीखने का एक सशक्त माध्यम है, जिसके द्वारा वे कक्षा के बाहर वास्तविक परिस्थितियों का अवलोकन कर ज्ञान अर्जित करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रतिस्पर्धात्मक खेल विद्यार्थियों में खेल भावना का विकास करते हैं तथा उन्हें टीमवर्क, अनुशासन, धैर्य, निरंतर प्रयास, संघर्षशीलता, प्रतिद्वंद्वियों के प्रति सम्मान और जीत व हार दोनों को समान गरिमा के साथ स्वीकार करने जैसे महत्वपूर्ण जीवन मूल्यों की शिक्षा प्रदान करते हैं।

## सरला बिरला विश्वविद्यालय और जोहो कॉर्पोरेशन के बीच एमओयू




**रांची ।** सरला बिरला विश्वविद्यालय ने जोहो कॉर्पोरेशन के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किया है। करार का उद्देश्य उद्योग-जगत और अकादमिक संस्थानों के बीच सहयोग को सुदृढ़ करना तथा विद्यार्थियों के लिए प्रौद्योगिकी-सक्षम शिक्षण को बढ़ावा देना है। एमओयू हस्ताक्षर समारोह के उपरांत जोहो कॉर्पोरेशन के वाइस प्रेसिडेंट के. पी. नारायणन द्वारा लर्निंग टू लर्न विषय पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के माननीय महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक, माननीय कुलपति प्रो. सी. जगनाथन तथा कुलसचिव प्रो. एस. बी. डांडिन, विवि के सभी संकायाध्यक्ष, वाणिज्य एवं व्यवसाय प्रबंधन विभाग के शिक्षकगण अधिकारी उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथियों में रापगुरु के निदेशक सीए राकेश सिंह भी शामिल रहे। करार एमओयू जोहो कॉर्पोरेशन की जोहो एडुकनेक्ट पहल के अंतर्गत हुआ , जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप डिजिटल एवं एंटरप्राइज एप्लिकेशन संबंधी कौशल प्रदान करना है। साथ ही, जोहो विशेषज्ञों एवं प्रमाणित प्रशिक्षकों द्वारा आनेवाले दिनों में विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों का संचालन भी किया जाएगा। एसबीयू के माननीय प्रतिकुलाधिपति श्री बिजय कुमार दलान, माननीय राज्यसभा सांसद सह निदेशक प्लानिंग एंड डेवलपमेंट डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने एमओयू पर हस्ताक्षर होने पर हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामना संदेश प्रेषित किया है।

संताल एक्सप्रेस ई-पेपर व दैनिक ताजा खबर
www.santalexpress.com पर पढ़ें

16 जून 2026, मंगलवार

मूल्य : 2 रुपये

दुमका, वर्ष- 08, अंक - 265

Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज

# संताल एक्सप्रेस

### थोक महंगाई 43 महीने में सबसे ज्यादा, मई में 9.68 प्रतिशत पहुंची

**नई दिल्ली ।** मई में थोक महंगाई बढ़कर 9.68 प्रतिशत पर पहुंच गई है। इससे पहले अप्रैल में यह 8.26 प्रतिशत पर थी। मई में महंगाई 43 महीने में सबसे ज्यादा है। सितंबर 2022 में ये 10.70 प्रतिशत पर पहुंच गई थी। कॉमर्स मिनिस्ट्री ने सोमवार को थोक महंगाई के आंकड़े जारी किए हैं। महंगाई बढ़ने की वजह रोजमर्रा की जरूरत के सामान और फ्यूल के दाम बढ़ना है।




# होर्मुज शुक्रवार को खुलेगा, अमेरिका ने ईरानी बंदरगाहों से नाकाबंदी हटाई

## शांति समझौते को लेकर बनी सहमति का दुनिया भर के नेताओं ने किया स्वागत

एजेंसी

**वाशिंगटन ।** अमेरिका और ईरान शांति समझौते पर सहमत हो गए। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका ने ईरानी बंदरगाहों से अपनी नौसैनिक नाकाबंदी हटा ली है। शुक्रवार को समझौते पर हस्ताक्षर होने के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य फिर से खुल जाएगा। उन्होंने माना कि समझौते का पूरा मसौदा अभी जारी नहीं किया गया है।

सीएनएन, अल जजीरा और गल्फ न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार स्विट्जरलैंड में शुक्रवार को होने वाले हस्ताक्षर समारोह के बाद के कदमों के बारे में अमेरिका और ईरान ने अलग-अलग बातें कही हैं। ईरान के उप



विदेशमंत्री ने कहा कि परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत तब शुरू होगी जब अमेरिका फ्रीज किए गए अरबों डॉलर जारी करेगा, लेकिन एक अमेरिकी अधिकारी ने इस दावे को खारिज कर दिया है।

वहीं, इजराइल ने अमेरिका-ईरान के बीच शांति समझौते के लिए बनी सहमति से असहमति जताते हुए आज कहा कि यह समझौता इजराइल के लिए बाध्यकारी नहीं है। उनका देश लेबनान में हिज़्बुल्लाह के खतरे को समाप्त करने के अपने संकल्प से कोई समझौता स्वीकार नहीं करेगा।

उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि लेबनान में हिज़्बुल्लाह की गतिविधियों से पैदा खतरों को खत्म करने के संकल्प को लेकर इजराइल को कोई भी समझौता मंजूर नहीं है।

पाकिस्तान के विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार ने पुष्टि की है कि अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते पर हस्ताक्षर शुक्रवार को स्विट्जरलैंड के शहर जिनेवा में होंगे। डार ने कहा कि पाकिस्तान को 19 जून को जिनेवा में होने वाले औपचारिक हस्ताक्षर समारोह का इंतजार है। उन्होंने दोनों पक्षों को मनाने के प्रयासों में मदद के लिए सऊदी अरब, कतर और तुर्किये जैसे देशों का शुक्रिया अदा किया।

राष्ट्रपति ट्रंप ने महत्वपूर्ण टिप्पणी की है कि समझौता यह सुनिश्चित करेगा कि होर्मुज जलडमरूमध्य हमेशा के लिए टोल फ्री रहे। उधर, समझौते पर हस्ताक्षर होने के बाद आगे क्या होगा, इस पर अमेरिका और ईरान के मत अलग-अलग हैं। ईरान के उप विदेशमंत्री ने कहा कि परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत तभी शुरू होगी जब अमेरिका अरबों डॉलर की रुकी हुई धनराशि जारी करेगा।

# युवाओं को नशे से बचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल : हेमंत

## मुख्यमंत्री ने किया राज्यव्यापी नशा मुक्ति जागरूकता अभियान का शुभारम्भ



संवाददाता

**रांची ।** झारखंड को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने एक व्यापक राज्यव्यापी जन-जागरूकता अभियान की शुरुआत की है। इस अभियान का शुभारम्भ सोमवार को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने झारखंड मंत्रालय परिसर में किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जागरूकता प्रचार-प्रसार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर विभिन्न जिलों के लिए रवाना किया।

यह अभियान मुख्य रूप से नशीले और प्रतिबंधित मादक पदार्थों के सेवन, उनकी अवैध तस्करी तथा उनसे होने वाले सामाजिक-आर्थिक दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक करने पर केंद्रित है। सरकार का उद्देश्य विशेष रूप से युवाओं को नशे की लत से दूर रखते हुए उन्हें एक स्वस्थ और सकारात्मक जीवनशैली की ओर प्रेरित करना है।

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नशा मानव जीवन पर गहरा और विनाशकारी प्रभाव डालता है। मादक पदार्थों का सेवन न केवल व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि उसकी आर्थिक स्थिति और सामाजिक संबंधों को भी कमजोर कर देता है। इसके दुष्परिणाम केवल व्यक्ति तक सीमित नहीं रहते, बल्कि पूरा परिवार और समाज इससे प्रभावित होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार लगातार नशे के खिलाफ सख्त कदम उठा रही है और अवैध मादक पदार्थों के कारोबार पर रोक लगाने के लिए नियमित अभियान चलाए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि नशा मुक्ति के लक्ष्य को हासिल करने के लिए केवल प्रशासनिक प्रयास ही नहीं, बल्कि समाज की सक्रिय भागीदारी भी आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने युवाओं को नशे से बचाने को राज्य की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल बताते हुए कहा कि यह समस्या राज्य के विकास और प्रगति के लिए एक गंभीर चुनौती है।

## संक्षिप्त खबरें

### वैभव सूर्यवंशी ने श्रीलंकाई खिलाड़ी को धक्का मारा



**नई दिल्ली ।** श्रीलंका-ए ने सोमवार को दांबुला में खेले गए ट्राई सीरीज के रोमांचक मुकाबले में भारत-ए को सुपर ओवर में हरा दिया। मैच के बाद साल के वैभव सूर्यवंशी की एक श्रीलंकाई खिलाड़ी से बहस हो गई और इसी दौरान उन्होंने विरोधी खिलाड़ी को धक्का भी दे दिया। श्रीलंकाई विकेटकीपर निरोशन डिकवेला ने बीचबचाव कर मामला शांत कराया।

### कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर को मारा थप्पड़

**जयपुर ।** जयपुर में कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के फाउंडर अभिजीत दीपके को थप्पड़ मारे गए हैं। इसके बाद पार्टी के समर्थकों ने थप्पड़ मारने वाले युवक को पकड़कर पीट दिया। अभिजीत नीट पेपर लीक, शिक्षा व्यवस्था, बेरोजगारी और युवाओं से जुड़े अलग-अलग मुद्दों को लेकर प्रदर्शन में शामिल होने आए हैं। प्रदर्शन के लिए बड़ी संख्या में लोग शहीद स्मारक पर जुटे थे। इससे पहले यहां नारेबाजी करते समय युवक आपस में भिड़ गए। इस पर पुलिस ने एक युवक को कस्टडी में ले लिया।

### निर्माण कार्य ऐसा हो कि यात्रियों को कोई परेशानी न हो : अश्विनी वैष्णव

**नई दिल्ली ।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने देश के व्यस्त रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए सोमवार को अधिकारियों से कहा है कि निर्माण कार्य इस तरह किया जाए कि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और ट्रेन संचालन भी प्रभावित न हो।

# जंगली जानवरों के हमले में मौत पर अब सरकार देगी 10 लाख रुपये की सहायता

- गोड्डा के जीतपुर कोल ब्लॉक को कोयला खनन पट्टा की दी गयी स्वीकृति
- कंप्यूटर और डाटा एंट्री ऑपरेटरों के वेतनमान में एकरूपता लाने का निर्णय

**कैबिनेट का फैसला**

संवाददाता

**रांची ।** राज्य में जंगली जानवरों के हमले में मौत पर अब राज्य सरकार 10 लाख रुपये की सहायता राशि। पूर्व में यह राशि चार लाख रुपये थी। यह निर्णय सोमवार को कैबिनेट की बैठक में लिया गया। कैबिनेट में लिए गए फैसलों की जानकारी कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने दी। कैबिनेट की बैठक में कुल 23 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। कैबिनेट सचिव ने बताया कि जंगली जानवरों के हमले में हुई मौत पर 10 लाख रुपये की सहायता राशि में से एक लाख रुपये तत्काल नकद के रूप में मृतक के परिजनों को दी जाएगी, चार लाख रुपये का चेक के जरिए भुगतान और शेष पांच लाख रुपये मृतक के आश्रित के नाम पर पांच वर्षों के लिए फिक्स कर दिया जाएगा।

इसके अलावा मृतक के आश्रित को मुआवजा राशि के अलावा दो हजार रुपये तीन वर्षों तक पेंशन के रूप में बैंक खाते के जरिए किया जाएगा। घायल होने पर डेढ़ लाख की जगह अब दो लाख रुपये, हल्के रूप से घायल होने पर 25 हजार की जगह अब 35 हजार रुपये मिलेंगे।

इसके अलावा ग्रामीणों के पशुओं भैंस, गाय और बैल की मौत पर पूर्व के 50 हजार की जगह अब 60 हजार रुपये, खुले में चरनेवाले पशुओं की मौत पर 25 हजार की जगह अब 30 हजार, बछडे या बछिया की मौत पर आठ हजार की जगह अब 10 हजार रुपये दिए जाएंगे। इसके अलावा, मुर्गा और मुर्गी की मौत पर 100 रुपये और अधिकतम 10 हजार रुपये दिए जाएंगे। फसल की क्षति पर भूमिधर किसान की ओर से स्वयं फसल उपजाने के मामले में 32,500 रुपये प्रति हेक्टेयर की दर मुआवजा राशि दी जाएगी।

कैबिनेट में राज्य कर्मियों के लिए अग्रिम वेतन और क्रेडिट सुविधा शुरू करने का फैसला लिया गया। इसके तहत कर्मचारी 30 दिनों तक का अग्रिम वेतन ले सकेंगे। इस राशि का भुगतान 02 महीने से 60 महीने की अवधि में किया जा सकेगा। इसके लिए वित्तीय संस्थानों का चयन किया जाएगा।

- विभिन्न विभागों में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटरों और डाटा एंट्री ऑपरेटरों के वेतनमान में एकरूपता लाने का निर्णय लिया गया है। नई नियुक्तियां पे-लेवल-2 के तहत की जाएंगी।

- गोड्डा समाहरणालय और इससे संबंधित कार्यालयों में अनियमित रूप से नियुक्त 05 कर्मियों की सेवा नियमितीकरण की स्वीकृति दी गई।

- गोड्डा जिला के सुन्दरपहाड़ी अंचल अन्तर्गत जीतपुर कोल ब्लॉक के रकवा 497.10 हेक्टेयर क्षेत्र पर मेसर्स टेरी माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड को कोयला खनन पट्टा की स्वीकृति दी गई।

# झारखंड रास चुनाव : कांग्रेस की बढ़ी चिंता विधायकों को एकजुट रखने की चुनौती

संवाददाता

**रांची ।** झारखंड में राज्यसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। सत्तारूढ़ गठबंधन के लिए दोनों सीटों पर जीत सुनिश्चित करना आसान नहीं दिख रहा है। एक ओर झारखंड मुक्ति मोर्चा के उम्मीदवार बैजनाथ राम मैदान में हैं, वहीं कांग्रेस ने प्रणव झा को प्रत्याशी बनाया है। दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार परिमल नाथवानी ने मुकाबले को त्रिकोणीय बना दिया है। राजनीतिक गलियारों में सबसे बड़ी चर्चा संभावित क्रॉस वोटिंग को लेकर है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कांग्रेस नेतृत्व अपने विधायकों को एकजुट रखने की कोशिश में जुटे हैं। गठबंधन को आशंका है कि कुछ विधायक मतदान के दौरान अलग रुख अपना सकते हैं, जिससे चुनावी गणित प्रभावित हो सकता है। परिमल नाथवानी को भारतीय जनता पार्टी का समर्थन प्राप्त है और वे लगातार विभिन्न विधायकों से संपर्क साध रहे हैं। उनके मैदान में उतरने से कांग्रेस उम्मीदवार प्रणव झा के लिए मुकाबला और कठिन हो गया है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि राज्यसभा की दूसरी सीट पर सबसे दिलचस्प संघर्ष देखने को मिल सकता है। हालांकि इंडिया गठबंधन को वामपंथी विधायकों के समर्थन से कुछ राहत मिली है, लेकिन चुनावी समीकरण अब भी पूरी तरह स्पष्ट नहीं हैं। ऐसे में राज्यसभा चुनाव केवल संख्या बल का नहीं, बल्कि रणनीति और वोट प्रबंधन की परीक्षा बन गया है। मतदान के दिन सभी दलों की नजर अपने-अपने विधायकों की एकजुटता पर रहेगी।

## कुमकुम भाग्य अभिनेत्री संचिता उगले ने की आत्महत्या

एजेंसी

**मुंबई ।** टीवी सीरियल कुमकुम भाग्य में दीया टंडन का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री संचिता उगले का निधन हो गया है। उन्होंने मुंबई से सटे नालासोपारा स्थित अपने घर पर



कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। परिवार को वह साड़ी के फंदे से लटकी मिलीं, जिसके बाद उन्हें आनन-फानन में पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने संचिता को मृत घोषित किया।

# रोहितश्य रॉय बने झारखंड के नए महाधिवक्ता

संवाददाता

**रांची ।** झारखंड के नव नियुक्त महाधिवक्ता रोहितश्य रॉय ने सोमवार को झारखंड उच्च न्यायालय परिसर स्थित महाधिवक्ता कार्यालय में औपचारिक रूप से अपना पदभार ग्रहण कर लिया। पदभार ग्रहण करने के साथ ही न्यायिक और अधिवक्ता जगत से जुड़े लोगों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

महाधिवक्ता पद संभालने के बाद रोहितश्य रॉय ने न्याय व्यवस्था के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि राज्य सरकार के प्रमुख विधिक प्रतिनिधि के रूप में वे संविधान, कानून और न्यायिक परंपराओं के अनुरूप अपने दायित्वों का निर्वहन



करेंगे। उनके पदभार ग्रहण करने को झारखंड के विधिक क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम माना जा रहा है। रोहितश्य रॉय राज्य के विधिक जगत में एक प्रतिष्ठित और अनुभवी अधिवक्ता के रूप में पहचाने जाते हैं। वे अपनी उत्कृष्ट विधिक समझ, निष्पक्ष पेशेवर आचरण और न्यायिक प्रक्रियाओं के प्रति समर्पण के लिए लंबे समय से जाने जाते रहे हैं।

# दुमका एयरपोर्ट से उड़ान का रास्ता साफ मौसम विभाग के साथ करार को मंजूरी

संवाददाता

**रांची ।** दुमका हवाई अड्डे से नियमित वाणिज्यिक विमान सेवा शुरू करने की दिशा में राज्य सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। राज्य मंत्रिमंडल ने दुमका एयरपोर्ट पर विमानन मौसम सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आइएमडी) के साथ एकरारनामा (एमओयू) करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।इस फैसले से एयरपोर्ट को आवश्यक लाइसेंस मिलने और उड़ान सेवाएं शुरू होने का रास्ता और साफ हो गया है।क्षेत्रीय संपर्क योजना (आरसीएस-उड़ान) के तहत




दुमका हवाई अड्डे से रांची, पटना और कोलकाता के लिए नियमित विमान सेवा शुरू करने के प्रस्ताव को केंद्र सरकार पहले ही मंजूरी दे चुकी है। केंद्र सरकार द्वारा एयरपोर्ट के उन्नयन पर लगभग 28.14 करोड़ रुपये खर्च किये गये हैं। इसके तहत टर्मिनल भवन, कंट्रोल टावर, फायर स्टेशन और रनवे सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं का विकास किया गया है। आइएमडी के साथ यह समझौता कॉस्ट रिकवरी के आधार पर किया जायेगा।राज्य सरकार के पास विमानन मौसम सेवाओं के संचालन के लिए आवश्यक तकनीकी मानव संसाधन और उपकरण उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे में आइएमडी एयरपोर्ट पर आवश्यक विशेषज्ञ कर्मियों की तैनाती के साथ मौसम संबंधी उपकरणों की स्थापना और संचालन करेगा। यह समझौता प्रारंभिक तौर पर पांच वर्षों के लिए होगा, जिसे आपसी सहमति से आगे भी बढ़ाया जा सकेगा।

# खान सर के गाड्र्स मेरी हत्या की साजिश रच रहे : रौशन आनंद

एजेंसी

**पटना ।** पटना के चर्चित कोचिंग विवाद में जेल से बाहर आते ही ज्ञान बिंदु के डायरेक्टर रौशन आनंद ने सनसनीखेज दावा किया हैं। जमानत पर रिहा होकर अपने भाई प्रिंस यादव के अंतिम संस्कार में सहरसा पहुंचे आनंद ने सीधा आरोप लगाया कि जेल के भीतर खान सर (फैजल खान) के गाड्र्स उनकी हत्या की साजिश रच रहे थे। उन्होंने जेल प्रशासन की मुस्तैदी को अपनी जान बचने का श्रेय दिया और अब डबल इंजन सरकार से न्याय की गुहार लगाकर खान सर का नार्को टेस्ट करने की मांग की है।



पूरे मामले में रौशन के भाई प्रिंस यादव की नेपाल में हुई संदिग्ध मौत ने विवाद को पेचीदा बना दिया है। रौशन और उनके वकीलों का दावा है कि फैजल और किसान कोल्ड स्टोरेज के मालिक आरएस प्रसाद ने मिलकर साजिश के तहत प्रिंस की हत्या करा दी है। वकीलों के मुताबिक, वे जल्द ही खान सर के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कराएंगे और परिवार ने सच सामने लाने के लिए प्रिंस की डेडबॉडी का फिर पोस्टमार्टम करने की मांग की है।

# भाजपा ने बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने का बनाया रोडमैप, आगामी कार्यक्रमों पर किया मंथन

संवाददाता

**रांची ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में सोमवार को आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों, जनसरोकार से जुड़े अभियानों और पार्टी की भविष्य की कार्ययोजना को लेकर प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने की। बैठक में राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशों के अनुरूप संगठन को और अधिक सक्रिय, मजबूत तथा जनसंपर्क आधारित बनाने पर विस्तृत चर्चा हुई।

बैठक के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री अमर कुमार



बाउरी ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के हालिया झारखंड प्रवास के दौरान मिले मार्गदर्शन और निर्देशों के अनुपालन को लेकर प्रदेश भाजपा पूरी तरह प्रतिबद्ध है। राष्ट्रीय नेतृत्व से मिले संगठनात्मक सूत्रों और राजनीतिक दिशा-निर्देशों के बाद कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में नया उत्साह और ऊर्जा देखने को मिल रही है। बाउरी ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के पदभार ग्रहण करने के बाद संगठनात्मक गतिविधियों को अधिक प्रभावी और परिणाममुखी बनाने के उद्देश्य से मंडल, शक्ति केंद्र, बूथ, जिला और प्रदेश स्तर पर नियमित मासिक बैठकों की व्यवस्था की गई है।

# टीएमसी के 20 बागी सांसदों का एनसीपीआई में विलय

एजेंसी

**कोलकाता/नई दिल्ली ।** तृणमूल कांग्रेस के 20 बागी सांसदों के विलय के बाद नेशनलिस्ट सिटीजन्स पार्टी ऑफ इंडिया (एनसीपीआई) चर्चा में है। रिकॉर्ड के अनुसार, 3 साल पहले 2023 में बंगाल के उत्तिया कुंडू और शेउली कुंडू नाम के कपल ने पार्टी की नींव रखी थी। पार्टी के डॉक्यूमेंट्स में उत्तिया कुंडू पार्टी के अध्यक्ष हैं। पत्नी शेउली का नाम कोषाध्यक्ष के रूप में दर्ज है। एनसीपीआईअध्यक्ष उत्तिया ने 13 मई को फेसबुक पर बंगाल सीएम शुभेंदु अधिकारी के साथ अपनी फोटो शेयर करते हुए उन्हें मुख्यमंत्री बनने पर बधाई दी थी। हावड़ा में एनसीपीआईका ऑफिस है, जहां सोमवार को सुरक्षाबलों की तैनाती दिखी। ऑफिस के गेट पर उत्तिया ने खुद को बंगाली न्यूजपेपर का एडिटर और टीचर बताया है। वहीं उनकी पत्नी शेउली को कलकत्ता हाईकोर्ट की वकील बताया गया है।

एनसीपीआईका रजिस्टर्ड पता पश्चिम बंगाल के हावड़ा के बानीपुर इलाके में है।

# स्वास्थ्य विभाग ने की बोकारो के चार फार्मेसी कॉलेजों की मान्यता समाप्त

संवाददाता

**बोकारो ।** झारखंड में मानकों के विपरीत संचालित हो रहे 33 फार्मेसी कॉलेजों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है।इसमें बोकारो के चार फार्मेसी कॉलेज शामिल है। डिप्लोमा-इन-फार्मेसी परीक्षा समिति ने फार्मेसी कॉलेजों का लेटर ऑफ कंसेंट (सहमति पत्र) रद्द कर दिया है।उनकी मान्यता समाप्त कर दी है।इसमें बोकारो इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एंड हेल्थ साइंसेज जैनामोड़, बोकारो हॉस्पिटल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट कॉलेज ऑफ फार्मेसी बोकारो, एसएस इम्पीरियल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी बोकारो व सार्क स्कूल ऑफ फार्मेसी चास का नाम शामिल है। इसके साथ ही चारों संस्थानों में नये नामांकन, पंजीकरण व अन्य शैक्षणिक गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दिया है।

डिप्लोमा-इन-फार्मेसी परीक्षा समिति के सदस्य सचिव प्रशांत कुमार पांडे ने आदेश जारी किया है।आदेश के अनुसार राज्य सरकार को फार्मेसी कॉलेजों के संचालन में अनियमितताओं की लगातार शिकायतें मिल रही थी।इसके बाद स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग ने राज्यभर के कॉलेजों की जांच करायी। जांच के दौरान संस्थानों में गंभीर खामियां सामने आयी थी।कई कॉलेज फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया के निर्धारित मानकों का पालन किये बिना संचालित हो रहे थे। जांच रिपोर्ट के आधार पर संबंधित कॉलेजों को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया था। स्पष्टीकरण का जवाब संतोषजनक नहीं मिलने पर कार्रवाई की गयी।

## घरेलू महिलाओं को भी आर्थिक मदद की दरकार

देश में घरेलू महिलाओं को भी आर्थिक सबलता का अधिकार प्राप्त होना चाहिए। वह महिलाएं जो नौकरीपेशा नहीं हैं और घर पर रहकर ही अपने बच्चों और परिवार के पोषण के लिए अपना सारा समय लगा देती हैं। उनकी व्यक्तिगत जरूरतों को ध्यान में रखते हुए उन्हें उनके पति द्वारा कुछ धनराशि प्रति माह प्राप्त होनी ही चाहिए। इससे न केवल महिलाओं को सबलता मिलेगी बल्कि घरेलू हिंसा के मामलों में भी कमी आएगी। भारत में लगभग घरेलू दायरे में हिंसा को घरेलू हिंसा कहा जाता है। किसी महिला का शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक, मौखिक, मनोवैज्ञानिक या यौन शोषण किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा किया जाना, जिसके साथ महिला के पारिवारिक सम्बन्ध हैं, घरेलू हिंसा में शामिल है। घरेलू हिंसा के विरुद्ध महिला संरक्षण अधिनियम की धारा-2005 में घरेलू हिंसा को परिभाषित किया गया है।एक गैर सरकारी संस्था के मुताबिक, भारत में लगभग पांच करोड़ महिलाओं को अपने घर में ही हिंसा का सामना करना पड़ता है। इनमें से मात्र 0.1 प्रतिशत ही हिंसा के खिलाफ रिपोर्ट लिखाने आगे आती हैं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण की पुरानी रिपोर्ट के अनुसार, भारत में विवाहित कामकाजी महिलाओं का प्रतिशत 31 प्रतिशत से 32 प्रतिशत के बीच है। 12 मई 2022 की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में 92 फीसद महिलाएं बिना मेहनताना लिए घरेलू काम करती हैं। कुछ महिलाएं जो पढ़ी-लिखी हैं मगर नौकरीपेशा नहीं हैं उन्हें हर वक्त ये बात कचोटती तो अवश्य होगी की काश वो भी औरों की तरह अपनी बुनियादी जरूरतों के लिए ही सही कुछ रुपये कमा सकतीं।चूंकि शिक्षा का व्यक्ति के मानसिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान होता है। और मानसिक विकास हो जाने के बाद व्यक्ति अपना अच्छा-बुरा स्वयं समझ पाता है। ऐसे में किसी मानसिक रूप से विकसित महिला का घर पर रहना कई बार उसकी मजबूरी होती है। कई बार बच्चों के पालन हेतु तो कई बार ससुराल वालों की सहमति से। और मन में चल रहे द्वंद्व का सामना जब महिलाएं नहीं कर पातीं तो डिप्रेशन, हाई बीपी, मधुमेह जैसे रोगों का शिकार हो जाती हैं। इसलिए अगर महिलाओं को सबल बनाना है तो जरूरी नहीं परिवार के दायित्व के साथ उन्हें नौकरीपेशा होने को मजबूर किया जाए। इस समस्या का समाधान है-घरेलू महिलाओं को प्रति माह उनके पति द्वारा कुछ धनराशि का प्रदान किया जाना।भारत में महिला सशक्तिकरण के लिए बहुत से प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसे में जब हम भारत की महिलाओं को देखते हैं तब उनमें सशक्तिकरण केवल स्वयं रोजगार से जुड़ने पर नहीं आता अपितु उनके पास अगर कुछ मात्रा में धन रहे तो खुद ब खुद उस धन को किस तरह से अपने रोजमर्रा की आवश्यकताओं में खर्च करना है यह समझ महिलाओं में आ जाती है। देश में अधिकांश जगहों पर महिलाएं ग्रहणी है और अपना घर संभालती हैं। पर यह हमारी विडंबना है कि हमने अपने घर की महिलाओं को वित्त का अधिकार नहीं दिया ना ही वित्त संबंधी मामलों में हम घर की महिलाओं की सलाह लेते हैं। जबकि हमारी वित्तमंत्री जी स्वयं एक महिला हैं और वो भारत का बजट बनाती हैं।दूसरी तरफ एक वह महिला है जो अपना घर चला रही है पर वह घर के बजट को सही तरीके से चला सकने में सक्षम नहीं है। हम बेटियों को पढ़ाते हैं।

# अमेरिका -ईरान शांति समझौता और बदलती वैश्विक राजनीति

**कांतिलाल मांडोत**

कई महीनों से जारी तनाव और टकराव के बाद अमेरिका और ईरान के बीच संभावित शांति समझौते की खबर ने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। लंबे समय से दोनों देशों के बीच परमाणु कार्यक्रम आर्थिक प्रतिबंध तेल व्यापार और क्षेत्रीय सुरक्षा जैसे मुद्दों को लेकर गहरा विवाद बना हुआ था। इस संघर्ष का प्रभाव केवल अमेरिका और ईरान तक सीमित नहीं रहा बल्कि पूरे विश्व की राजनीति अर्थव्यवस्था और ऊर्जा बाजार पर भी पड़ा। अब यदि प्रस्तावित शांति समझौता सफल होता है तो यह न केवल दोनों देशों के संबंधों में नया अध्याय खोलेगा बल्कि वैश्विक स्थिरता और आर्थिक संतुलन को भी मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

अमेरिका और ईरान के बीच संबंध कई दशकों से तनावपूर्ण रहे हैं। विशेष रूप से ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर अमेरिका लगातार चिंता व्यक्त करता रहा है। अमेरिका का आरोप रहा है कि ईरान परमाणु हथियार बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है जबकि ईरान हमेशा यह दावा करता रहा है कि उसका परमाणु कार्यक्रम केवल शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए है। इसी विवाद के कारण अमेरिका ने ईरान पर अनेक आर्थिक और व्यापारिक प्रतिबंध लगाए जिनका असर ईरान की अर्थव्यवस्था पर गंभीर रूप से पड़ा। तेल निर्यात में कमी विदेशी निवेश की कमी और वित्तीय संकट ने ईरान के विकास को प्रभावित किया।

अब सामने आए शांति समझौते के मसौदे में सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि ईरान ने परमाणु हथियार न बनाने और न ही किसी अन्य तरीके से उन्हें प्राप्त करने का आश्वासन दिया है। इसके साथ ही ईरान अपने उच्च स्तर पर संवर्धित यूरेनियम के संवर्धन को कम करने के लिए भी सहमत हुआ है। यह अमेरिका की प्रमुख मांगों में से एक रही है। यदि इस दिशा में ठोस कदम उठाए जाते हैं तो यह मध्य पूर्व क्षेत्र में परमाणु हथियारों की दौड़ को रोकने में सहायक सिद्ध हो सकता है। इससे क्षेत्रीय सुरक्षा मजबूत होगी और संभावित सैन्य संघर्षों का खतरा भी कम होगा।

इस प्रस्तावित समझौते का एक अन्य महत्वपूर्ण पक्ष होर्मुज जलडमरूमध्य से जुड़ा हुआ है। यह दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री व्यापार मार्गों में से एक माना जाता है। विश्व के कुल तेल व्यापार का एक बड़ा हिस्सा इसी मार्ग से होकर गुजरता है। पिछले कई महीनों से इस क्षेत्र में बढ़ते तनाव और सुरक्षा संबंधी चिंताओं के कारण वैश्विक तेल बाजार में अस्थिरता बनी हुई थी। तेल की कीमतों में लगातार उतार चढ़ाव देखने को मिला जिससे अनेक देशों की अर्थव्यवस्थाएं प्रभावित हुईं। प्रस्तावित समझौते के तहत ईरान ने सभी व्यावसायिक जहाजों के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने पर सहमति जताई है। इसके बदले अमेरिका ईरानी जहाजों और बंदरगाहों पर लगाए गए नौसैनिक प्रतिबंधों को समाप्त करेगा। यदि यह व्यवस्था लागू होती है तो वैश्विक ऊर्जा बाजार को बड़ी राहत मिल सकती है।

समझौते में आर्थिक पहलू भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। रिपोर्टों के अनुसार ईरान को लगभग पच्चीस अरब डॉलर की जमी हुई राशि तक पहुंच मिलने की संभावना है। यह



धनराशि लंबे समय से विभिन्न प्रतिबंधों और अंतरराष्ट्रीय नियंत्रणों के कारण अवरुद्ध रही है। इस राशि की उपलब्धता से ईरान की अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा मिल सकती है। देश में निवेश बढ़ेगा औद्योगिक गतिविधियों को गति मिलेगी और रोजगार के नए अवसर पैदा हो सकते हैं। साथ ही ईरानी तेल पर लगे प्रतिबंधों में ढील मिलने से अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की आपूर्ति बढ़ेगी जिससे कीमतों को स्थिर रखने में सहायता मिल सकती है।

हालांकि इस समझौते को लेकर सभी पक्ष समान रूप से उत्साहित नहीं हैं। ईरान के भीतर इसका विरोध भी तेजी से बढ़ रहा है। कट्टरपंथी संगठनों और कुछ रूढ़िवादी नेताओं का मानना है कि अमेरिका के साथ समझौता करना ईरान की मजबूरी और कमजोरी को दर्शाता है। उनका तर्क है कि लंबे संघर्ष के दौरान जो राजनीतिक और रणनीतिक लाभ ईरान ने प्राप्त किए हैं वे इस समझौते के बाद कमजोर पड़ सकते हैं। विरोधी समूहों ने सरकार और विदेश मंत्रालय के खिलाफ प्रदर्शन की तैयारी भी की है। विशेष रूप से विदेश मंत्री और प्रमुख वार्ताकार अब्बास अराघची आलोचना के केंद्र में हैं क्योंकि वे अमेरिका के साथ बातचीत का नेतृत्व कर रहे हैं। दूसरी ओर ईरान का शीर्ष नेतृत्व इस समझौते के पक्ष में दिखाई दे रहा है। देश के सर्वोच्च नेता राष्ट्रपति विदेश मंत्री संसद अध्यक्ष और सैन्य नेतृत्व लगातार यह संदेश देने का प्रयास कर रहे हैं कि अमेरिका के साथ बातचीत राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखकर की जा रही है। उनका मानना है कि आर्थिक प्रतिबंधों से राहत और अंतरराष्ट्रीय संबंधों में सुधार देश के विकास के लिए आवश्यक है। इसलिए वे इस समझौते को एक व्यावहारिक और दूरदर्शी कदम के रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं।

अमेरिका के लिए भी यह समझौता महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। लंबे समय से अमेरिकी प्रशासन ईरान के परमाणु कार्यक्रम को नियंत्रित करने और मध्य पूर्व में स्थिरता स्थापित करने का प्रयास करता रहा है। यदि ईरान वास्तव में परमाणु गतिविधियों पर नियंत्रण स्वीकार करता है तो यह अमेरिकी कूटनीति की बड़ी सफलता मानी जाएगी। साथ ही इससे अमेरिका को क्षेत्र में अपने सैन्य और राजनीतिक संसाधनों पर पड़ने वाले दबाव को कम करने का अवसर भी मिलेगा।

वैश्विक स्तर पर इस समझौते के प्रभाव दूरगामी हो सकते हैं। ऊर्जा सुरक्षा में सुधार होगा अंतरराष्ट्रीय व्यापार को गति मिलेगी और निवेशकों का विश्वास बढ़ेगा। अनेक देश जो मध्य पूर्व से तेल आयात करते हैं उन्हें स्थिर आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। इसके अलावा क्षेत्रीय संघर्षों में कमी आने से शांति और विकास की संभावनाएं मजबूत होंगी। संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठन भी लंबे समय से ऐसे समाधान की आवश्यकता पर बल देते रहे हैं।

फिर भी समझौते की सफलता पूरी तरह इसके क्रियान्वयन पर निर्भर करेगी। अभी तक हस्ताक्षर की अंतिम तिथि और प्रक्रिया को लेकर स्पष्टता नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि समझौते पर शीघ्र हस्ताक्षर हो सकते हैं जबकि विभिन्न देशों के नेताओं ने भी सकारात्मक संकेत दिए हैं। इसके बावजूद राजनीतिक विरोध तकनीकी जटिलताएं और आपसी अविश्वास जैसी चुनौतियां अभी भी मौजूद हैं। इसलिए यह कहना जल्दबाजी होगी कि सभी बाधाएं पूरी तरह समाप्त हो गई हैं।

अंततः अमेरिका और ईरान के बीच प्रस्तावित शांति समझौता केवल दो देशों के बीच का समझौता नहीं है बल्कि यह वैश्विक राजनीति और अर्थव्यवस्था को प्रभावित करने वाली एक महत्वपूर्ण घटना है। यदि दोनों पक्ष अपने वादों का ईमानदारी से पालन करते हैं तो यह समझौता मध्य पूर्व में स्थायी शांति स्थापित करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम साबित हो सकता है। साथ ही यह दुनिया को यह संदेश भी देगा कि लंबे और जटिल संघर्षों का समाधान संवाद कूटनीति और आपसी समझ के माध्यम से निकाला जा सकता है। आने वाले समय में पूरी दुनिया की निगाहें इस समझौते के अंतिम स्वरूप और उसके परिणामों पर टिकी रहेंगी।

## पाकुड़ की खबरें

### नशा मुक्ति जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता** पाकुड़। जिले में नशा मुक्ति के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सोमवार को समाहरणालय परिसर से विशेष जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उपायुक्त मेघा भारद्वाज, उप विकास आयुक्त अरविन्द कुमार लाल, अनुमंडल पदाधिकारी साईमन मरांडी समेत अन्य अधिकारियों ने संयुक्त रूप से अभियान का शुभारंभ किया।राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में 15 जून से 26 जून 2026 तक विशेष नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत दो जागरूकता रथ जिले के सभी प्रखंडों, पंचायतों, शहरी क्षेत्रों एवं शैक्षणिक संस्थानों का भ्रमण कर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करेंगे।इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि नशापान एक गंभीर सामाजिक समस्या है, जो व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार की खुशहाली और समाज के विकास को प्रभावित करती है। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है तथा जागरूकता ही नशा मुक्ति का सबसे प्रभावी माध्यम है।उन्होंने युवाओं से शिक्षा, खेलकूद और रचनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील करते हुए कहा कि स्वस्थ एवं समृद्ध समाज के निर्माण के लिए नशामुक्त जीवन आवश्यक है। जागरूकता रथों के माध्यम से ऑडियो संदेश, प्रचार सामग्री, जनसंवाद और विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए लोगों को नशे के दुष्परिणामों तथा नशामुक्त जीवन के लाभों की जानकारी दी जाएगी।यह संस्करण स्थानीय समाचार पत्र के लिए उपयुक्त आकार का है।

### श्याम नगर में गंगा जलापूर्ति योजना की शुरुआत, पहला कनेक्शन हुआ चालू

पाकुड़। शहर के वार्ड संख्या 15 श्याम नगर क्षेत्र में गंगा जलापूर्ति योजना की शुरुआत हो गई है। योजना के तहत क्षेत्र के निवासी दीपक मिश्रा के घर पहला घरेलू जल कनेक्शन प्रदान किया गया। इसके साथ ही क्षेत्रवासियों को स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।इस अवसर पर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी अमरेंद्र चौधरी, वार्ड पार्षद चंचल सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### पोलियो अभियान परअर्बन टास्क फोर्स की बैठक

संताल एक्सप्रेस पाकुड़। आगामी राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान की तैयारियों को लेकर नगर परिषद सभागार में अध्यक्ष सबरी पाल की अध्यक्षता में अर्बन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. सुरेंद्र कुमार मिश्रा, कार्यपालक पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार चौधरी समेत स्वास्थ्य विभाग एवं नगर परिषद के अधिकारी मौजूद रहे।बैठक में बताया गया कि 28 से 30 जून तक चलने वाले अभियान के तहत जन्म से पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियोरोधी दवा की खुराक पिलाई जाएगी। पाकुड़ नगर क्षेत्र में 11,679 बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके लिए 66 बूथ बनाए गए हैं तथा 13 सुपरवाइजर तैनात किए गए हैं।सिविल सर्जन ने सभी पात्र बच्चों तक पोलियो की दवा पहुंचाने पर जोर दिया, वहीं नगर परिषद अध्यक्ष ने अभियान की सफलता के लिए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। अधिकारियों ने व्यापक जनजागरूकता और समय पर सभी तैयारियां पूरी करने का निर्देश दिया।

### पंचायत स्तर पर लगे विशेष शिविर लाभुकों को दिये गये प्रमाण पत्र

लिट्टीपाड़ा (पाकुड़)। आमजन को सरकारी सेवाओं का लाभ उनके द्वार तक पहुंचाने के उद्देश्य से सोमवार को लिट्टीपाड़ा प्रखंड की सोनाधानी, बड़ा घघरी, जोरडीहा एवं कुंजबोना पंचायतों में विशेष शिविर आयोजित किए गए। शिविर में स्थानीय निवासी, जाति एवं आय प्रमाण पत्र के आवेदनों का त्वरित निष्पादन कर लाभुकों के बीच प्रमाण पत्र वितरित किए गए।शिविर में दूर-दराज के गांवों से बड़ी संख्या में आदिवासी, आदिम जनजाति एवं अन्य समुदायों के लोग पहुंचे। प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार ने विभिन्न पंचायतों में आयोजित शिविरों का निरीक्षण किया तथा लाभुकों को अपने हाथों से प्रमाण पत्र प्रदान किए। इस दौरान बीडीओ ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि आम नागरिकों को आवश्यक प्रमाण पत्रों के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। विशेष शिविरों के माध्यम से पंचायत स्तर पर ही त्वरित, पारदर्शी और सुलभ सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को काफी राहत मिल रही है।निरीक्षण के दौरान प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी कमल पहाड़िया एवं प्रखंड कृषि पदाधिकारी के.सी. दास भी मौजूद थे। शिविर के सफल संचालन में राजस्व उप निरीक्षक, अंचल निरीक्षक, पंचायत सचिव, पर्यवेक्षक, मुखिया, वार्ड सदस्य एवं अन्य कर्मियों ने सक्रिय सहयोग किया।

### पचवारा कोल क्षेत्र के विस्थापितों ने पुनर्वास मुद्दों पर डीसी के सामने रखी अपनी बात

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

पाकुड़। जिले के आमड़ापाड़ा अंचल स्थित पचवारा कोल ब्लॉक से प्रभावित विस्थापित ग्रामीणों की विभिन्न समितियों के प्रतिनिधियों ने सोमवार को डीसी मेघा भारद्वाज से मिलकर कर विस्थापन एवं पुनर्वास से जुड़े मामलों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की मांग की। इस दौरान प्रतिनिधियों ने कहा कि कोल प्रबंधन और प्रशासन के बीच होने वाली बैठकों एवं वार्ताओं में स्थानीय समितियों को भी शामिल किया जाए, ताकि प्रभावित परिवारों की समस्याएं और मांगें प्रभावी ढंग से सामने रखी जा सकें।



पचवारा सेंट्रल कोल ब्लॉक की ग्राम सुरक्षा विस्थापित कार्य समिति तथा पचवारा नॉर्थ कोल ब्लॉक की अनुश्रवण एवं नियंत्रण कार्य समिति के सदस्यों ने बताया कि परियोजना क्षेत्र से जुड़े विस्थापन, पुनर्वास, रोजगार और मूलभूत सुविधाओं जैसे मुद्दों पर चर्चा के दौरान स्थानीय प्रतिनिधियों की उपस्थिति आवश्यक है। उनका कहना था कि क्षेत्र की वास्तविक स्थिति और ग्रामीणों की समस्याओं से समितियां भली-भांति परिचित हैं।समिति के अध्यक्ष रंजन मरांडी ने कहा कि कोल प्रबंधन द्वारा प्रभावित परिवारों को विभिन्न बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं तथा भूमि अधिग्रहण के बदले मुआवजा भी दिया जा रहा है। वहीं अनुश्रवण एवं नियंत्रण कार्य समिति के अध्यक्ष सुरेश टुडू ने कहा कि हाल के दिनों में समाहरणालय के समक्ष हुए धरना-प्रदर्शन में कुछ लोगों ने ग्रामीणों को भ्रमित कर शामिल कराया था। उन्होंने दावा किया कि अधिकांश विस्थापित ग्रामीण कोल प्रबंधन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं से संतुष्ट हैं।प्रतिनिधियों ने डीसी को ज्ञापन सौंप कर क्षेत्र में उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं और अपनी मांगों से अवगत कराया। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने उनकी बातों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि मांगों पर नियमानुसार विचार किया जाएगा। समिति सदस्यों ने कहा कि वार्ताओं में उनकी भागीदारी से पारदर्शिता बढ़ेगी और प्रभावित परिवारों के हितों की बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित हो सकेगी। मौके पर समिति के प्रधान सोरेन, वकील टूडू, मुंसी टूडू,राजू मुर्मू, रस्का किस्कू सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

### दहेज प्रताड़ना मामले में दोषी पिता-पुत्र गिरफ्तार

महेशपुर (पाकुड़)। दहेज प्रताड़ना के एक मामले में दोषसिद्ध दो अभियुक्तों को महेशपुर थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। दोनों आरोपियों को माननीय अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, पाकुड़ की अदालत द्वारा दोषी ठहराया गया था।गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान नारायणपुर निवासी गुपीन उर्फ गोपीन किस्कू (66) एवं उसके पुत्र सुभाष किस्कू (36) के रूप में हुई है। दोनों के खिलाफ जीआर संख्या 94/21 में भारतीय दंड संहिता की धारा 498ए/34 तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/4 के तहत मामला दर्ज था।मामले की सुनवाई के बाद न्यायालय ने दोनों को दोषी करार दिया था। वारंट जारी होने के पश्चात महेशपुर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों अभियुक्तों को उनके घर से गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तारी के बाद दोनों का मेडिकल परीक्षण कराया गया तथा आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर अंगुलचिह्न लेने के लिए उन्हें न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। पुलिस ने बताया कि न्यायालय के निर्देशानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।थाना पुलिस ने कहा कि दहेज प्रताड़ना जैसे मामलों में कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जा रही है और दोषियों को किसी भी

### भाजपा ने दिनेश विलयम मरांडी को बनाया प्रदेश प्रवक्ता

संताल एक्सप्रेस संवाददाता पाकुड़। भारतीय जनता पार्टी ने लिट्टीपाड़ा विधानसभा के पूर्व विधायक एवं युवा आदिवासी नेता दिनेश विलयम मरांडी को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देते हुए झारखंड प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया है। उनके प्रदेश प्रवक्ता बनाए जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी का माहौल है।दिनेश विलयम मरांडी भाजपा संगठन में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। वे लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं और आदिवासी समाज से जुड़े विभिन्न मुद्दों को मजबूती से उठाने के लिए जाने जाते हैं।उनकी नियुक्ति को पार्टी द्वारा संगठन को मजबूत करने और जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से जनता के बीच रखने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। नियुक्ति की जानकारी मिलते ही जिले के भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी हैं।प्रदेश प्रवक्ता बनने के बाद दिनेश विलयम मरांडी ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका वह पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे तथा पार्टी की नीतियों और जनहित के मुद्दों को मजबूती से जनता के बीच रखने का कार्य करेंगे।

### पंचायतों में लगे विशेष प्रमाण-पत्र शिविर, आमजनों को मिल रही है राहत

**पाकुड़।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज के निर्देश पर जिले के सभी प्रखंडों में 15 से 17 जून तक पंचायतवार विशेष प्रमाण-पत्र शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। शिविरों में स्थानीय निवासी, जाति एवं आय प्रमाण-पत्र से संबंधित आवेदनों का त्वरित निष्पादन किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित इन शिविरों में बड़ी संख्या में लोग पहुंचकर आवेदन जमा कर रहे हैं और सरकारी सेवाओं का लाभ उठा रहे हैं। कई मामलों में ऑन-द-स्पॉट जांच एवं सत्यापन कर प्रमाण-पत्र जारी किए जा रहे हैं, जिससे लोगों को कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत मिल रही है।जिले के वरीय पदाधिकारी विभिन्न पंचायतों में पहुंचकर शिविरों का निरीक्षण कर रहे हैं तथा प्राप्त आवेदनों के गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निष्पादन का निर्देश दे रहे हैं। उपायुक्त ने आमजनों से अधिक से अधिक संख्या में शिविरों का लाभ उठाने की अपील करते हुए कहा कि जिला प्रशासन पंचायत स्तर पर ही सरल, सुलभ और पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।हेडिंग- विशेष प्रमाण-पत्र शिविरों से ग्रामीणों को राहत, पंचायत स्तर पर हो रहा त्वरित निष्पादन

### पंचायत स्तर पर लगा विशेष राजस्व शिविर, लाभुकों को मिले प्रमाण पत्र



महेशपुर (पाकुड़)। आम लोगों को राजस्व संबंधी सेवाएं पंचायत स्तर पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सोमवार को शहरग्राम पंचायत भवन सहित कई पंचायतों में विशेष राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जाति, निवास एवं आय प्रमाण पत्र के आवेदनों का त्वरित निष्पादन कर लाभुकों को प्रमाण पत्र उपलब्ध कराए गए।अंचल अधिकारी के आदेश के आलोक में 15, 16 और 17 जून तक महेशपुर अंचल क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों में विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। सोमवार को शहरग्राम पंचायत भवन के अलावा पोखरिया, गायबथान, असकंधा एवं भेटाटोला पंचायत भवन में भी शिविर आयोजित किया गया।शहरग्राम पंचायत भवन में बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी समस्याओं और आवेदनों के साथ पहुंचे। अंचल की टीम ने दस्तावेजों की जांच कर पात्र लाभार्थियों के प्रमाण पत्रों का शीघ्र निष्पादन किया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी सिद्धार्थ शंकर यादव एवं अंचल अधिकारी संजय सिन्हा ने संयुक्त रूप से कई लाभुकों को जाति, निवास और आय प्रमाण पत्र वितरित किए।अंचल अधिकारी संजय सिन्हा ने कहा कि सरकार की मंशा है कि लोगों को प्रमाण पत्र बनवाने के लिए बार-बार प्रखंड या अंचल कार्यालय का चक्कर न लगाना पड़े। इसी उद्देश्य से पंचायत स्तर पर विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने लोगों से दलालों के झांसे में नहीं आने और सरकारी शिविरों का सीधा लाभ उठाने की अपील की।शिविर के आयोजन से ग्रामीणों में खुशी देखी गई। लोगों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए इसे जनहित में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम बताया।

### अमड़ापाड़ा में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम



पाकुड़। सोमवार को सड़क सुरक्षा एवं जीवन रक्षा अभियान के तहत अमडापाड़ा प्रखंड नअंतर्गत आलूबेड़ा एवं पाछूवाड़ा पंचायत में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों को अंचल अधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा जिला परिवहन पदाधिकारी ने सड़क सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। अधिकारियों ने लोगों से यातायात नियमों का पालन करने, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का उपयोग करने तथा निर्धारित गति सीमा का पालन करने की अपील कीतथा नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने और किसी भी वाहन की छत या ऊपर बैठकर यात्रा नहीं करने की सलाह देते हुए कहा कि सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए आमजन की सहभागिता आवश्यक है।इस अवसर पर जिला परिवहन पदाधिकारी, अंचल अधिकारी आम्रपाड़ा, प्रखंड विकास पदाधिकारी आम्रपाड़ा, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक, आलूबेड़ा एवं पाछूवाड़ा पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव तथा पंचायत सेवक उपस्थित थे।

### शादी का झांसा देकर यौन शोषण का आरोपी गिरफ्तार

महेशपुर (पाकुड़)। थाना क्षेत्र अंतर्गत रद्दीपुर ओपी के महुलबोना गांव निवासी एक 30 वर्षीय युवक्ति ने असम के बरपाता गांव निवासी युवक पर शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।पीड़िता द्वारा महेशपुर थाना में दिए गए आवेदन के अनुसार, वह करीब डेढ़ वर्ष पूर्व काम के सिलसिले में तमिलनाडु गई थी, जहां उसकी पहचान असम के बरपेटा निवासी नूर आलम इस्लाम से हुई। दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं और आरोपी ने शादी का वादा कर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए।

### डीसी ने 11 पदाधिकारियों को सौंपी नई जिम्मेदारी 48 घंटे में प्रभार हस्तांतरण का दिया निर्देश

**संताल एक्सप्रेस पाकुड़।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने जिला प्रशासनिक कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिले में पदस्थापित 11 पदाधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी हैं। इस संबंध में सोमवार अपराह्न आदेश जारी किया गया।जारी आदेश के अनुसार अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन को जिला स्थापना उप समाहर्ता का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। जिला पंचायत राज पदाधिकारी प्रीतिलता मुर्मू को ग्रामीण विकास शाखा एवं जिला जनसंपर्क शाखा का प्रभारी पदाधिकारी बनाया गया है। वहीं जिला आपूर्ति पदाधिकारी कुमार अभिषेक सिंह को जिला विकास शाखा एवं विधि शाखा का प्रभार सौंपा गया है।जिला परिवहन पदाधिकारी मोहम्मद मुजाहिद अंसारी को उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी अमित कुमार को जिला योजना एवं विशेष कार्य पदाधिकारी (गोपनीय शाखा) का दायित्व दिया गया है। कार्यपालक दंडाधिकारी विकास कुमार त्रिवेदी को जिला अवर निबंधक एवं जिला नजारत उप समाहर्ता, जबकि कार्यपालक दंडाधिकारी गोपाल कृष्ण कुंवर को जिला अभिलेखागार का प्रभारी पदाधिकारी बनाया गया है।इसके अलावा कार्यपालक दंडाधिकारी कांति रश्मि को सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग, कार्यपालक दंडाधिकारी त्रिभुवन कुमार सिंह को प्रभारी पदाधिकारी अनुमंडल नीलाम पत्र शाखा, जिला खेल पदाधिकारी राहुल कुमार को जिला पर्यटन कार्यालय तथा पणन सचिव बाजार समिति संजय कच्छप को जिला जन शिकायत कोषांग का प्रभारी पदाधिकारी नियुक्त किया गया है।

### चोरी के आरोप में युवक गिरफ्तार

पाकुड़। नगर थाना पुलिस ने चोरी के एक मामले में आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के तिलभिट्ठा निवासी आजहारूल शेख उर्फ मिरु शेख के रूप में हुई है।जानकारी के अनुसार, मालीपाड़ा निवासी मरांग मरांडी के लिखित आवेदन के आधार पर नगर थाना में कांड संख्या 145/26 दर्ज किया गया था।

**पूर्व रेलवे**

ई-नीलामी नेवता खोबोर

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 अनुबंध एमोक् लागित् ते वेबसाइट **www.ireps.gov.in** मेताक्मे आईआरईपीएस पोर्टल दाराय ते ई-नीलामी नेवतायेत् काना। नोआ रेयाक् बानाडाय दो नोडका लेका मेनाक्आ: **कैटलॉग संख्या: एएसएन-एमएसएस-24-06। नीलामी एहोबोक् रेयाक् तारीक आर सोमोय:** 24.06.2026 हिलोक् तिकिन 12:00 बजे। **क्रम संख्या; एसईक्यू.संख्या; लॉट संख्या आर बानाडाय** दो नोडका लेका मेनाक्आ: **1;** एए/1; **एमएसएस-एएसएन-जीआरडी-एसएलपीओडी-165-26-1** (मिसलेनियस-स्टैटिक-सर्विसेज-स्लीपिंग पॉड्स एट स्टेशन) आर गिरिडीह (जीआरडी) रेलवे स्टेशन रे 05 बोछोर सोमोय लागित् स्लीपिंग पॉड लाहान्तीय, चालाव-बानाव आर ञेलजोतोन लागित् अनुबंध। **2;** एए/2; **एमएसएस-एएसएन-डीजीआर-एसएलपीओडी-163-26-1** (मिसलेनियस-स्टैटिक-सर्विसेज- स्लीपिंग पॉड्स एट स्टेशन) आर दुर्गापुर रेलवे स्टेशन रे 05 बोछोर सोमोय लागित् स्लीपिंग पॉड लाहान्तीय, चालाव-बानाव आर ञेलजोतोन रेयाक् अनुबंध। **3;** एबी/1; **एमएसएस-एएसएन-डीजीएचआर-एमएसीएचआर-31-25-1** (मिसलेनियस-स्टैटिक-सर्विसेज-रिलैक्सेशन चेयर) आर देवघर स्टेशन रेयाक् प्लेटफॉर्म नंबर 01 रे स्केच प्लान रे उदुक् आकात् निट जायगा रे रिलैक्सेशन चेयर बाइसाउ आर चालाव-बानाव। 4; **एबी/2; एमएसएस-एएसएन-डीजीआर-एमएसीएचआर-116-25-1** (मिसलेनियस-स्टैटिक-सर्विसेज-रिलैक्सेशन चेयर) आर रफस्केच प्लान लेका रे नॉर्थ साइड बुकिंग ऑफिस ठेन रिलैक्सेशन चेयर बाइसाउ आर चालाव-बानाव। **5;** एबी/3; **एमएसएस-एएसएन-एएसएनजे-एमएसीएचआर-44-25-1** (मिसलेनियस-स्टैटिक-सर्विसेज-रिलैक्सेशन चेयर) आर आसनसोल स्टेशन रेयाक् प्लेटफॉर्म नंबर 2 रे रिलैक्सेशन चेयर बाइसाउ आर चालाव-बानाव। **6;** एसी/1; **एमएसएस-एएसएन-डीयूएमके-एमईडीएसटीएन-158-26-1** (मिसलेनियस-स्टैटिक-सर्विसेज-मेडिकल फैसिलिटीज एट स्टेशन) आर दुमका स्टेशन रे मेडिकल स्टोर बाइसाउ आर चालाव-बानाव। **7;** एडी/1; **एमएसएस-एएसएन-डीजीआर-एसएस-32-25-1** (मिसलेनियस-स्टैटिक-सर्विसेज-सलॉन सर्विसेज) आर दुर्गापुर स्टेशन रेयाक् सर्कुलेटिंग एरिया रे रफ स्केच प्लान रे उदुक् आकात् जायगा रे सलॉन सेवाको बाइसाउ आर चालाव-बानाव। **8;** एडी/2; **एमएसएस-एएसएन-डीयूएमके-एसएस-115-25-1** (मिसलेनियस-स्टैटिक-सर्विसेज-सलॉन सर्विसेज) आर दुमका स्टेशन रे सलॉन सेवाको बाइसाउ आर चालाव-बानाव। **9;** एई/2; **एमएसएस-एएसएन-आरएनजी-एसटीजीईएन-149-26-2** (मिसलेनियस-स्टैटिक-सर्विसेज-स्टैटिक जनरल) आर रानीगंज स्टेशन रे स्केच प्लान लेका रे रिटेल स्टोर बाइसाउ आर चालाव-बानाव (क्षेत्रफल 150 वर्ग फुट)। **10;** एई/3; **एमएसएस-एएसएन-डीजीआर-एसटीजीईएन-137-26-2** (मिसलेनियस-स्टैटिक-सर्विसेज-स्टैटिक जनरल) आर दुर्गापुर रेलवे स्टेशन रे रिटेल स्टोर बाइसाउ, चालाव-बानाव आर ञेलजोतोन।**11;** एई/4; **एमएसएस-एएसएन-जेएसएमई-एसटीजीईएन-169-26-1** (मिसलेनियस-स्टैटिक-सर्विसेज-स्टैटिक जनरल) आर जसीडीह रेलवे स्टेशन रेयाक् नावां सर्कुलेटिंग एरिया रे 03 बोछोर सोमोय लागित् रिटेल स्टोर बाइसाउ, चालाव-बानाव आर ञेलजोतोन। **12;** एई/5; **एमएसएस-एएसएन-जेएसएमई-एसटीजीईएन-150-26-1** (मिसलेनियस-स्टैटिक-सर्विसेज-स्टैटिक जनरल) आर जसीडीह, बैद्यनाथ धाम आर देवघर स्टेशन रे ऐप-आधारित कैब/बाइक बुकिंग किऑस्क बाइसाउ, चालाव-बानाव आर ञेलजोतोन; मिमित् रेयाक् क्षेत्रफल 36 वर्ग फुट (नोआ कैटलॉग सालाक् रे सेलेत् आकात् रफ स्केच प्लान लेका रे)। **13;** एई/6; **एमएसएस-एएसएन-सीएएम-एसटीजीईएन-148-26-1** (मिसलेनियस-स्टैटिक-सर्विसेज-स्टैटिक जनरल) आर एमडीजेडटीआई/भूली धनबाद रे सेलेत् आकात् स्केच प्लान रे निट आकात् जायगा रे रिटेल स्टोर बाइसाउ, चालाव-बानाव आर ञेलजोजोन [क्षेत्रफल: 120 वर्ग फुट (6 फुट X 20 फुट)]। मोने मेनाक् जोतो बोलीदाताको नोआ सोलहा एमावाको काना जे ओनको दो पुराउ बानाडाय दो वेबसाइट **www.ireps.gov.in** को ञेलमा आर अनुसूची लेका रे चेतान रे लाइ आकान ई-नीलामी लेका रे सेलेदोक्पे।

(ASN-137/2026-27)

ठिका खोबोर दो वेबसाइट: **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** रे हों बेबोसता आकान मेनाक्आ।

नोंडे पांजालेपे: @EasternRailway easternrailwayheadquarter

# लंबित सेवा मामलों का करें शीघ्र निष्पादन : डीसी

## एसीपी, एमएसीपी, प्रोन्नति और सेवा संपुष्टि मामलों की समीक्षा, लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी




**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** सोमवार को समाहरणालय कक्ष में जिला स्क्रीनिंग सह स्थापना समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया की अध्यक्षता में हुई बैठक में सरकारी कर्मियों से जुड़े विभिन्न लंबित सेवा मामलों की अद्यतन स्थिति की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक के दौरान वित्तीय उन्नयन से संबंधित एसीपी और एमएसीपी, सेवा संपुष्टि, वरिष्ठता निर्धारण तथा प्रोन्नति मामलों की प्रगति का आकलन किया गया। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कर्मचारियों के सेवा लाभ और अधिकारों से जुड़े सभी मामलों का निष्पादन पूरी पारदर्शिता, नियमों के अनुरूप और निर्धारित समय सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए। समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने प्रशासनिक कार्यशैली में सुधार और जवाबदेही पर विशेष जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सरकारी कार्यों में किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब, ढिलाई या लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। सेवा संबंधी मामलों को लंबित रखने या कार्य में शिथिलता बरतने वाले जिम्मेदार कर्मियों और अधिकारियों के विरुद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त ने कहा कि कर्मचारियों के लंबित मामलों का समय पर निष्पादन न केवल प्रशासनिक दक्षता को बढ़ाता है, बल्कि कर्मियों के मनोबल को भी मजबूत करता है। इसलिए सभी विभाग निर्धारित समय सीमा के भीतर लंबित मामलों का निपटारा सुनिश्चित करें। बैठक में अपर समाहर्ता हीरा कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी रवि कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी राजीव कुमार, जिला स्थापना उपसमाहर्ता, जिला कल्याण पदाधिकारी, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी और स्थापना शाखा के कर्मी उपस्थित थे।

## ट्रांसजेंडर समुदाय को योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने पर जोर

**देवघर।** सामाजिक सुरक्षा और बाल संरक्षण से जुड़ी योजनाओं को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से सोमवार को समाहरणालय सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया की अध्यक्षता में हुई बैठक में विभागीय योजनाओं की प्रगति, बाल संरक्षण व्यवस्था और सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिला बाल संरक्षण इकाई को और अधिक सशक्त बनाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि यूनिट में रिक्त पड़े सभी पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया जल्द पूरी की जाए, ताकि विभागीय कार्यों में तेजी आए और बच्चों से जुड़ी सेवाएं प्रभावी ढंग से संचालित हो सकें। समीक्षा के क्रम में जिले में कार्यरत सरकारी संस्थाओं और गैर-सरकारी संगठनों की गतिविधियों का भी बिंदुवार आकलन किया गया। उन्होंने कहा कि बच्चों के संरक्षण और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ पूरी पारदर्शिता के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। इसके लिए विभागीय अधिकारियों को जवाबदेही के साथ काम करने की आवश्यकता है। उपायुक्त ने जिले में ट्रांसजेंडर समुदाय को मिलने वाली पेंशन और अन्य सरकारी सुविधाओं की भी विशेष समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस वंचित वर्ग को सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा के उपलब्ध कराया जाए और किसी भी पात्र व्यक्ति को योजना से वंचित न रहने दिया जाए।

# कोर्ट के आदेश पर खाली कराया गया मकान विरोध के बीच चला निष्पादन अभियान

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** जिले के जसीडीह थाना क्षेत्र स्थित आसाम रोड में वर्षों से चले आ रहे मकान कब्जा विवाद का आखिरकार न्यायालय के आदेश पर पटाक्षेप हो गया। सिविल कोर्ट के निर्देश पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी की निगरानी में प्रशासन और पुलिस की टीम ने मकान को खाली कराकर मकान मालिक को कब्जा दिलाया। कार्रवाई के दौरान कब्जाधारी पक्ष ने विरोध भी जताया, लेकिन पुलिस की मौजूदगी में निष्पादन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई। जानकारी के अनुसार, आसाम रोड स्थित उक्त मकान को मुन्ना शर्मा ने कई वर्ष पहले किराए पर लिया था। आरोप है कि कुछ समय तक नियमित रूप से किराया देने के बाद उसने मकान खाली करने से इनकार कर दिया और उस पर अवैध रूप से कब्जा बनाए रखा। इसको लेकर मकान मालिक बैद्यनाथ शर्मा ने वर्ष 2024 में न्यायालय की शरण ली थी और मकान खाली कराने के लिए वाद दायर किया था। मामले की सुनवाई के बाद न्यायालय ने मकान मालिक के पक्ष में फैसला सुनाते हुए मकान खाली कराने का आदेश दिया। इसी आदेश के आलोक में सोमवार को प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस बल की मौजूदगी में निष्पादन की कार्रवाई की गई। कार्रवाई शुरू होते ही कब्जाधारी पक्ष के लोगों ने विरोध जताया। परिवार के कुछ सदस्य मकान के दरवाजे पर बैठ गए और कार्रवाई रोकने की कोशिश की। अधिकारियों ने पहले उन्हें समझाने का प्रयास किया, लेकिन जब वे नहीं माने तो पुलिस की सहायता से मकान को खाली कराया गया। पूरे अभियान के दौरान सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रही। मौके पर एसआई योगेंद्र कुमार, एएसआई रामानुज मिश्रा समेत कई पुलिसकर्मी तैनात रहे। प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए शांतिपूर्ण ढंग से निष्पादन की कार्रवाई पूरी की गई।

# रेलवे मजिस्ट्रेट ने चैकिंग अभियान चलाकर वसूला जुर्माना

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**मधुपुर ।** सोमवार को रेलवे प्रशासन की ओर से विशेष अभियान चलाते हुए रेलवे न्यायिक मजिस्ट्रेट विवेक राज के नेतृत्व में झाझा, जसीडीह जंक्शन रेलवे स्टेशन से लेकर चित्तरंजन रेलवे स्टेशन तक विभिन्न ट्रेनों में 18622अप हटिया पटना पाटलिपुत्र एक्सप्रेस,12024डाउन पटना हावड़ा जनशताब्दी एक्सप्रेस, 12303अप हावड़ा नई दिल्ली पूर्वा एक्सप्रेस 17322 वास्कोडिगामा एक्सप्रेस में चलाया गया, जिसमें



बड़ी संख्या में बिना टिकट और अनियमित यात्रा करने वाले यात्रियों पर कार्रवाई की गई। रेलवे सूत्रों के अनुसार सोमवार को हुई इस विशेष रेलवे मजिस्ट्रेट चेकिंग के दौरान बिना टिकट यात्रा करने वाले, गलत श्रेणी में यात्रा करने वाले,दिव्यांग महिला बोगी समेत प्लेटफॉर्म टिकट के बिना प्लेटफॉर्म पर मौजूद लोग तथा रेलवे नियमों का उल्लंघन करने वाले यात्री शामिल थे। चेकिंग अभियान के दौरान मौके पर ही मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में कार्रवाई की गई और यात्रियों से जुर्माना वसूला गया। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान यात्रियों को जागरूक करने और रेलवे में बिना टिकट यात्रा पर रोक लगाने के उद्देश्य से चलाया गया था। रेलवे प्रशासन ने कहा कि आगे भी समय-समय पर इस तरह की मजिस्ट्रेट चेकिंग जारी रहेगी।

## गीता कॉन्टेस्ट में देवघर के आदित्य पांडे प्रथम




**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** मूल्य शिक्षा पर आधारित 'गीता कॉन्टेस्ट' प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन इस्कॉन देवघर द्वारा किया गया,जिसमें जिले के लगभग सभी सरकारी एवं गैर-सरकारी विद्यालयों के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस प्रतियोगिता में आर मित्रा स्कूल के छात्र आदित्य पांडे ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देवघर जिला में प्रथम स्थान प्राप्त किया। आदित्य पांडे, नीलकंठ विहार हनुमान पथ निवासी अजीत पांडे के पुत्र हैं। उनकी इस उपलब्धि पर उन्हें बेंगलुरु स्थित इसरो संस्थान में आमंत्रित किया गया, जहां देशभर के विभिन्न जिलों के टॉपर्स को अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिला। इस दौरान आदित्य ने वैज्ञानिक गतिविधियों को करीब से देखा और महत्वपूर्ण जानकारियां हासिल कीं। इसरो में अनुभव प्राप्त करने के बाद बेंगलुरु के इस्कॉन शेषाद्रीपुरम में आयोजित कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। यहां इसरो प्रमुख सोमनाथ के हाथों आदित्य सहित सभी विजेताओं को पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। आदित्य पांडे की इस उपलब्धि से देवघर जिले में हर्ष का माहौल है। शिक्षकों, अभिभावकों और स्थानीय लोगों ने इसे जिले के लिए गर्व का क्षण बताया है और आदित्य के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## जियाखाड़ा पुलिया के पास पलटी थार, हादसा टला

**देवघर।** जिले के सारवां-सारठ मुख्य सड़क पर मंगलवार को एक तेज रफ्तार थार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसा जियाखाड़ा मनिगढ़ी पुलिया के समीप हुआ। दुर्घटना में वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, लेकिन चालक की जान बाल-बाल बच गई। घटना के बाद कुछ देर के लिए इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मिली जानकारी के अनुसार, पश्चिम बंगाल के आसनसोल से देवघर हवाई अड्डा की ओर जा रही थार (डब्ल्यूबी 37 जे 0032) अचानक चालक का नियंत्रण खो बैठी। संतुलन बिगड़ने के बाद वाहन सड़क किनारे झाड़ियों को रौंदते हुए पलट गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसा इतना अचानक हुआ कि आसपास के लोग कुछ समझ पाते, उससे पहले ही वाहन सड़क से नीचे जा चुका था। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना की पुलिस हरकत में आ गई। एसआई अमरेश सोलंकी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त थार को अपने कब्जे में लेकर जब्त कर लिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक तौर पर वाहन के अनियंत्रित होने की बात सामने आई है। हालांकि, राहत की बात यह रही कि इस दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई और चालक सुरक्षित बच गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ काफी देर तक घटनास्थल पर जुटी रही।

## यात्री सुविधा दिवस पर देवघर एयरपोर्ट में रक्तदान शिविर



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** यात्री सुविधा दिवस के अवसर पर देवघर हवाई अड्डा (भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण) और इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, देवघर के संयुक्त तत्वावधान में टर्मिनल भवन परिसर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य मानव जीवन की रक्षा और समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम में एयरपोर्ट के अधिकारियों,सुरक्षाकर्मियों और स्थानीय सहयोगियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा कुल 9 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। शिविर का सबसे प्रेरणादायक क्षण तब आया जब 18 वर्षीय वंशिका जायसवाल ने पहली रक्तदाता के रूप में अपने जीवन का पहला रक्तदान किया। वे रेड क्रॉस सोसाइटी की आजीवन सदस्य भी हैं। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष पूरे करने के बाद पहला रक्तदान करना उनके लिए गर्व और भावुक पल है तथा उन्होंने युवाओं से रक्तदान के लिए आगे आने की अपील की। रक्तदान करने वालों में दिलीप कुमार, शिवम कुमार यादव, रविकांत कुमार, रोहित दत्ता, प्रीतम भारती, राकेश कुमार, रंजीत कुमार और महेश कुमार शामिल रहे। कार्यक्रम में विमानपत्तन निदेशक जॉय बनर्जी, टर्मिनल प्रबंधक सूर्य, सोनाली प्रिया और नूतन प्रकाश सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं रेड क्रॉस की ओर से चेयरमैन जितेश राजपाल, वाइस चेयरमैन पीयूष जायसवाल समेत अन्य सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अधिकारियों ने इसे सामाजिक जिम्मेदारी का महत्वपूर्ण कदम बताते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजन जारी रखने की बात कही।

## लायंस क्लब के सेवा कार्यों की हुई समीक्षा




**मधुपुर ।** शहर के एक स्थानीय होटल के सभागार में लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 322ए के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ लायन संजय कुमार का लायंस क्लब ऑफ मधुपुर में आधिकारिक दौरा संपन्न हुआ। इस दौरान उन्होंने क्लब द्वारा वर्षभर में किए गए सेवा कार्यों की समीक्षा की तथा आगामी योजनाओं और परियोजनाओं की जानकारी प्राप्त की।डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ने क्लब सदस्यों को समाज सेवा के क्षेत्र में और अधिक सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करते हुए लायंस इंटरनेशनल के उद्देश्यों और मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।क्लब अध्यक्ष लायन प्रेम पाठक ने कहा कि लायंस क्लब ऑफ मधुपुर हमेशा मानव सेवा और जरूरतमंदों की सहायता के लिए समर्पित रहा है तथा भविष्य में भी विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का संचालन करता रहेगा। कार्यक्रम में पीएमजेएफ लायन डॉ. अरुण गुटगुटिया, उपाध्यक्ष लायन सुमंत गुटगुटिया, सचिव लायन विजय आनंद लच्छीरामका, सह-सचिव लायन राजेश तिवारी, कोषाध्यक्ष लायन रामानुज मिश्रा, सेवा अध्यक्ष लायन महेश बथवाल सहित क्लब के कई सदस्य उपस्थित थे। सभी ने डिस्ट्रिक्ट गवर्नर का स्वागत किया और क्लब की गतिविधियों व भावी योजनाओं पर चर्चा की। अंत में क्लब की ओर से उनका अभिनंदन करते हुए आभार व्यक्त किया गया।

# सांसद की पहल और निगम के आश्वासन से खत्म हुई हड़ताल कर्मचारी कल्याण कोष में हर साल 25 लाख रुपये देने की घोषणा



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघरः** नगर निगम के दैनिक वेतनभोगी और सफाई कर्मियों की हड़ताल सोमवार को समाप्त हो गई। कर्मचारियों की मांगों पर नगर निगम प्रशासन और कर्मचारी संगठन के बीच हुई वार्ता के साथ-साथ सांसद निशिकांत दुबे की पहल ने गतिरोध खत्म करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके बाद कर्मचारियों ने तत्काल प्रभाव से काम पर लौटने का निर्णय लिया। नगर निगम द्वारा जारी पत्र के अनुसार, झारखंड लोकल बॉडीज इम्प्लॉइज फेडरेशन के अध्यक्ष संजय मंडल ने आश्वासन दिया कि सभी हड़ताली कर्मचारी अपने-अपने कार्यस्थलों पर लौटेंगे और भविष्य में बिना अनुमति कार्य बाधित करने या हड़ताल की स्थिति उत्पन्न नहीं करेंगे। इसके बदले निगम प्रशासन ने कर्मचारियों की प्रमुख मांगों पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए कई महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं। निगम ने उपलब्ध आंतरिक राजस्व संसाधनों के आधार पर प्रत्येक माह की 15 तारीख तक मानदेय भुगतान सुनिश्चित करने का प्रयास करने का भरोसा दिया है। वहीं लंबित ईपीएफ और पीएफ अंशदान के भुगतान के लिए चरणबद्ध व्यवस्था लागू करने तथा तीन माह के भीतर पहली किस्त जमा कराने की बात कही गई है। इसके अलावा श्रम विभाग की अधिसूचनाओं और निगम की वित्तीय क्षमता को ध्यान में रखते हुए मानदेय वृद्धि पर भी सहानुभूतिपूर्वक निर्णय लेने का आश्वासन दिया गया है। इसी बीच सांसद निशिकांत दुबे ने सफाई कर्मियों के कल्याण के लिए अपने निजी संसाधनों से प्रतिवर्ष 25 लाख रुपये कर्मचारी कल्याण कोष में देने की घोषणा की। सोशल मीडिया पर जारी संदेश में उन्होंने कहा कि यूनियन नेतृत्व के साथ हुई बातचीत के बाद हड़ताल समाप्त करने पर सहमति बनी है।

# आधुनिक कचरा वाहनों से शहर की सफाई व्यवस्था होगी मजबूत

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** शहर की स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर बनाने की दिशा में जिला प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में नियमित, सुचारू और वैज्ञानिक तरीके से कचरा प्रबंधन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सोमवार को समाहरणालय परिसर से तीन नए स्वचालित सीएनजी कचरा संग्रहण वाहनों को रवाना किया गया। उपायुक्त



सौरभ कुमार भुवानिया ने हरी झंडी दिखाकर इन वाहनों को वार्डों के लिए रवाना किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने नगर निगम और एमएसडब्ल्यूएम के अधिकारियों को निर्देश दिया कि आधुनिक तकनीक से लैस इन वाहनों के माध्यम से शहर में त्वरित और अधिकतम कचरा उठाव सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि इन वाहनों के सड़क पर उतरने से सफाई व्यवस्था में सुधार होगा और नागरिकों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।

मीडिया से बातचीत करते हुए उपायुक्त ने कहा कि शहर को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाने की दिशा में ये वाहन मील का पत्थर साबित होंगे। पर्यावरण के अनुकूल सीएनजी ईंधन से संचालित ये वाहन न केवल प्रदूषण कम करेंगे, बल्कि कचरा संग्रहण की क्षमता भी बढ़ाएंगे। जहां पहले इस्तेमाल किए जा रहे वाहनों की क्षमता 1800 लीटर थी, वहीं नए वाहनों में 2200 लीटर तक कचरा संग्रहित किया जा सकेगा। इससे एक बार में अधिक मात्रा में अपशिष्ट का उठाव संभव होगा। नए मानकों के

## आम उत्सव सह बागवानी मेले में दिखी आम की विविधता




**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**मधुपुर ।** प्रखंड सभागार में सोमवार को आम उत्सव सह बागवानी मेले का भव्य आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख पद्मिनी देवी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी अजय कुमार दास ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के दर्जनों किसानों ने भाग लेकर विभिन्न किस्म के आमों की प्रदर्शनी लगाई। मेले में लंगड़ा, मालदा, हिमराज, बीजू समेत कई स्थानीय एवं उन्नत प्रजाति के आम आकर्षण का केंद्र रहे। विभिन्न किस्मों के आमों की रंगत, आकार और खुशबू ने आगंतुकों का मन मोह लिया। किसानों ने अपने बागानों में उगाए गए आमों को प्रदर्शित कर उनकी विशेषताओं और उत्पादन संबंधी अनुभवों को भी साझा किया। उद्घाटन के बाद अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा किसानों से आम की खेती, बागवानी के विस्तार और आधुनिक तकनीकों के उपयोग के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान किसानों को फलदार पौधों के संरक्षण, उन्नत बागवानी पद्धति तथा उत्पादन बढ़ाने के उपायों की भी जानकारी दी गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीडीओ अजय कुमार दास ने कहा कि मधुपुर क्षेत्र की जलवायु और मिट्टी आम की खेती के लिए काफी अनुकूल है।

## इंडो-नेपाल कराटे चैंपियनशिप में देवघर के खिलाड़ियों का दबदबा



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर।** पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार में 13-14 जून को आयोजित इंडो-नेपाल कराटे चैंपियनशिप में देवघर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। चंदन भार्गव के नेतृत्व में 32 सदस्यीय टीम ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और बेहतरीन खेल कौशल का परिचय दिया।प्रतियोगिता में आयुष कुमार, विराट कुमार मंडल और समीक्षा कुमारी ने गोल्ड मेडल जीतकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं, आशि कुमारी ने सिल्वर मेडल हासिल कर जिले का गौरव बढ़ाया। इसके अलावा काव्या केसरी, शान्वी केसरी, भुवी शर्मा, शौर्य कुमार, ऋतुराज कुमार, आरव कुमार, सौरभ मंडल, आदित्य, लियाना राय, यशश्री कुमारी, तन्मय दूबे, अनिकेत सानू और आयुष ने कांस्य पदक अपने नाम किए। आयुष को 'हैवी वेट चैंपियन' का खिताब भी प्रदान किया गया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर प्रशिक्षक चंदन भार्गव एवं परिजनों ने खुशी व्यक्त की। टीम के साथ राजीव केसरी, कंचन केसरी, गायत्री कुमारी, सुमन कुमारी, प्रिया कुमारी, नवीन केसरी, स्वेता केसरी, संदीप शर्मा, पूनम कुमारी, बिनु कुमारी, कुंदन, विक्रमजीत रॉय दुबे, प्रियंका कुमारी और मुस्कान उपस्थित रहे।देवघर लौटने पर सभी खिलाड़ियों का भव्य स्वागत किया गया।

# स्व. वर्धन खवाड़े प्रतिभा सम्मान समारोह में 350 छात्र-छात्राएं सम्मानित, मेधावी छात्राओं के लिए छात्रवृत्ति की घोषणा

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** हार्दपीठ वैद्यनाथ फाउंडेशन की ओर से तक्षशिला विद्यापीठ सभागार में स्व. वर्धन खवाड़े प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में दसवीं, बारहवीं और अन्य परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले करीब 350 छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. सुनील खवाड़े ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में रामकृष्ण मिशन के प्राचार्य स्वामी दिव्य सुधानंद उपस्थित




रहे। समारोह के दौरान डॉ. सुनील खवाड़े ने मेधावी छात्राओं के लिए एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि आगामी दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षाओं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को फूलमणि देवी छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। इस योजना के तहत चयनित छात्रा को 11 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी, जिससे उसकी आगे की पढ़ाई में सहायता मिल सके। छात्रवृत्ति के लिए पात्र छात्राओं का चयन फाउंडेशन द्वारा किया जाएगा। डॉ. खवाड़े ने कहा कि प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना और उन्हें आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराना समाज की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में प्रतिभा सम्मान समारोह को और अधिक व्यापक तथा भव्य स्वरूप दिया जाएगा। उनका उद्देश्य जिले की प्रतिभाओं को पहचान दिलाना और उनका उत्साह बढ़ाना है, ताकि वे शिक्षा, खेल और अन्य क्षेत्रों में नई उपलब्धियां हासिल कर सकें।

## नशामुक्त अभियान को लेकर जागरूकता रथ रवाना



**देवघर।** नशामुक्त बनाने की दिशा में जिला प्रशासन ने एक अहम पहल शुरू की है। सोमवार को समाहरणालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया ने जिला जनसंपर्क कार्यालय द्वारा तैयार विशेष जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों को मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करेगा। प्रशासन की ओर से तैयार यह विशेष रथ प्रमुख बाजारों, हाटों, दूरदराज के गांवों और शैक्षणिक संस्थानों में भ्रमण करेगा। ऑडियो-विजुअल सामग्री, प्रचार संदेशों और पंपलेटों के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दी जाएगी, ताकि समाज में जागरूकता बढ़े और युवा पीढ़ी इस बुराई से दूर रह सके। कार्यक्रम के दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए उपायुक्त ने कहा कि मादक पदार्थों का बढ़ता दुरुपयोग केवल व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को ही प्रभावित नहीं करता, बल्कि परिवारों और समाज को भी गंभीर नुकसान पहुंचाता है। उन्होंने कहा कि देवघर को पूरी तरह नशामुक्त बनाना प्रशासन की प्राथमिकता है और इसके लिए जनभागीदारी बेहद जरूरी है। इस अवसर पर नगर आयुक्त रोहित सिन्हा, अपर समाहर्ता हीरा कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी रवि कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुलदीप कुमार, सहायक नगर आयुक्त सागरी बराल, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

## संताल परगना पुलिस खेलकूद में देवघर का मुन्ना पासवान का जलवा, गोला फेंक में जीता स्वर्ण पदक



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** खेल और खाकी का संगम जब दिखता है, तो अनुशासन और प्रतिभा की मिसाल बनती है। ऐसा ही उदाहरण पेश किया है मुन्ना कुमार पासवान ने, जिन्होंने संथाल परगना क्षेत्रीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता 2026 में गोला फेंक स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। यह प्रतियोगिता बेहद प्रतिस्पर्धी रही, जिसमें संथाल परगना के छह जिलों से चयनित सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रत्येक जिले से केवल दो शीर्ष खिलाड़ियों का चयन किया गया था, जिससे कुल 12 प्रतिभागियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। इस कांटे की टक्कर में मुन्ना पासवान ने अपनी ताकत और सटीक तकनीक के दम पर सभी को पीछे छोड़ते हुए पहला स्थान हासिल किया। मुन्ना पासवान ने अपनी सफलता पर कहा कि सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के बीच जीत हासिल करना गर्व की बात है और यह उनके कठिन परिश्रम का परिणाम है। खेल के साथ-साथ मुन्ना पासवान सामाजिक क्षेत्र में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वे युवाओं के लिए निशुल्क फिटनेस कैंप चलाते हैं, जहां सेना और पुलिस भर्ती की तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण दिया जाता है। इसके अलावा, वे युवाओं को तैराकी का प्रशिक्षण देकर जल सुरक्षा के प्रति जागरूक भी करते हैं। उनकी इस उपलब्धि पर पुलिस विभाग के अधिकारियों, खेल प्रेमियों और स्थानीय लोगों ने बधाई दी है। उनकी जीत को युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया जा रहा है।

## जिला तंबाकू नियंत्रण समन्वय समिति की बैठक



**देवघर संताल एक्सप्रेसः**-उपायुक्त एवं उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में जिला समाहरणालय में जिला तंबाकू नियंत्रण समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सिविल सर्जन, जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, विभिन्न थाना प्रभारी, चिकित्सा प्रभारी, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में तंबाकू नियंत्रण कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन, जन-जागरूकता गतिविधियों की समीक्षा तथा तंबाकू उत्पादों की बिक्री और उपयोग पर नियंत्रण के लिए समन्वित कार्ययोजना बनाना था। बैठक के दौरान सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम 2003 के प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा की गई। विशेष रूप से सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान निषेध, शैक्षणिक संस्थानों के 100 मीटर के दायरे में तंबाकू बिक्री पर रोक तथा नाबालिगों को तंबाकू उत्पादों की बिक्री प्रतिबंधित करने के नियमों के पालन पर जोर दिया गया। उपायुक्त एवं उप विकास आयुक्त ने सभी विभागों एवं थाना प्रभारियों को नियमित जांच और छापेमारी अभियान चलाने तथा कानून उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## सहियाओं को दिया गया पोलियो उन्मूलन का प्रशिक्षण

**मधुपुर ।** आगामी पल्स पोलियो अभियान की सफलता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सोमवार को मधुपुर अनुमंडलीय अस्पताल में शहरी क्षेत्र की सहियाओं के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पोलियो उन्मूलन अभियान से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण सत्र का संचालन चिकित्सक डॉ. सत्यम सत्यार्थी ने किया। उन्होंने सहियाओं को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बच्चों की सुरक्षा के लिए टीकाकरण के महत्व, घर-घर जाकर बच्चों की पहचान करने, छूटे हुए बच्चों को पोलियो की खुराक दिलाने तथा अभियान के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। डॉ. सत्यार्थी ने कहा कि पोलियो मुक्त भारत को बनाए रखने के लिए प्रत्येक बच्चे तक पोलियो की खुराक पहुंचाना आवश्यक है। इसमें सहियाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि वे समुदाय और स्वास्थ्य विभाग के बीच एक मजबूत कड़ी के रूप में कार्य करती हैं। प्रशिक्षण के दौरान सहियाओं को बूथ प्रबंधन, माइक्रोप्लानिंग, घर-घर सर्वेक्षण, बच्चों के चिन्हांकन, रिपोर्टिंग प्रणाली तथा अभियान से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देशों की भी जानकारी दी गई।

# डीसी ने नशा मुक्ति जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



संताल एक्सप्रेस

**गोड्डा।** जिले में नशापान के खिलाफ जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सोमवार को समाहरणालय परिसर से नशा मुक्ति जागरूकता रथ को रवाना किया गया। उपायुक्त लोकेश मिश्रा एवं जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अरविंद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को रवाना किया। राज्य सरकार के निर्देशानुसार 15 जून से 26 जून तक विशेष नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान जागरूकता रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों, पंचायतों तथा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करेगा और नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करेगा। इस अवसर पर ने कहा कि युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहकर शिक्षा, खेलकूद एवं रचनात्मक गतिविधियों को अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है और समाज के सभी वर्गों को इस अभियान से जुड़कर नशामुक्त वातावरण के निर्माण में योगदान देना चाहिए। अभियान के दौरान जागरूकता रथ के माध्यम से प्रचार-प्रसार सामग्री, ऑडियो-वीडियो संदेश एवं विभिन्न जनसंपर्क गतिविधियों के जरिए लोगों को नशे से होने वाली सामाजिक, आर्थिक और स्वास्थ्य संबंधी हानियों की जानकारी दी जाएगी। साथ ही नशामुक्त जीवन के लाभों के बारे में भी जागरूक किया जाएगा। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे नशा मुक्ति अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए एक स्वस्थ, सुरक्षित और जागरूक समाज के निर्माण में सहयोग करें।

## सड़क हादसे के बाद एंबुलेंस और डॉक्टर की अनुपलब्धता पर अस्पताल में हंगामा



संताल एक्सप्रेस

**जामताड़ा।** नारायणपुर प्रखंड में सोमवार सुबह हुए एक सड़क हादसे ने ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था की कमियों को फिर से उजागर कर दिया। लोहारंगी पेट्रोल पंप के पास टेंपो और मोटरसाइकिल की आमने-सामने की भिड़ंत में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज में कथित देरी और आवश्यक सुविधाओं के अभाव को लेकर परिजनों तथा ग्रामीणों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जमकर नाराजगी जताई। मिली जानकारी के अनुसार, सुबह करीब नौ बजे हुए हादसे में 25 वर्षीय मौसम शेख गंभीर रूप से जख्मी हो गया। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए उसे तुरंत नारायणपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी नाजुक हालत को देखते हुए धनबाद रेफर कर दिया गया। परिजनों का आरोप है कि रेफरल के बावजूद समय पर 108 एंबुलेंस उपलब्ध नहीं कराई गई। वहीं, आपात स्थिति के दौरान चिकित्सक की अनुपस्थिति ने लोगों की नाराजगी और बढ़ा दी। गंभीर मरीज को शीघ्र उच्च चिकित्सा केंद्र भेजने में हुई देरी के कारण परिजनों को अंततः निजी वाहन का सहारा लेना पड़ा।घटना के बाद अस्पताल परिसर में विरोध प्रदर्शन हुआ। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य सेवाओं की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए नियमित चिकित्सक उपलब्ध कराने, एंबुलेंस सेवा को दुरुस्त करने तथा पूरे मामले की जांच की मांग की। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद स्थिति शांत हुई, लेकिन स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर लोगों की चिंता बरकरार है।

## फर्जी नियुक्ति पत्र लेकर समाहरणालय पहुंचा युवक, दस्तावेजों की पोल खुलते ही हिरासत में



**जामताड़ा।** जामताड़ा समाहरणालय में क्लर्क पद पर योगदान देने पहुंचे एक युवक की कथित नियुक्ति पर उस समय सवाल खड़े हो गए, जब अधिकारियों ने उसके दस्तावेजों की जांच में गंभीर गड़बड़ियां पकड़ीं। संदेह गहराने पर युवक और उसके ससुर को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी।जानकारी के अनुसार गिरिडीह जिले के देवरी निवासी रजाक अंसारी अपने ससुर अख्तर अंसारी के साथ समाहरणालय पहुंचा था। उसने दावा किया कि उसे क्लर्क पद पर नियुक्ति मिली है और वह योगदान देने आया है। नियुक्ति प्रक्रिया के दौरान अधिकारियों ने जब उसके जॉइनिंग लेटर और अन्य प्रमाणपत्रों का सत्यापन किया, तो कई विसंगतियां सामने आईं।जांच में कथित नियुक्ति पत्र पर मौजूद उपायुक्त के हस्ताक्षर और कार्यालय की मुहर संदिग्ध पाई गई। इसके अलावा आधार कार्ड, शैक्षणिक प्रमाणपत्र और अन्य दस्तावेजों में भी कई अनियमितताएं दिखाई दीं। दस्तावेजों की प्रामाणिकता पर संदेह होने के बाद अधिकारियों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

## नशे के खिलाफ जामताड़ा का जनजागरण अभियान शुरू



**जामताड़ा।** जामताड़ा में नशे के खिलाफ व्यापक जनजागरण अभियान की शुरुआत सोमवार को समाहरणालय परिसर से हुई। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आलोक कुमार ने विशेष नशामुक्ति अभियान के तहत तीन चलंत एलईडी जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों, पंचायतों, विद्यालयों और गांवों में पहुंचकर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करेंगे।उपायुक्त ने कहा कि 15 जून से 26 जून तक राज्यव्यापी नशामुक्ति अभियान चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य युवाओं और आम नागरिकों को मादक पदार्थों से दूर रहने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि उसके परिवार, सामाजिक प्रतिष्ठा और आर्थिक स्थिति को भी प्रभावित करता है। उन्होंने लोगों से स्वयं नशे से दूरी बनाने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की अपील की।अभियान के दौरान एलईडी वैनों के माध्यम से ऑडियो-वीडियो संदेश प्रसारित किए जाएंगे, जबकि नुक्कड़ नाटक, पोस्टर, बैनर, पंपलेट और बुकलेट के जरिए भी जनसंपर्क किया जाएगा। इस अवसर पर आईटीडीए परियोजना निदेशक जुगनू मिंज, अपर समाहर्ता पूनम कच्छप, प्रभारी निदेशक डीआरडीए विजय कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी कयूम अंसारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कलानाथ, जिला शिक्षा पदाधिकारी चार्ल्स हेंब्रम तथा जेएसएलपीएस के डीपीएम राहुल रंजन सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

## बकरी चोरी के शक में युवक को ग्रामीणों ने पकड़ा

**गोड्डा ।** गोड्डा जिले के कदवा टोला में सोमवार को बकरी चोरी के संदेह में एक युवक को ग्रामीणों ने पकड़ लिया और पुलिस के पहुंचने तक उसे पोल से बांधकर रखा। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई और मामला चर्चा का विषय बन गया।ग्रामीणों के अनुसार इलाके में पिछले कुछ समय से बकरियों के गायब होने की घटनाएं सामने आती रही हैं। इसी बीच दो युवक संदिग्ध परिस्थितियों में गांव के आसपास देखे गए। ग्रामीणों को शक होने पर उन्होंने दोनों युवकों से पूछताछ करने का प्रयास किया। इस दौरान एक युवक मौके से बाइक लेकर फरार हो गया, जबकि दूसरे युवक को ग्रामीणों ने पकड़ लिया।पकड़ा गया युवक स्वयं को महागामा का निवासी और दसवीं कक्षा का छात्र बता रहा है। उसका कहना है कि वह दोस्तों के साथ घूमने आया था और उसका किसी भी प्रकार की चोरी की घटना से कोई संबंध नहीं है। युवक लगातार अपनी बेगुनाही की बात कहता रहा, लेकिन ग्रामीण उसकी बातों से संतुष्ट नहीं हुए।ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में पहले भी बकरी चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। इसी कारण उन्होंने संदेह के आधार पर युवक को पकड़कर पुलिस को सूचना दी। ग्रामीणों ने बताया कि मामले की सच्चाई जांच के बाद ही सामने आएगी।घटना के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। लोग अपने-अपने स्तर पर घटना को लेकर चर्चा करते रहे। हालांकि किसी ने भी युवक के खिलाफ चोरी का प्रत्यक्ष प्रमाण प्रस्तुत नहीं किया।स्थानीय लोगों ने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर सच्चाई सामने लाने की मांग की है।

## चापाकल और जलमीनार दोनों खराब पेयजल संकट से जूझ रहे ग्रामीण



**बोआरीजोर।** इस भीषण गर्मी और तपती धूप के बीच प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत दलदली पंचायत के राजबांध और केंदुआ गांव में पेयजल संकट गहरा गया है। गांव में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्थापित जलमीनार तकनीकी खराबी के कारण बंद पड़ा है, जबकि चापाकल भी कई महीनों से खराब है। ऐसे में ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि जलमीनार शुरू होने से लोगों को काफी राहत मिली थी, लेकिन कुछ ही दिनों बाद तकनीकी खराबी के कारण यह बंद हो गया। वहीं, गांव का एकमात्र चापाकल भी लंबे समय से खराब पड़ा है। दोनों जलस्त्रोतों के बंद होने से लोगों को करीब तीन किलोमीटर दूर जाकर पानी लाना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को हो रही है, जिन्हें तेज धूप में पानी की व्यवस्था करनी पड़ रही है।

## नीट पुनर्परीक्षा को लेकर तैयारियां तेज, 21 जून को होगी परीक्षा

**गोड्डा।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट यू- जी) पुनर्परीक्षा-2026 के सफल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी आयोजन को लेकर सोमवार को उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों को परीक्षा की तैयारियों को समय पर पूरा करने तथा सुरक्षा एवं निगरानी व्यवस्था सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि 21 जून को आयोजित होने वाली नीट-यूजी पुनर्परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। परीक्षा की विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए सभी विभाग बेहतर समन्वय के साथ कार्य करें तथा प्रत्येक स्तर पर कड़ी निगरानी सुनिश्चित करें।बैठक में परीक्षा केंद्रों की तैयारी, आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता, अभ्यर्थियों के सुगम आवागमन, ट्रैफिक प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था, पुलिस बल की तैनाती एवं केंद्रों पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने कंट्रोल रूम एवं आपातकालीन व्यवस्थाओं को सक्रिय रखने, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, पेयजल तथा बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।उन्होंने परीक्षा केंद्रों के आसपास कानून-व्यवस्था बनाए रखने, परीक्षा की गोपनीयता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने तथा सोशल मीडिया एवं अफवाहों पर विशेष नजर रखने का भी निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि परीक्षा के दिन अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए और सभी विभाग जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। बैठक में अपर समाहर्ता इन्दर कुमार, एसडीओ बैद्यनाथ उरांव, एसडीओ आलोक वरण केसरी, जिला कल्याण पदाधिकारी सुधीर कुमार सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी मिथिला टुडू, जिला परिवहन पदाधिकारी कंचन कुमारी भुदोलिया, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय एवं सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस गोड्डा के प्राचार्य सहित अन्य संबंधित अधिकारी और शिक्षक उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे गोड्डा के दिव्यांशु



**गोड्डा।** जिले के उभरते किकबॉक्सिंग खिलाड़ी दिव्यांशु कुमार का चयन राष्ट्रीय किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता 17 से 21 जून 2026 तक मध्य प्रदेश के इंदौर स्थित इंदौर पब्लिक स्कूल में आयोजित होगी, जिसमें दिव्यांशु झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। सब-जूनियर वर्ग में आयोजित होने वाली इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए दिव्यांशु कुमार 14 जून को इंदौर के लिए रवाना होंगे। उनके चयन से जिले के खेल प्रेमियों और खिलाड़ियों में खुशी का माहौल है।टीम कोच दीपक सिंह ने बताया कि दिव्यांशु लगातार कड़ी मेहनत और नियमित अभ्यास कर रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि राष्ट्रीय स्तर पर भी वह बेहतर प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय देंगे। गोड्डा जिला किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के पदाधिकारी करण कुमार कश्यप सहित अन्य खेल प्रेमियों ने दिव्यांशु को राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि दिव्यांशु अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से गोड्डा और झारखंड का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करेंगे।दिव्यांशु ने कम समय में अपनी मेहनत, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है। स्थानीय स्तर की विभिन्न प्रतियोगिताओं में भी उन्होंने उल्लेखनीय प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। उनके चयन को जिले के युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायक माना जा रहा है। दिव्यांशु की इस उपलब्धि को जिले के खेल जगत के लिए गौरवपूर्ण क्षण माना जा रहा है। खेल प्रेमियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य और प्रतियोगिता में सफलता की कामना की है। सभी को उम्मीद है कि वह राष्ट्रीय मंच पर शानदार प्रदर्शन कर पदक जीतकर लौटेंगे और गोड्डा सहित पूरे झारखंड का मान बढ़ाएंगे।

## गोड्डा में पंचायत स्तरीय प्रमाण-पत्र शिविर शुरू



**गोड्डा।** आम नागरिकों को स्थानीय निवासी, जाति एवं आय प्रमाण-पत्र की सुविधा उनके पंचायत स्तर पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन गोड्डा द्वारा सोमवार से जिले के सभी प्रखंडों में पंचायतवार तीन दिवसीय विशेष प्रमाण-पत्र शिविर का शुभारंभ किया गया। यह अभियान 15 जून से 17 जून 2026 तक संचालित होगा। शिविरों में स्थानीय निवासी, जाति एवं आय प्रमाण-पत्र से संबंधित आवेदनों की प्राप्ति, जांच, सत्यापन एवं त्वरित निष्पादन की व्यवस्था की गई है। जिला प्रशासन ने संबंधित प्रखंड एवं अंचल स्तर के अधिकारियों और कर्मियों को शिविरों के सफल संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं, ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। शिविरों में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के नागरिक पहुंचकर प्रमाण-पत्र के लिए आवेदन जमा कर रहे हैं। प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार सत्यापन किया जा रहा है तथा कई मामलों का मौके पर ही निष्पादन किया जा रहा है। शेष आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा। जिला प्रशासन का कहना है कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य लोगों को प्रमाण-पत्र बनवाने के लिए कार्यालयों के चक्कर लगाने से बचाना और पंचायत स्तर पर ही आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराना है। इससे विशेष रूप से छात्र-छात्राओं, युवाओं, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लाभुकों तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं के पात्र व्यक्तियों को लाभ मिलेगा। उपायुक्त ने जिलेवासियों से अपील की है कि जिन्हें स्थानीय निवासी, जाति अथवा आय प्रमाण-पत्र की आवश्यकता है, वे अपने पंचायत क्षेत्र में आयोजित विशेष शिविर में पहुंचकर आवेदन जमा करें और इस जनहितकारी अभियान का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि प्रशासन प्रत्येक पात्र व्यक्ति को सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से आवश्यक प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

## 20 बैंकों का जिला प्रशासन ने किया सुरक्षा ऑडिट

**गोड्डा।** जिले में वित्तीय संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा संभावित आपराधिक घटनाओं और वित्तीय अपराधों की रोकथाम के उद्देश्य से गोड्डा पुलिस द्वारा विशेष सुरक्षा ऑडिट अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) आकाश भारद्वाज के नेतृत्व में गोड्डा नगर क्षेत्र के लगभग 20 बैंकों का व्यापक सुरक्षा ऑडिट एवं भौतिक सत्यापन किया गया। निरीक्षण के दौरान बैंक परिसरों में स्थापित सीसीटीवी निगरानी प्रणाली, स्ट्रॉन्ग रूम एवं लॉकर सुरक्षा, अलार्म और पैनिक बटन व्यवस्था, अग्निशमन उपकरण, सुरक्षा गार्डों की तैनाती, एटीएम सुरक्षा, प्रवेश-निकास नियंत्रण, प्रकाश व्यवस्था तथा आपातकालीन प्रतिक्रिया तंत्र की विस्तार से जांच की गई। साथ ही बैंकों द्वारा निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुपालन की भी समीक्षा की गई।एसडीपीओ ने बैंक प्रबंधकों एवं कर्मचारियों को साइबर अपराध, वित्तीय धोखाधड़ी, बैंक डकैती एवं अन्य आपातकालीन परिस्थितियों के प्रति सतर्क रहने का निर्देश दिया। सभी बैंक शाखाओं को परिसर में प्रमुख स्थान पर आपातकालीन संपर्क सूचनापट्ट (इमरजेंसी कॉन्टैक्ट डिस्प्ले बोर्ड) अनिवार्य रूप से स्थापित करने को कहा गया। इस बोर्ड पर डायल-112, राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930, एसडीपीओ कार्यालय तथा संबंधित थाना प्रभारी का संपर्क नंबर प्रदर्शित करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान जिन बैंकों में सुरक्षा संबंधी कमियां पाई गई, उन्हें निर्धारित अवधि के भीतर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधिकारियों ने बैंक परिसरों एवं एटीएम केंद्रों के आसपास पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे तथा प्रभावी निगरानी तंत्र विकसित करने पर भी बल दिया। इस अभियान में नगर थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक दिनेश महली तथा रौतारा टीओपी के अवर निरीक्षक राज कुमार गुप्ता भी शामिल रहे। गोड्डा पुलिस ने कहा कि वित्तीय संस्थानों की सुरक्षा, साइबर एवं संपत्ति संबंधी अपराधों की रोकथाम तथा नागरिकों को त्वरित पुलिस सहायता उपलब्ध कराने के लिए भविष्य में भी ऐसे सुरक्षा ऑडिट और जागरूकता अभियान नियमित रूप से चलाए जाएंगे।

## दिव्यांग बच्चों के शत-प्रतिशत नामांकन को लेकर विशेष अभियान



**गोड्डा।** जिले के सभी दिव्यांग एवं विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के शत-प्रतिशत नामांकन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सोमवार को डीआरडीए सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त विस्पुते श्रीकांत यशवंत ने की। बैठक में दिव्यांग बच्चों की पहचान, विद्यालयों में नामांकन, नियमित उपस्थिति तथा समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त ने कहा कि शिक्षा प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार है और यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि कोई भी दिव्यांग बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। बैठक में बताया गया कि जिले में 15 से 24 जून 2026 तक विशेष नामांकन अभियान चलाया जाएगा। अभियान की कार्ययोजना के अनुसार 16 जून को प्रखंड स्तरीय बैठक, 17 जून को पंचायत, विद्यालय एवं आंगनबाड़ी स्तर पर बच्चों की सूची तैयार की जाएगी। वहीं 18 और 19 जून को व्यापक जनजागरूकता एवं प्रचार-प्रसार अभियान चलाया जाएगा। उप विकास आयुक्त ने स्वास्थ्य, समाज कल्याण एवं शिक्षा विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर बल देते हुए कहा कि दिव्यांग बच्चों को दिव्यांगता प्रमाण-पत्र, सहायक उपकरण, छात्रवृत्ति एवं अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराया जाए। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, समग्र शिक्षा अभियान से जुड़े अधिकारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## जर्जर सड़क को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश ,टोटो पलटने से बड़ा हादसा टला



**कर्माटांड़ ।** प्रखंड क्षेत्र में सड़क की बदहाली एक बार फिर से चर्चा का विषय बन गई है। सोमवार को स्टेट बैंक के समीप एक अनियंत्रित टोटो के अचानक पलट जाने से बड़ा हादसा होते-होते टल गया। गनीमत रही कि इस घटना में टोटो पर सवार चारों यात्री बाल-बाल बच गए और उन्हें कोई गंभीर चोट नहीं आई।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टोटो सवार यात्री बैंक के पास से गुजर रहे थे, तभी सड़क पर बने गहरे गड्ढे के कारण चालक अपना संतुलन खो बैठा और वाहन अचानक पलट गया। घटना के तुरंत बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला। यदि टोटो की गति थोड़ी भी तेज होती या सड़क पर अधिक आवाजाही होती, तो परिणाम भयावह हो सकते थे।जर्जर सड़क से परेशान हैं ग्रामीण इस दुर्घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों में प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के प्रति भारी आक्रोश देखा गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कर्माटांड़ रेलवे फाटक से लेकर काली मंदिर तक जाने वाली मुख्य सड़क पिछले काफी समय से पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढे किसी भी समय बड़े हादसे को न्योता दे रहे हैं।स्थानीय निवासियों का कहना है किक्षेत्र में कई चुनाव बीते और कई जनप्रतिनिधि जीतकर आए, लेकिन सड़क की मरम्मत को लेकर किसी ने कोई ठोस पहल नहीं की। कीचड़ और गड्ढों के कारण आए दिन दोपहिया वाहन चालक गिरकर चोटिल हो रहे हैं।यह मार्ग अत्यधिक व्यस्त रहता है, बावजूद इसके इसकी दुर्दशा पर किसी का ध्यान नहीं है।जल्द मरम्मत की उठी मांगग्रामीणों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों और क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को चेतावनी दी है ।

## जामताड़ा में विकास, राजस्व और आपदा प्रबंधन पर डीसी की नजर



**जामताड़ा।** जामताड़ा समाहरणालय में सोमवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में तीन महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठकों का आयोजन किया गया। बैठकों में जन्म-मृत्यु निबंधन, जनगणना-2027, राजस्व संग्रहण, निबंधन कार्यों तथा आपदा प्रबंधन से जुड़े मामलों की विस्तृत समीक्षा की गई।जिला सांख्यिकी कार्यालय की बैठक में उपायुक्त ने जन्म एवं मृत्यु निबंधन प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर देते हुए सभी निबंधन केंद्रों को पूर्ण रूप से संचालित करने तथा तकनीकी समस्याओं के शीघ्र समाधान का निर्देश दिया। साथ ही जनगणना-2027, डिजिटल क्रॉप सर्वे और कृषि सांख्यिकी कार्यों की भी समीक्षा की गई।इसके बाद जिला अवर निबंधक कार्यालय की समीक्षा बैठक में राजस्व संग्रहण, निबंधन शुल्क, लंबित न्यायालयीन मामलों, विवाह निबंधन, दस्तावेजों की स्कैनिंग एवं सेवा शुल्क से संबंधित प्रगति की जानकारी ली गई तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।वहीं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार समिति की बैठक में सड़क दुर्घटना, डूबने, सर्पदंश, वज्रपात तथा अतिवृष्टि से मकान क्षति सहित कुल 11 मामलों की समीक्षा कर नियमानुसार सहायता प्रदान करने का निर्णय लिया गया। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष दीपिका बेसरा, अपर समाहर्ता पूनम कच्छप, एसडीओ अनंत कुमार, डीएसपी नीलम कुजूर, डीटीओ मुकेश कुमार, डीआईओ संतोष कुमार घोष, कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खंडेत, गोपेश कुम्भकार, पंकज कुमार रवि समेत कई अधिकारी उपस्थित थे।

## मोनू टुडू मौत मामले में जन सेवा पार्टी का गांव दौरा

**जामताड़ा।** जामताड़ा जिले के ऊदलबानी पंचायत अंतर्गत दुखकेवड़ा गांव के सहरबेड़ा टोला में सोमवार को जन सेवा पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने दौरा कर हाल ही में हुई मोनू टुडू की मौत के मामले की जानकारी परिजनों और ग्रामीणों से ली। पार्टी संयोजक राकेश लाल के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने घटना को स्वास्थ्य व्यवस्था की विफलता बताते हुए निष्पक्ष जांच और पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की।राकेश लाल ने कहा कि समय पर एंबुलेंस नहीं मिलने और उपचार में कथित देरी के कारण 40 वर्षीय मोनू टुडू की जान चली गई। उन्होंने आरोप लगाया कि गंभीर रूप से बीमार मोनू टुडू को परिजन ट्रैक्टर पर खटिया में लादकर जामताड़ा सदर अस्पताल ले गए, जहां पर्याप्त चिकित्सा सुविधा नहीं मिलने से उनकी मौत हो गई।उन्होंने राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी मरीजों को बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। पार्टी ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई तथा पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की है।

## खो-खो में जामताड़ा की बेटियों का शानदार प्रदर्शन



**जामताड़ा।**20वीं जूनियर बालिका राज्यस्तरीय खो-खो प्रतियोगिता 2026-27 में जामताड़ा टीम द्वारा तीसरा स्थान हासिल करने पर सोमवार को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, जामताड़ा में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में खिलाड़ियों की उपलब्धि की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया।मुख्य अतिथि सिविल सर्जन डॉ. शिव प्रसाद ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सफलता जिले की बेटियों की लगन, अनुशासन और निरंतर अभ्यास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि खेल के क्षेत्र में जामताड़ा की बेटियां लगातार नई पहचान बना रही हैं, जो पूरे जिले के लिए गौरव की बात है।विद्यालय की वार्डन कंचन कुमारी ने भी खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए उन्हें भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सभी खिलाड़ियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।उल्लेखनीय है कि यह प्रतियोगिता 29 से 31 मई तक जामताड़ा के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित हुई थी। प्रतियोगिता का आयोजन झारखंड राज्य खो-खो संघ और जामताड़ा जिला खो-खो संघ के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था।कार्यक्रम में डॉ. निलेश कुमार, नंदन सिंह, गौरव जोशी, रिया पाल, कविता कुमारी, नेहा कुमारी, निशा कुमारी, प्रियंका कुमारी, माहे राजिम समीम, सुभाष सोरेन सहित विद्यालय की छात्राएं एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## अंबेडकर प्रतिमा परिसर में सुविधाओं का संकट, पानी और सफाई व्यवस्था की उठी मांग

**मिहिजाम।** मिहिजाम नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 17 स्थित अंबेडकर नगर में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा परिसर बुनियादी सुविधाओं के अभाव से जूझ रहा है। इस समस्या को लेकर स्थानीय निवासी कृष्णा राम ने सोमवार को नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर आवश्यक व्यवस्था करने की मांग की।सौंपे गए आवेदन में बताया गया है कि प्रतिमा परिसर में वर्षों से पेयजल या सप्लाई पानी की कोई स्थायी व्यवस्था नहीं है। इसके कारण अंबेडकर जयंती, स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस जैसे महत्वपूर्ण आयोजनों के दौरान लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। कार्यक्रम में शामिल होने वाले नागरिकों को पीने के पानी के लिए भटकना पड़ता है।स्थानीय लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि परिसर की नियमित साफ-सफाई नहीं होती। किसी भी आयोजन से पहले मोहल्ले के लोगों को स्वयं श्रमदान कर परिसर को साफ करना पड़ता है। नागरिकों ने नगर परिषद से जल्द पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने और नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि सार्वजनिक आयोजनों में लोगों को परेशानी न हो।

## छिनतई कांड में फरार आरोपी गिरफ्तार

**जामताड़ा।** मिहिजाम में चर्चित स्टेशन मास्टर छिनतई मामले में पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी है। घटना के बाद से फरार चल रहे मुख्य आरोपियों में शामिल कर्ण तांती को पुलिस ने बिहार के मुंगेर जिले से गिरफ्तार कर लिया है। लंबे समय से पुलिस को चकमा दे रहा आरोपी आखिरकार विशेष अभियान के दौरान कानून के शिकंजे में आ गया।जानकारी के अनुसार, कासीटाड़ रेलवे स्टेशन में कार्यरत स्टेशन मास्टर इरफान अंसारी के साथ हुई।

## नाला में एनडीडी कार्यक्रम का उद्घाटन



**संवाददाता नाला (जामताड़ा)।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सोमवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का उद्घाटन नाला मध्य विद्यालय में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी मिलन कुमार घोष तथा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर समीर कुमार मुर्मू ने बच्चों को एल्बेंडाजोल खिलाकर की।इस दौरान पदाधिकारी ने भी स्वयं एल्बेंडाजोल दवा खाकर बच्चों को प्रोत्साहित किया7 इस अवसर पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी मिलन कुमार घोष ने जानकारी देते हुए बताया कि 1 वर्ष से 19 वर्ष के बच्चे को कृमि नाशक दवा एल्बेंडाजोल सभी आंगनबाड़ी केंद्रों तथा विद्यालय में कैंप का आयोजन कर खिलाई जा रही है ।उन्होंने सभी बच्चों एवं अभिभावकों से निर्धारित आयु वर्ग के सभी बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाने की अपील की। इस दौरान नाला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ समीर कुमार मुर्मू ने कृमि संक्रमण से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि कृमि संक्रमण से बच्चों और किशोरियों में खून की कमि होती है जिसके कारण संपूर्ण शारीरिक और मानसिक विकास नहीं हो पाता। उन्होंने कृमि संक्रमण की रोकथाम के बारे में बच्चों को जानकारी दी। बताया कि हमेशा शौचालय का प्रयोग करे,आस पास साफ- सफाई रखे,साफ पानी में फल तथा सब्जियां धोए, हमेशा साफ पानी का प्रयोग करें तथा खाने को ढक कर रखें, नाखून साफ रखे तथा खाली पैर न रहें ,अपने हाथों को हमेशा धोए आदि एहतियात बरतने को कहा। इस अवसर पर एमटीएस सह बीपीएम अहमद रेजा परवेज, एमपीडब्ल्यू प्रदीप टुडू, एमपीडब्ल्यू शांतिमय मंडल,प्रधानाध्यापक लाल देव दास, मागाराम दास,तारक मंडल सहित अन्य अतिथि विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थे।

# जरमुंडी रे जन आरोग्य समिति मोंजते चालाव लागित् गापालमाराव ओरामेना



**खोबोरिया**

**जरमुंडी।** प्रखंड सभागार रे प्रखंड विकास पदाधिकारीयाक् आयुर रे प्रखंड रेन जोतो मुखियाको लागित् जन आरोग्य समितियाक् मोंजते चालाव आर केटेज लागित् मित् माहांकिया गापालमाराव ओराम एना।गापालमाराव रे पीरामल टीम रेन प्रोग्राम लीडर मनोज कुमार होतेते जन आरोग्य समितियाक् गोठोन, जावगे दुपुडुप् ओराम, मेनाक् निधिरेयाक् प्रभावी बेबोहार आर जारूड़तेयाक् अभिलेखको आर दस्तावेजको रेयाक् समुचा जोगाव बाबोत रे फायलाव तेको लायात्कोआ।सांवते गे समितियाक् कामी आर जिमावारी रे हों फायलाव तेको चारचा केदा। दुपुडुप् ओकते मातृ आर शिशु स्वास्थ्य एमएनसीएचकार्यक्रम, रैपिड रिस्पांस टीम आरआरटी, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान पीएमएसएम आर होम डिलीवरी मुक्त पंचायत बेनाव रेयाक् रणनीति आर जारूड़तेयाक् पोंथाको रे होंको गालमाराव केदा। ताहेंकान मुखियाको ठेन आपान-आपिन पंचायत टोठा रे स्वास्थ्य सेवाको केटेच् बेनाव आर संस्थागत प्रसव बाढ़ाव एमावाक्को लिलकार केत्कोआ।कार्यशाला रेयाक् मोतलोब दो पंचायत तारी रे जनआरोग्य समिति रिकिड़ आर प्रभावी बेनावकाते समुदाय आधारित स्वास्थ्य सेवाको आरहों जासती केटेज रेयाक् ताहेंकाना। कामीहोरा रे आसोल रूप ते दामोदर गृही, अनीता बेसरा, मीनू हे ब्रम आर पीरामल फाउंडेशन खोन मनोज कुमार दिनेश कुमार घालोक् प्रखंड रेन जोतो मुखिया आर एटाक् जोनोड़ाव पदाधिकारीको सेलेत् एना।

# स्पीड ब्रेकर बाय ञेललेत् ते कोयला हाइवा सॉंवते ठोकोरेना पिअकप वैन, काटिच् चालाङ लागित् डायबोरे बॉंचावेना



**खोबोरिया**

**गोपीकांदर।** गोबिंदपुर-साहेबगंज स्टेट हाइवा रे गोपीकांदर थानाटोठा रेयाक् खेड़ीबाड़ी सोर रे सोमवार सेताक् मित्टेन माराङ घोटोना टालाव एना। आडीरे पासेच् पोन बजे मित्टेन पिकअप वैनदो आच् लाहा ते चालाक् कान कोयला लोड हाइवा तायोम सेच् खोने ठोकोर केदा। आडी मुरूक ठोकोना जे पिकअप वैन रेयाक् केबिन पुराउ ते रापुत् एना। चाहेदो, नोआ घोटोना रे जाहांय बाको चेका आकाना आर डायबोर दो मोंज गे मेनाया। पिकअप गाडी नो बोर बीआर 01जी एन 5635 रेन डायबोर प्रदीप कुमारे लाइ केदा जे उनी दो बिहार रेयाक् नवादा जिला तारीरेयाक् बालेसरगंज रे मेनाक् आयाक् ओड़ाक् खोन उल आगुय लागित् पश्चिम बंगाल रेयाक् मालदा तेय सेनोक्कान ताहेंना। गोपीकांदर थाना टोठा रे सेताक् पायाङ जुत खातिर सोड़ोक रे बेनावाकान स्पीड ब्रेकर बाय ञेल ञाम लेदा। नोआ ते गाडी दो बाय सामबड़ाव लेदा आर पिकअप सीधा ते लाहा लाहा ते चालाक् कान कोयला हाइवा गाडी रे ठोकोर एना। घोटोना तायोम हाइवा डायबोर दो आयाक् गाडीयान ते ताक खोने दाड़ लाहा एना।पिकअप वैन गाडी पुराउ ते रापुत्एना आर सोड़ोक आड़े रेयतेंगो ओटोआकादा। डायबोर प्रदीप कुमार दो आच् घारोंज रेने फोनात्कोआ आर गाडी ञेलाक् लागित् घोटोनाठांव रेय होहोवात्कोआ आर खुद आच् दो एटाक् गाडी ते ओड़ाक्ए सेन एना। घोटोना बाडायेन तायोम गोपीकांदर थाना पुलिस ताक रेको हेच् एना आर मामला जांच रेको धुराउ आकाना।

# बदरीनाथ-केदारनाथ धाम रेय सेटेरेना मुकेश अंबानी, बीकेटीसी लागित् 10 करोड़ टाकाय दान केदा



**खोबोरिया**

**बदरीनाथ, केदारनाथ।** दिसाम रेन नामडाक उद्योगपति मुकेश अंबानी दो सोमवार हिलोक् उत्तराखंड रे मेनाक् भगवान बदरीविशाल आर बाबा केदारनाथ ठेन दोरसोन काते दिसाम रेयाक् सुख समृद्धि आर खुशहालीरेयाक्ए कोय नेहोंर एना। नोआ ओकते उनी दो बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति बीकेटीसी लागित् 10 करोड़ टाका होंय दान एम केदा।बीकेटीसी लेकाते, अंबानी दो जोतो खोन माड़ाङरे बदरीनाथ धाम रेय सेटेरेना भगवान बदरीविशाल ठेन दोरसोन कातेय पुजा पाठ केदा।इना तायोम उनी दो केदारनाथ धाम रे बाबा केदारनाथ रे दोरसोनएना। बानार धाम रे मुंदिल समिति रेन पदाधिकारीको दो उनीको आताडदाराम केदेया आर प्रसादको एमावादेया। नोआ ओकते अंबानी दो बीकेटीसी लागित् बदरीनाथ धाम रेयाक् बेबोसताको लागित् मोड़ें करोड़ टाका आर केदारनाथ धाम रेयाक् बेबोसताको लागित्मोड़ें करोड़ टाका रेयाक् बारयार चेकए एमात्कोआ। बीकेटीसी अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी दोय मेन केदा जे अंबानी घारोंज रेन दो भगवानबदरीविशाल आर बाबा केदारनाथ लागित् गाडी पातियाउ मेनाक्आ।उनीय मेन केदा जे दिनकालोम लेका गे नोआ बोछोर हों मुकेश अंबानीदो मंदिर समिति लागित्ए गोड़ों आकाना, नोआ लागित् समिति दोउनीको सारहावेदे काना।

# धुर्वा खोने आत्लेन अर्जुनको ञाम केदेया पुरी खोन, करन आर शिवा ताकिनाक् चालाक् काना सेंदरा

**खोबोरिया**

**रांची।** रांची खोने आत्लेन अर्जुन दो पुलिसको ञाम केदेया। पुलिसटीम दो अर्जुन ओडिशा रेयाक् पुरी खोन नापाय सांहिच्को ञाम केदेया। पुलिस दो नोआ मामला रे मित् हाहाड़ा काथाको सोदोरआकादा। नोआ मामला किडनेप सोंगे हों जोड़ाव कातेको ञेलेत्कान ताहेंकाना। आसोल रे बानार गिदरा आपनार कुसी ते ओड़ाक् बागी कातेकिन दाड़ाकात् ताहेंकाना। गिदराकिन आत्एन तायोम रांची पुलिस दो मित् गे तालावको सेंदरायेत्किन ताहेंकाना। पुलिस दो उनकिन सेंदराकिन जोखेच् सीसीटीवी फुटेज खोन आडी माराङ सुरागको ञाम केदा। सीसीटीवीफुटेज लेका रे पुलिसको बाडाय केदा जे बानार गिदरा ओडिशा चालाक् वाला ट्रेन रेकिन दुडुप् एना। ओना तायोम पुलिस टीम दोओडिशा तेको मोहण्डायेना आर पुरी तेको सेटेरेना। रांची पुलिस दोओन्डे पुलिस आर इंटेलिजेंसाक् गोड़ो ते अर्जुन दो नापाय सांहिच्को सेंदरा ओडोङ केदेया, आर से नोते करण आर शिवा दोनित होंको सेंदरायेत्किन गेया। पुलिसाक् पूछताछ रे ओका काथा बाडायेना ओना दो आडी हाहाड़ा गेया।पुलिसाक् लाइ लेकाते अर्जुन दोय लाइ केदा जे उनी दो आच्बोकोत आर गाते शिवा दो समंदर ञेल रेयाक् मोने ताहेंकान ताकिना। ओनाते ओनको पेने दो प्लानको बेनाव केदा आर बेगोरजाहांय लाइ ते समंदर ञेल लागित् ओड़ाक् खोनको ओडोडेना। पेनेपुरी तेको सेटेरेन तायोम समंदर आड़े आर जगन्नाथ मंदिरआडेपासेको दाड़ां केदा। मेनखान पॉकेट रेयाक् पायसा बाई-बाईते चाबा इदियेना, खान ओनको दो कोय-कोय काते आपनार लाच्धापावको एहोप् एना।

# निसा खोन रूखिया दुमका बेनाव लागित् ते उपायुक्ते उदुक्आदा हारियाड़ झंडी, आतो-आतोय दाड़ांया जागवार गाडी



**खोबोरिया**

**दुमका।** पुराउ जिला खोन निसा चाबाय लागित् ते जिला प्रशासन दो मित्कामीय एहोप् आकादा। ओतेमाहां हिलोक् ओतेमाहां हिलोक् समाहरणालय छाटका खोन उपायुक्त अभिजीत सिन्हा दो जागवार गाडीहारियाड़ चिर उदुक् कातेय कोयोक्गोत् कादा। नोआ विशेष रथ दो जिला रेयाक् जोतो प्रखंडको आर आतोकोय दाड़ांया। नोआ रेयाक् आसोल जोस दो होड़को निसा जिनिस बेवहार ते होयोक्आक् आझांट लुकसानको बाबोत रे जागवारको आर निसा खोन सा रेयाक् जियोन रेयाक् मोहोत बुझावाको गे काना। नोआ ओपसोर रे उपायुक्त अभिजीत सिन्हा दोय मेन केदा जे निसा दोएकेन होड़ाक् निपुट मोतो दो बाय बाड़िच्एत् काना, बिचकोम ओनको पुराउ घारोंज, सोमाज आर दारायकान बिदाल होंय बाड़िच्उतारेत् काना। नोआ लाड़वना रेयाक् आसोल जोस दो होड़को नोआलाड़हाई सोंगे जोड़ावको रेयाक् काना जेमोन दुमका रे मित्निपुट आर मोंज सोमाज बेनाव दाड़ेयाक्। आतो-डिहात टोठा रेहोड़को आलगा ते गुझावाको लागित् ते नुक्कड़ नाटोक,ऑडियो-वीडियो मैसेज, पोरचार जिनिस आर सीधा ते गालमराव रेयाक्गोड़ो हातावोक्आ।


## पूर्व रेलवे

**ई-ठिका खोबोर संख्याः ओ-एसी-टी-80 टू 81-26-27 (ओपन), माहितः 11.06.2026।** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 होतेते लातार रे ओलाकान कामीको लागित् ई-ठिका (खुला) नेवतायेत् कानाः **क्रम संख्याः 1। केस संख्याः ओ-एसी-टी-80-26-27। कामी रेयाक् ञुतुमः** 08 बटालियन आरपीएफ्स चित्तरंजन रे एसओ आर कर्मचारी लागित् बारया मंजिला बैरकबेबोसताय लागित् खुला ठिका। **ठिका रेयाक् पूंजीः** रु. 2,02,99,389.67। **बायना पायसाः** रु. 4,06,000। **क्रम संख्याः** 2। **केस संख्याः ओ-एसी-टी-81-26-27। कामी रेयाक् ञुतुमः** दुमका स्टेशन रे फ्रेट रेक एग्जामिनेशन लागित् पाथवे वेल्डिंग सुबिता आर आलोक सज्जा बेबोसताय लागित् खुला ठिका। **ठिका रेयाक् पूंजीः** रु.95,36,645.89। **बायना पायसाः** रु. 1,90,700। **कामी पुराउ रेयाक् सोमोयः** 12 चान्दो। (क्रम संख्या 1 आर 2 मिमित् लागित्)। **ठिकाबोंदोक् रेयाक् तारीक आर सोमोयः** 09.07.2026 हिलोक् तिकिन 12.00 बजे (क्रम सं. 1 आर 2 मिमित् लागित्)। पुराउ बानाडाय दो रेलवे रेयाक् वेबसाइट www.ireps.gov.in रे ञेल दाड़ेयाक्आ।

(ASN-136/2026-27)

ठिका खोबोरको दो वेबसाइटः **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** रे हों बेबोसता आकान मेनाक्आ।

नोंडे पांजालेपे : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# सखी मंडल रेन दिदीको सामबड़ावा मोर्चा, नशामुक्त दुमका बेनाव एहोप्एना माराङ जनअभियान



**खोबोरिया**

**दुमका।** जिला दो नशामुक्त बेनाव पोंथा रे मित् जारूड़आनाक् पोंथाय तुलुच् जेएसएलपीएस दुमका होतेते डीआरडीए सभागार रे सोमवार हिलोक्जिला तारीतेयाक् जागरूकता आर प्रशिक्षण कार्यक्रम ओराम एना। नोआ अभियान रेयाक् मोतलोब दो निषिद्ध मादक जिनिसको आलोबेबोहार आरअवैध पाइकारी रे रोकाव लागाव तुलुच् सोमाज रे फायलाव तेजनजागरूता फायलाव रेयाक् काना। कामीहोरा दो उप विकास आयुक्त दुमका अनिकेत सचान गे माली बाती जेरेत् कातेय एतोहोप् केदा। नोआ ओकते उनी दो ताहेंकान पदाधिकारीको आर कर्मचारीको नशा खिलाफ जागरूकता फायलाव आर सोमाज दो नशामुक्त बेनाव रेयाक् मित्तेको एकराड़ ओचोकेत्कोआ। आयाक् गालमाराव रे उप विकास आयुक्त दोय मेन केदा जे नशा एकेन होड़ गे बाङ, बोरोङ पुरा घारोंज आर सोमाज रेयाक् विकास ए चापोटेत् काना। उनीय मेन केदा जे नोआअभियान सफल बेनाव लागित् सामुदायिक भागीदारी आडी जारूड़ गेया। उनीदो सखी मंडल रेन दिदीको ठेने आरोजेना जे आतो आतो सेन कातेहोड़को नशा रेयाक् बाड़िच् एसेर बाबोत रेको जागवारको आरनशामुक्त दुमका अभियान केटेच् आधारशिला बेनाक्। सिखिनात ओकतेरेको लायात्कोआ जे 15 जून खोन 26 जून धाबिच् जिला रेयाक्जोतो पंचायतको आर आतोको रे फायलाव तारी रे नशा मुक्तिजागरूकता अभियान चालाव होयोक्आ।

# बिर हातीयाक् हमला ते रेलवे लाइनमैन आडी काजाके घालेना

**पूर्वी सिंहभूम।** चाकुलिया वन टोठा रे ओतेमाहां हिलोक् सेताक् बिर हातीयाक् झुंड दो रेलवे ट्रैक रे कामीकान ताहेंन मित्टेन रेलकर्मी उपार रेको हमला केदा। नोआ घोटना रे रेलवे लाइनमैन आडी काजाके घाल एना। ञाम आकान खोबोर लेकाते, पश्चिम बंगाल रेन गिराबासी 53 बोछोर रेन संजीव सिन्हा दो भारतीय रेलवे रे लाइनमैन हुदा रेय कामीकाना। ओतेमाहां हिलोक् सेताक् ओनको दो चाकुलिया आरकोकपाड़ा रेलवे स्टेशन ताला रेयाक् सुनिसुनिया रेलवे फाटक ठेनरेलवे ट्रेन ओनमान आर मोरामुती कामी रेको लागावाकानताहेंकाना। उन ओकते गे बिर सेच् खोन मोटामुटी 13 गोटेच् हातीकोवाक् झुंड दो रेलवे ट्रैक पारोम तुलुच् ओन्डे सेटेरेना।

ञेञेल होड़ाक् लाइ लेकाते, हाती आचका गे आच् सामाङ रेय ञेलकेत्को खान संजीव दोय आकबाकावेना। उन ओकते गे मित्टेन हाती दो उनी उपार रेय हमला केदा। ओनकोको लाइ केदा जे उनीदो सूंड ते साप् काते ओत रेय तावाक् केदेया, ओनाते उनी दो बानार जांगा सांवते होड़मो रेयाक् आयमा हिंस रे काजाकेजोखोमेना। घोटना तायोम एटाक् रेलकर्मी दोको आंदमांदावचाबायेना आर जोतो गे सुरक्षित जायगा तेको दाड़ केदा।

घोटना रेयाक् खोबोर ञाम सांवते वन विभाग आर टोठाकिया पुलिस ओन्डेको सेटेरेना। घाल आकान रेलकर्मी दो उसासरा ते रान ओचोये लागित् अस्पताल तेको इदि केदेया। रारानकोवाक् लाइ लेकातेउनीयाक् हालोत दो मुसकिल माछा गेताया आर उनीयाक् रान-मुरगान तोंगे गेया। हमला तायोम हातीकोवाक् झुंड दो दोड़हा ते बिर सेच् मोहन्डायेना। वन विभाग दो रेलवे कर्मचारी आर टोठाकियाकिया होड़ ठेन खोनहातीको दाड़ांय टोठा रे बांड़ती सोन्तोर ताहेंन लागित्को नेहोरात्कोआ।


## उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय,देवघर
## (जिला बाल संरक्षण इकाई)
**ई-मेलः-dcpsdeoghar@gmail.com**

**सूचना**

लैंगिक अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (POCSO) 2012, एवं नियम 2020 के तहत बच्चों के मनोवैज्ञानिक एवं आवश्यक सहयोग हेतु "सहायक व्यक्ति" (Support Persons) की नियुक्ति **(विज्ञापन संख्या- 02/2026)** हेतु निबंधित डाक से निर्धारित अंतिम तिथि तक प्राप्त आवेदनों की जांच उपरांत अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन जिला बाल संरक्षण कार्यालय, देवघर के सूचना पट्ट एवं एन०आई०सी०, देवघर के वेबसाइट https://www.deoghar.nic.in पर आवेदकों से दावा/आपत्ति हेतु किया गया है।

प्रकाशित सूची में टंकण/लिपिकीय भूल से संबंधित अभ्यर्थियों का कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति **दिनांक 22.06.2026** के अपराह्न 5:00 बजे तक जिला बाल संरक्षण कार्यालय, देवघर में आवेदन देकर अथवा ईमेल- dcpsdeoghar@gmail.com के माध्यम से दे सकते हैं।

निर्धारित समय सीमा के उपरांत प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। दावा/आपत्ति के निराकरण के उपरान्त आवेदकों की औपबंधिक सूची का प्रकाशन पुनः वेबसाइट https://www.deoghar.nic.in एवं जिला बाल संरक्षण कार्यालय, देवघर के सूचना पट पर किया जाएगा।

जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, देवघर। | सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा, देवघर।

PR 382433 Deoghar(26-27).D



## कार्यालय : जिला कृषि पदाधिकारी, साहेबगंज
## संयुक्त जिला कृषि भवन, पिन कोड - 816109

**-: किसानों के लिए आम सूचना :-**

साहेबगंज जिला के सभी किसानों को सूचित किया जाता है कि खरीफ मौसम, **2026** में धान बीज **50** प्रतिशत अनुदान पर निम्नलिखित लैम्पस/पैक्स/पी0जी0 **(JSLPS)**/कृषक उत्पादक संगठन **(FPO/FPC)** एवं निजि बीज विक्रेताओं के पास उपलब्ध है, जहाँ से आप इसे प्राप्त कर सकते हैं :-


| क्र0. सं0. | फसल एवं प्रभेद | प्रखण्ड का नाम | लैम्पस/पैक्स/पी0जी0 (JSLPS) एवं कृषक उत्पादक संगठन (FPO/FPC) | स्वीकृत दर (रू0/क्वीं0) | अनुदान की राशि (50 %) (रू0/क्वीं0) | कृषक अंशदान की राशि (50 %) (रू0/क्वीं0) | बीज की मात्रा (क्वीं0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | धान (प्रमाणित), प्रभेद- MTU-7029 | बोरियो | बोरियो फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी लि0, बोरियो संथाली | 4,090/- | 2,045/- | 2,045/- | 200 |
| 2 | | बड़हरवा | सौनक फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी लि0, बड़हरवा | | | | 50 |
| 3 | | | सी0एस0सी0, साहेबगंज बड़हरवा जे0एच0 फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी लि0, बड़हरवा | | | | 50 |
| 4 | | तालझारी | महराजपुर लैम्पस (कल्याणी) | | | | 60 |
| 5 | | | पलाश आजीविका एफ0पी0ओ0, तालझारी | | | | 48 |
| 6 | | मण्डरो | मण्डरो लैम्पस लि0 | | | | 70 |
| 7 | | | भावना फर्टिलाईजर, भगैया, मण्डरो | | | | 52 |


**अपील** :- सभी किसानों से आग्रह है कि आप सभी अपने आधार कार्ड, आधार से जुड़ा मोबाईल नं0 एवं जमीन संबंधित कागजात के साथ उक्त केन्द्रों से विभागीय बीज अनुदानित दर पर शीघ्र प्राप्त करें।

जिला कृषि पदाधिकारी, साहेबगंज

PR 382382 Agriculture(26-27).D


## DISTRICT JOINT HOSPITAL ,DUMKA
## Doctor List for Contact for YOGA Teacher

| Sl. No. | Name of A-CHO | Posting Place | Mobile Number | Remarks |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Dr.Ashish Ranjan | Rajkiya Ayurvedic Aushdhalaya, Kurua | 7903675127 | |
| 2 | Dr. Mani Shankar Gorai | Rajkiya Ayurvedic Aushdhalaya, Kathikund | 8521644483 | |
| 3 | Dr. Suraj Prasad | Rajkiya Ayurvedic Aushdhalaya, Gopikandar | 9955882224 | |
| 4 | Dr. Shivnath kumar | Rajkiya Ayurvedic Aushdhalaya, Kathalia | 9304211401 | |
| 5 | Dr. Sujeet Kumar | Rajkiya Ayurvedic Aushdhalaya, Ranigram | 8340278859 | |
| 6 | Dr. Shraddha Priyadarshini | Rajkiya Ayurvedic Aushdhalaya, Shikaripada | 8100331776 | |
| 7 | Dr. Sujeet Kumar | Rajkiya Ayurvedic Aushdhalaya, Amarapur Dumka | 8340278859 | |
| 8 | Dr. Neha Kumari | Rajkiya Ayurvedic Aushdhalaya, Jama | 7295903199 | |
| 9 | Dr. Neha Kumari | Rajkiya Homeopathic Aushdhalaya, Basukinath Dham | 7295903199 | |
| 10 | Dr. Soni supriya | Rajkiya Homeopathic Aushdhalaya, Shikaripada | 7061059558 | |
| 11 | Dr. Vikash Rajak | Rajkiya Homeopathic Aushdhalaya, Ramgarh | 7903602994 | |
| 12 | Dr. Bal Kishor Tudu | Rajkiya Unani Aushdhalaya, Hansdiha Dumka | 6200684941 | |
| 13 | Dr. Shivnath kumar | District Joint Dispensary | 9304211401 | |
| 14 | Dr. Sujeet Kumar | District Joint Dispensary (Ayurvedic) | 8340278859 | |
| 15 | Dr. Anita Soren | District Joint Dispensary (Homeopathy) | 6203105745 | |
| 16 | Dr.Ashish Ranjan | District Joint Dispensary (Unani) | 7903675127 | |
| 17 | Dr. Mani Shankar Gorai | HSC KORIYA | 8521644438 | |
| 18 | Dr. Neha Kumari | HSC MORTANGA | 7295903199 | |
| 19 | Dr. Anita Soren | HSC JAMDALI | 6203105745 | |

प्रभारी जिला आयुश चिकित्सा पदाधिकारी, दुमका

PR 382387 (Health Med Edu and Family Welfare)26-27*D

## DISTRICT AYUSH OFFICE, DUMKA
### YOGA TEACHER Waiting List of Male

| SL. NO. | Name of Candidate | Father/Husband Name with Address | MARKS OUT OF 20 | Remarks |
|---|---|---|---|---|
| 1 | BILTU SAHA | DILIP SAHA Add-ASANBANI, RANESWAR,DUMKA | 9 | |
| 2 | PRADEEP DUTTA | SANDHYA DUTTA Add- ASANBANI,RANESWAR,DUMKA | 9 | |
| 3 | TAPAN KUMAR GOSWAMI | BADAL GOSWAMI Add- LAKHI KUNDI ,DUMKA | 9 | |
| 4 | PANKAJ KUMAR SAH | PRABHU DAYAL SAH Add- RAMGARH,DUMKA | 8 | |
| 5 | ANAND KUMAR DAS | BINOD RABI DAS Add-GANESHPUR ,SHIKARIPARA ,DUMKA | 7 | |
| 6 | NIRAV KUMAR | SUNIL KUMAR RAUT Add- GARGARIYA ,JAMA,DUMKA | 7 | |
| 7 | NITISH KUMAR | ANIRUDDH PRASAD SAH Add- SARAIYAHAT ,DUMKA | 7 | |
| 8 | ABHSEK KUMAR | RAM CHANDRA BHAGAT Add-BARHARWA ,SAHIBGANJ | 7 | |
| 9 | VIKARAM KUAMR | SHAMBU MATHO Add- KAKNIYA, SARIYAHAT ,DUMKA | 6 | |
| 10 | DILIP KUMAR HANSDHA | MOLIN HANSDAHA Add-CHIGALPAHARI, JAMA,DUMKA | 6 | |
| 11 | VIKRAM BHARTI | ASHOK KUMAR PATRALEKH Add- JARMUNDI,DUMKA | 6 | |
| 12 | DHANKRISHNA MANDAL | SUVASH CHANDRA MANDAL Add- GUMRA ,SHIKARIPARA ,DUMKA | 6 | |
| 13 | MOHAN PRASAD | SHIBNARAYAN YADAV Add- SARMARA ,JARMUNDI,DUMKA | 6 | |
| 14 | PANKAJ KUMAR RAAUT | SATRUDHAN RAUT Add-RAJABANDH, Ramgarh ,DUMKA | 5 | |
| 15 | SUBHASH CHANDRA BHANDARI | LATE BAIDYA NATH BHANDARI Add-DENGALPARA, DUMKA | 5 | |
| 16 | RAJESH KUMAR | HIRALAL SAH Add- PINARGARIYA,SHIKARIPARA | 5 | |
| 17 | MD ABID | MD REYAZ Add- PURANA ,DUMKA | 5 | |
| 18 | SANJEET KUMAR RANA | MOHAN PRASAD RANA Add- DHNADIH,JAMA,DUMKA | 4 | |
| 19 | PRAWEEN KUMAR | LATE NAGHESHWAR MANDAL Add- SONARAI THAR,IDEOGHAR | 4 | |
| 20 | RANJIT MIRDHA | RAMLAKHAN MIRDHA Add- KHUMAHA ,JARMUNDI ,DUMKA | 3 | |

इस सूची की वैधता योग प्रशिक्षक (आयुष)चयन संबंधि अगले विज्ञापन प्रकाशन तक मान्य होगी।

जिला कार्यक्रम प्रबंधक (NHM) दुमका। | जिला नोडल पदाधिकारी(आयुष) दुमका। | प्रभारी जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी दुमका।

असैनिक शल्य चिकित्सक -सह -मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, दुमका।

PR.NO.382397 Health Med Edu and Family Welfare(26-27):D


## झारखण्ड शिक्षा परियोजना, दुमका

**--अल्पकालीन निविदा--**

नीति आयोग, भारत सरकार से प्राप्त स्वीकृति एवं उपायुक्त, दुमका के आदेश संख्या 58/2026 एवं 102/ 2026 के आलोक में दुमका जिला अंतर्गत तीन +2 उच्च विद्यालय में“AI-EnabledNetbookLab” अधिष्ठापन एवं संचालन हेतु इच्छुक संस्थाओं से निविदा प्रकाशन की तिथि 12.06.2026 से दिनांक 27.06. 2026 तक प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते हैं।उक्त निविदा से संबंधित सभी आवश्यक एवंपूर्ण विवरणी जिलेके अधिका रिक वेबसाइट https://dumka.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी-सह- जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, दुमका

PR 382402 (Human Resource Developement)26-27*D



## OFFICE OF THE ELECTRICAL EXECUTIVE ENGINEER
## ELECTRIC WROKS DIVISION, DUMKA
**Energy Department, Govt of Jharkhand.**

**Very Short Notice Inviting e-quotation**
**Notice No-Energy/EWD/Dumka/08/2026-27**

Quotation through e-tender are invited for rate of11 TR Ductable type Air Conditioning System in Garv Grih of Baba Basukinath Dham at Basukinath, Dumka from reputed manufacturer /authorized dealers and other stack holders authorized for respective item having valid GSTIN of materials. The rate conforming to specification for inclusion in the framing of estimate to be used for electrical installation and repair work shall be submitted in the website Https://jharkhandtenders.gov.in. Details of materials and its specifications are available on the above e-tender portal. The quotationer may download the document from the website and quote their rate of material online from 17/06/2026 at 11.00 hrs. to 23/06/2026 at 11.00 hrs. The quotation will be opened on 24/06/2025 at 11.00 hrs.

The quotations are invited to ascertain and assess the rate of material at par with lowest market rate for framing of estimate.

Electrical Executive Engineer
Electric Works Division, Dumka

PR 382412 Energy(26-27).D

# नीट परीक्षा को लेकर दुमका प्रशासन अलर्ट, गड़बड़ी करने वालों पर होगी 'नो टॉलरेंस' की कार्रवाई : डीसी



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**दुमकाः** आगामी 21 जून को होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा को लेकर दुमका जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। परीक्षा को पूरी तरह शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और नकल विहीन माहौल में कराने के लिए उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने खुद कमान संभाल ली है। उन्होंने परीक्षा ड्यूटी में तैनात सभी मजिस्ट्रेटों, पुलिस अफसरों और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ एक अहम ब्रीफिंग बैठक की। इस बैठक में साफ संदेश दिया गया कि परीक्षा की शुचिता और पारदर्शिता से खिलवाड़ करने वाले किसी भी शख्स को बख्शा नहीं जाएगा।

उपायुक्त ने परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों के लिए जरूरी सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने बैठक में बैठने की व्यवस्था, साफ पानी, बिजली, टॉयलेट और सीसीटीवी कैमरों की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के गाइडलाइंस का हर हाल में पूरी तरह पालन होना चाहिए। परीक्षा के दौरान किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

प्रशासन की ओर से साफ कहा गया है कि परीक्षा प्रक्रिया को प्रभावित करने या किसी भी तरह के कदाचार की कोशिश पर 'शून्य सहिष्णुता' यानी जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी।

## नीति आयोग के लक्ष्यों को समय पर पूरा करें योजनाओं की प्रगति में लाएं तेजी : डीसी

**दुमका।** सोमवार को उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में चल रही विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति को रफ्तार देना और नीति आयोग द्वारा तय किए गए मानकों को हासिल करना था। बैठक के दौरान स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि और आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत चलाई जा रही गतिविधियों की गहन समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सभी विभागीय अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि वे नीति आयोग के सूचकांकों और लक्ष्यों को तय समय-सीमा के भीतर पूरा करने के लिए आपसी तालमेल के साथ काम करें। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाकर आम जनता तक समय पर लाभ पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए उन्होंने सभी विभागों को नियमित मॉनिटरिंग और प्रभावी अनुश्रवण करने के निर्देश दिए ताकि प्रगति में सुधार दिख सके।

बैठक में नीति आयोग से मिली राशि से चल रही योजनाओं की भी समीक्षा हुई। इनमें डिजिटल आंगनबाड़ी केंद्र, स्मार्ट क्लास, स्कूलों की बाउंड्री वॉल, शौचालय निर्माण और बम्बू मेकिंग शेड जैसी परियोजनाएं शामिल हैं। कई योजनाएं अब पूरे होने के अंतिम चरण में हैं। उपायुक्त ने इन्हें जल्द से जल्द पूरा कर संबंधित विभागों को हैंडओवर करने का निर्देश दिया ताकि लोग इनका लाभ उठा सकें। उन्होंने जोर देकर कहा कि आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम जिले के समग्र विकास के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं।

## दिव्यांग बच्चों की शिक्षा और सुरक्षा सर्वोपरि जर्जर स्कूल भवनों को दुरुस्त करने के निर्देश

**दुमका।** उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में समग्र शिक्षा के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के लिए संचालित कार्यक्रमों और विशेष नामांकन अभियान की तैयारियों को लेकर सोमवार को एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में उपायुक्त ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि जिले में स्कूल से बाहर और स्कूलों में पढ़ रहे सभी दिव्यांग बच्चों की पहचान प्राथमिकता से की जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि जिन दिव्यांग बच्चों के पास अब तक प्रमाण पत्र नहीं है, उनके लिए विशेष शिविर लगाए जाएं और जल्द से जल्द प्रमाण पत्र बनाए जाएं ताकि वे सरकारी योजनाओं और शैक्षणिक सुविधाओं का पूरा लाभ उठा सकें। शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए उपायुक्त ने दृष्टिबाधित विद्यालय के छात्रों के बीच ब्रेल किट और ब्रेल पुस्तकों का वितरण सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बच्चों को उनकी जरूरत के हिसाब से संसाधन मिले ताकि पढ़ाई में कोई बाधा न आए। इसके साथ ही बच्चों की सेहत का ख्याल रखते हुए उन्होंने नियमित स्वास्थ्य जांच और लो-विज़न वाले बच्चों के विशेष हेल्थ चेकअप के आदेश दिए। बैठक में बच्चों की सुरक्षा को लेकर भी बड़े फैसले लिए गए। उपायुक्त ने मुख्य सड़कों के किनारे स्थित संवेदनशील विद्यालयों को चिन्हित कर वहां लोहे की बाउंड्री वॉल बनाने और जर्जर व असुरक्षित स्कूल भवनों की पहचान कर उनकी मरम्मत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दिव्यांग बच्चों को सुरक्षित माहौल और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना प्रशासन की प्राथमिकता है।

## डालसा ने चलाया सुरक्षित बचपन, सुरक्षित भविष्य थीम पर जागरूकता अभियान




**दुमका।** झालसा, रांची के निर्देश और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, दुमका सुधांशु कुमार शशि के आदेश पर एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। इसके तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा 90 दिवसीय सघन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में रामगढ़ प्रखंड के झुमरपाटोजोरिया गांव में 'सुरक्षित बचपन, सुरक्षित भविष्य' थीम पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में बच्चों, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों के प्रति चेतना बढ़ाना था। साथ ही उन्हें उनके संरक्षण और कल्याण से जुड़े कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी देना था। कार्यक्रम में बाल श्रम एवं बाल मजदूरी की रोकथाम, बच्चों के शिक्षा के अधिकार और बाल विवाह निषेध जैसे संवेदनशील विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। मौके पर मौजूद पैरा लीगल वॉलिंटियर्स ने ग्रामीणों को समझाया कि बाल श्रम कानूनन अपराध है। हर बच्चे को शिक्षा और सुरक्षित माहौल देना माता-पिता के साथ-साथ पूरे समाज की जिम्मेदारी है। इसके अलावा, महिलाओं को घरेलू हिंसा से बचाने वाले अधिनियम और वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण एवं कल्याण से जुड़े कानूनों की जानकारी दी गई।

## दुमका में तीन दिवसीय योगाभ्यास शिविर संपन्न



**दुमका।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग मित्र मंडल द्वारा आयोजित तीन दिवसीय विशेष योगाभ्यास कार्यक्रम का समापन हो गया। इस शिविर में स्थानीय बच्चों ने भारी उत्साह के साथ हिस्सा लिया और स्वस्थ जीवन जीने के मूल मंत्र सीखे। आधुनिक दौर की व्यस्त जीवनशैली के बीच बच्चों को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई थी। शिविर के दौरान अनुभवी योग प्रशिक्षक राम चैतन्य ने बच्चों को योग के व्यावहारिक फायदों से परिचित कराया। उन्होंने बताया कि हर दिन योग करने से न केवल शरीर ऊर्जावान रहता है, बल्कि पढ़ाई में एकाग्रता बढ़ती है और मानसिक तनाव से मुक्ति मिलती है। प्रशिक्षण के दौरान बच्चों को ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन और वज्रासन जैसे बेहद सरल लेकिन बेहद प्रभावशाली आसनों का अभ्यास कराया गया।

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर बच्चों को खिलाई गई दवा



**दुमका।** झारखंड सरकार के स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के निर्देशानुसार सिदो कान्हू उच्च विद्यालय में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में बच्चों को कृमिनाशक दवा खिलाकर उन्हें स्वास्थ्य सुरक्षा और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के तहत सिविल सर्जन कार्यालय दुमका की टीम से पहुंचीं यूसीएफ एवं बीटीटी पद्मिनी सिंह, सहिया पुतुल कुमारी तथा सुलेखा देवी की देखरेख में छात्र-छात्राओं को कृमिनाशक अल्बेंडाजोल दवा का सेवन कराया गया। विद्यालय के वर्ग शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं की उपस्थिति में 1 वर्ष से लेकर 19 वर्ष तक के बच्चों को दवा दी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर विद्यालय के सचिव प्रदीप्त मुखर्जी, प्राचार्य इंद्रजीत प्रसाद भगत, सिदो कान्हू सीनियर सेकेंडरी के प्राचार्य देवप्रिय मुखर्जी, परीक्षा नियंत्रक अभय आनंद, शिक्षिका प्रियांशु केसरी सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## अनियंत्रित बाइक पलटने से तीन युवक लहूलुहान

**दुमका।** दुमका-मसलिया मुख्य मार्ग पर मुफस्सिल थाना अंतर्गत महुआडंगाल चौक के पास सोमवार को रफ्तार और नशे का जानलेवा कॉकटेल देखने को मिला। एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल अचानक संतुलन खोकर सड़क पर पलट गई। इस दर्दनाक हादसे में बाइक पर सवार तीन दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में जामा थाना क्षेत्र के सायमपुर निवासी जय किशोर बेसरा और दुमका के विजयपुर निवासी नीकुलेश मरांडी व विजय सोरेन शामिल हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक तीनों युवक विजयपुर से बाजार की तरफ जा रहे थे। बाइक की रफ्तार इतनी तेज थी कि चौक के पास चालक वाहन पर काबू नहीं रख सका। स्थानीय लोगों ने बताया कि युवक शराब के नशे में धुत थे। दुर्घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही मुफस्सिल और नगर थाना की पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए तीनों घायलों को तुरंत फूलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों के अनुसार तीनों को काफी चोटें आई हैं, जिनमें से एक युवक की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है।

## 20 को होगा यादव महासभा का प्रतिभा सम्मान समारोह



**दुमका।** प्रांतीय यादव महासभा, झारखंड की दुमका जिला इकाई ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को देखते हुए अपने बहुप्रतीक्षित मेधावी छात्र-छात्रा प्रतिभा सम्मान समारोह की तिथि में बदलाव कर दिया है। अब यह कार्यक्रम 21 जून के बजाय 20 जून 2026 को आयोजित किया जाएगा। इस निर्णय पर मुहर जिला कार्यालय कान्हू पाड़ा में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में लगी, जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शिवनारायण दर्बे ने की, जबकि संचालन जिला महासचिव डॉ. अमरेन्द्र कुमार यादव ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन समेत कई सरकारी और गैर-सरकारी संस्थाओं के कार्यक्रम निर्धारित हैं। ऐसे में अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करने और छात्र-छात्राओं, अभिभावकों व अतिथियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए समारोह की तिथि एक दिन पहले कर दी गई।

## पंचायत स्तर पर जनता के द्वार पहुंची सरकार

**गोपीकांदर ।** प्रखंड के मुसना पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय मुसना हेसेल टोला में सोमवार को एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर राज्य सरकार के निर्देश पर चलाए जा रहे राज्यव्यापी अबुआ जाति-निवासी प्रमाण पत्र अभियान के तहत लगाया गया था। शिविर का शुभारंभ मुसना पंचायत की मुखिया संगीता मुर्मू और पंचायत सचिव जनार्दन मंडल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को जाति एवं आवासीय प्रमाण पत्र बनवाने के लिए प्रखंड मुख्यालय के चक्कर काटने से मुक्ति दिलाना और पंचायत स्तर पर ही त्वरित सुविधा उपलब्ध कराना है। शिविर को लेकर ग्रामीणों में भारी उत्साह देखा गया और बड़ी संख्या में लोग अपने दस्तावेज लेकर पहुंचे। इस विशेष शिविर में कुल 112 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से जाति प्रमाण पत्र के लिए 46 और निवासी प्रमाण पत्र के लिए 66 आवेदन शामिल हैं।

## पेड़ से गिरकर 10 वर्षीय बालक घायल

**गोपीकांदर।** थाना क्षेत्र के गड़ियापानी गांव स्थित आदिवासी टोला में सोमवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। यहाँ का निवासी 10 वर्षीय बालक प्रकाश मुर्मू पेड़ से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि प्रकाश मुर्मू बेल के पेड़ पर चढ़कर फल तोड़ रहा था। इसी दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया और वह सीधे सिर के बल जमीन पर आ गिरा। इस हादसे में उसके सिर, चेहरे और होठों पर गंभीर चोटें आई हैं। घटना के तुरंत बाद स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाई और घायल बालक को बाइक पर बैठाकर इलाज के लिए गोपीकांदर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

## पिस्तौल तानकर आदिवासी युवक से लूटपाट और गाली-गलौज करने वाला झामुमो कार्यकर्ता गिरफ्तार, भेजा गया जेल

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**दुमका।** जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र से एक बड़ी खबर सामने आई है। यहाँ पुलिस ने जातिसूचक गाली-गलौज करने, मारपीट करने और पिस्तौल का भय दिखाकर जान से मारने की धमकी देने के आरोपी झामुमो कार्यकर्ता मदन मंडल को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया है। यह कार्रवाई पीड़ित युवक द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी के आधार पर की गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, कोआम पंचायत के बेलातरी गांव निवासी दर्शन मुर्मू ने विगत दो अप्रैल को खैरबनी निवासी मदन मंडल के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। पीड़ित ने आरोप लगाया था कि आरोपी ने उनके साथ मारपीट की, जातिसूचक शब्द कहे और उनके पास से 12 हजार रुपये नकद व चांदी का जेवर छीन लिया। पुलिस ने मामले की छानबीन की और आरोपों को सही पाते हुए आरोपी को दबोच लिया।

घटना बीते 30 मार्च की सुबह करीब 10 बजे की है। दर्शन मुर्मू अपनी बाइक से दुकान का राशन सामान लेने ठाड़ीहाट बाजार जा रहे थे। रास्ते में मदन मंडल ने अपनी कार उनकी बाइक के आगे खड़ी कर दी और रास्ता रोक लिया। आरोपी ने आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण में बाहरी ठेकेदार की मदद करने का आरोप लगाते हुए दर्शन को जातिसूचक गालियां दीं और मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान आरोपी ने दर्शन की जेब से 12 हजार रुपये और गले से चांदी की चेन छीन ली। विरोध करने पर आरोपी ने कार की डिक्की से पिस्तौल निकाली और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। पुलिस ने अनुसंधान में मामला सत्य पाया और त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया।

## डीसी ने बासुकीनाथ श्रावणी मेला क्षेत्र में चल रही तैयारियों का जायजा लिया

### अधिकारियों को समय से कार्य पूर्ण कराने का दिया निर्देश



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**जरमुंडी ।** राजकीय श्रावणी मेला महोत्सव 2026 की तैयारी को लेकर उपायुक्त अभिजीत सिन्हा, डीडीसी अनिकेत सचान ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बासुकीनाथ में श्रावणी मेला क्षेत्र में चल रहे तैयारी का जायजा लिया। बासुकीनाथ शिवगंगा की सफाई कार्य अविलंब पूर्ण करने तथा सीढ़ी बनाने का कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। बासुकीनाथ शिवगंगा रोड चौड़ीकरण कार्य का भी निरीक्षण कर संतोषप्रद बताया। सभी तरह के कार्य समय से पूर्ण कराने का संबंधित विभाग के अधिकारी को निर्देश दिया। मेला क्षेत्र के सभी बिजली ट्रांसफार्मर को सुरक्षित घेराबंदी कराने का निर्देश विद्युत विभाग के अधिकारी को दिया। बासुकीनाथ मुख्य बाजार स्थित पुराना मध्य विद्यालय भवन को तोड़कर स्वास्थ्य केंद्र बनाने का निर्देश दिया। वहीं मंदिर के समीप पुलिस ओपी बनाने का लेकर संबंधित विभाग को अविलंब कार्य शुरू कराने का निर्देश दिया।

## अखिल भारतीय राढ़ी कायस्थ संगठन दुमका ने संगठन विस्तार का लिया संकल्प



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**दुमका।** शहर के सोनवा डांगल स्टेशन रोड स्थित वरिष्ठ सदस्य मनोरंजन घोष के आवास पर अखिल भारतीय राढ़ी कायस्थ संगठन दुमका की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने को लेकर कई अहम निर्णय लिए गए। इस दौरान महिला प्रकोष्ठ तथा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के गठन का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। खास बात यह रही कि बैठक में महिलाओं की भागीदारी भी उल्लेखनीय रही। बैठक में संरक्षक अजय कुमार दास, संजीव कुमार दास (अधिवक्ता), अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार घोष, महासचिव उत्तम कुमार दास गुड्डू, कोषाध्यक्ष गोपाल चन्द्र सिंहा सहित उज्जवल कुमार दत्ता, ध्रुव कुमार घोष, मनोज कुमार दत्ता, धनंजय कुमार दास, प्रतुल रंजन दास, दीपक कुमार दास, आलोक कुमार दास, कृष्ण कुमार दत्ता, पवन घोष, सौरभ घोष, शिव शंकर सिंहा, प्रवीन रंजन दास, कोनिका सिन्हा, अंजलि घोष, संगीता घोष समेत कई सदस्य मौजूद रहे।

## समन्वय समिति की बैठक में प्रखंड विकास के लिए आपसी तालमेल और जन कल्याण योजनाओं पर जोर

संवाददाता

**मसलिया ।** प्रखंड सभागार में सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी अजफर हसनैन की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय समन्वय समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि और बाल विकास परियोजना सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक के दौरान



बीडीओ अजफर हसनैन ने सभी विभागों के कर्मियों को निर्देश दिया कि वे आपसी तालमेल और बेहतर समन्वय बनाकर काम करें ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ धरातल पर आम लोगों तक तेजी से पहुंच सके।

बैठक में स्वास्थ्य संबंधी अभियानों पर विशेष रूप से रणनीति तैयार की गई। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुनील कुमार सिंह ने आगामी 28 जून से शुरू होने वाले पल्स पोलियो अभियान की जानकारी साझा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस राष्ट्रीय अभियान की सफलता के लिए सभी विभागों की सक्रिय सहभागिता अनिवार्य है। तय रणनीति के अनुसार, 28 जून को बूथ स्तर पर बच्चों को पोलियो की खुराक दी जाएगी। इसके बाद 29 और 30 जून को सहिया और सेविकाएं घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को दवा पिलाएंगी। इसके साथ ही, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने क्षेत्र में चलाए जा रहे विशेष कालाजार खोज अभियान की भी जानकारी दी।

## सखी मंडल की दीदियां संभालेंगी मोर्चा, नशामुक्त दुमका बनाने को लेकर शुरू हुआ जनअभियान




संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**दुमका ।** जिले को नशामुक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए जेएसएलपीएस दुमका द्वारा डीआरडीए सभागार में सोमवार को जिला स्तरीय जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य निषिद्ध मादक पदार्थों के दुरुपयोग और अवैध तस्करी पर रोक लगाते हुए समाज में व्यापक जनजागरूकता फैलाना है। कार्यक्रम का शुभारंभ उप विकास आयुक्त दुमका अनिकेत सचान ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित पदाधिकारियों और कर्मचारियों को नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने तथा समाज को नशामुक्त बनाने की सामूहिक शपथ दिलाई।

अपने संबोधन में उप विकास आयुक्त ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति ही नहीं बल्कि पूरे परिवार और समाज के विकास को प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए सामुदायिक भागीदारी सबसे जरूरी है। उन्होंने सखी मंडल की दीदियों से अपील की कि वे गांव-गांव जाकर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करें और ÷नशामुक्त दुमका÷ अभियान की मजबूत आधारशिला बनें।

उन्होंने विशेष रूप से कहा कि स्कूलों और कॉलेजों के आसपास किसी भी प्रकार के प्रतिबंधित मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि ऐसी गतिविधियां कहीं दिखाई देती हैं तो सखी मंडल की महिलाएं और स्थानीय समुदाय आगे आकर उसे रोकने का प्रयास करें तथा प्रशासन को इसकी सूचना दें, ताकि त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

प्रशिक्षण सत्र के दौरान बताया गया कि 15 जून से 26 जून 2026 तक जिले के सभी पंचायतों और गांवों में व्यापक स्तर पर नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान शपथ ग्रहण, जागरूकता रैली, ग्राम सभा, समूह बैठक, जनसंवाद और कई अन्य सामाजिक कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिनके जरिए लोगों को नशे के दुष्प्रभावों और उससे बचाव के उपायों की जानकारी दी जाएगी।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और सामुदायिक प्रतिनिधियों ने मादक पदार्थों के दुरुपयोग को रोकने और नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए सामूहिक संकल्प लिया।

इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक निशांत एक्का सहित सभी जिला प्रबंधक, जेंडर सीआरपी, डीआरपी, सभी प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक एवं अन्य कर्मी मौजूद रहे।

## सभी स्वास्थ्य कर्मियों को गूगल कैमरा से अपनी फोटो भेजना अनिवार्य : डॉ देवनंदन

**शिकारीपाड़ा।** प्रखंड के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों से हाजिरी बनाकर गायब रहने वाले स्वास्थ्य कर्मियों की अब खैर नहीं है। कोलाईबाड़ी आयुष्मान आरोग्य मंदिर सहित कई केंद्रों से लगातार कर्मियों के नदारद रहने की शिकायतें मिल रही थीं। एक सप्ताह पहले कोलाईबाड़ी केंद्र में ताला लटका मिला था, जिस पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर देवनंदन मिश्रा के पूछने पर सीएचओ ने बाजार में नाश्ता करने का बहाना बनाया।

इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए डॉक्टर देवनंदन मिश्रा ने संबंधित कर्मियों को अंतिम चेतावनी जारी की है। अब सभी स्वास्थ्य कर्मियों को सुबह 9:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक हर हाल में केंद्र पर तैनात रहना होगा। इसके साथ ही उन्हें सुबह और दोपहर को गूगल कैमरा से अपनी फोटो भेजना अनिवार्य कर दिया गया है। जल्द ही सभी केंद्रों में आंख से उपस्थिति दर्ज करने वाली बायोमेट्रिक मशीन लगाई जाएगी, जिससे ड्यूटी से गायब रहने वाले कर्मियों पर पूरी तरह शिकंजा कसा जा सके।

## लकड़ी माफियाओं ने विशाल कटहल का पेड़ काटा



**मसलिया ।** मसलिया अंचल क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण के दावों के बीच फलदार और हरे-भरे पेड़ों की कटाई चिंता का विषय बनती जा रही है। ताजा मामला बास्कीडीह पंचायत के करमाटांड़ गांव का है, जहां एक विशाल फलदार कटहल के पेड़ को काट दिए जाने से ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि फल देने वाले पेड़ ग्रामीणों की आजीविका, पर्यावरण और पशु-पक्षियों के लिए महत्वपूर्ण होते हैं, लेकिन लगातार इनकी कटाई से हरियाली पर खतरा मंडरा रहा है। जानकारी के अनुसार कटहल के पेड़ को मशीन से काटकर कई हिस्सों में बांट दिया गया है और उसे आरा मिल भेजने की तैयारी की जा रही थी। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में सक्रिय लकड़ी कारोबारी कम कीमत पर पेड़ खरीदकर भारी मुनाफे के लिए बाहर भेज रहे हैं। इससे न केवल पर्यावरणीय संतुलन प्रभावित हो रहा है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में फलदार वृक्षों की संख्या भी तेजी से घट रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से अवैध कटाई पर सख्ती से रोक लगाने, दोषियों की पहचान कर कार्रवाई करने तथा क्षेत्र में वृक्ष संरक्षण अभियान चलाने की मांग की है।

## तीन पंचायतों में लगा शिविर, 343 आवेदन प्राप्त



**मसलिया ।** राज्य सरकार के निर्देश पर चल रहे राज्यव्यापी अबुआ जाति एवं आवासीय प्रमाण पत्र अभियान के तहत सोमवार को मसलिया प्रखंड की तीन पंचायतों में विशेष शिविर आयोजित किए गए। अभियान का उद्देश्य ग्रामीणों को जाति एवं आवासीय प्रमाण पत्र बनवाने के लिए प्रखंड मुख्यालय के चक्कर लगाने से बचाते हुए पंचायत स्तर पर ही सुविधा उपलब्ध कराना है। इस क्रम में धोबनाहरिन बहाल पंचायत के प्राथमिक विद्यालय नवासार, खुटोजोरी पंचायत भवन तथा कोलारकोंदा पंचायत भवन में शिविर लगाए गए। शिविरों में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और बड़ी संख्या में आवेदन जमा किए। प्राथमिक विद्यालय नवासार में सर्वाधिक 155 आवेदन प्राप्त हुए, लेकिन नेटवर्क की समस्या के कारण वहां एक भी प्रमाण पत्र निर्गत नहीं किया जा सका। वहीं खुटोजोरी पंचायत भवन में 78 तथा कोलारकोंदा पंचायत भवन में 110 आवेदन प्राप्त हुए। इस प्रकार तीनों शिविरों में कुल 343 आवेदन जमा किए गए। अधिकारियों ने बताया कि प्राप्त आवेदनों में से कई का सत्यापन कर मौके पर ही निपटारा किया गया, जबकि शेष आवेदनों की जांच कर जल्द प्रमाण पत्र जारी किए जाएंगे।

## पोक्सो एक्ट का फरार आरोपी बंगाल से गिरफ्तार

**मसलिया।** थाना पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए पोक्सो एक्ट के फरार आरोपी उस्मान शेख को पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी मूल रूप से पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले के मूलचंदपुर का रहने वाला है। पुलिस ने उसे बीरभूम के ही अनुदा गांव में छापेमारी कर दबोचा और सोमवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। यह मामला 23 जून 2024 का है, जब मसलिया थाना क्षेत्र की एक नाबालिग के अपहरण और दुष्कर्म के आरोप में उस्मान शेख के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। घटना के बाद से ही आरोपी पुलिस को चकमा देने के लिए लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था और पिछले दो साल से फरार चल रहा था। मसलिया थाना प्रभारी राजेश रंजन के नेतृत्व में गठित टीम ने तकनीकी सेल से मिले गुप्त इनपुट के आधार पर जाल बिछाया। पुलिस टीम ने पश्चिम बंगाल के अनुदा गांव में अचानक छापेमारी कर आरोपी को धर दबोचा। इस संबंध में संदीप भगत ने बताया कि आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार छिप रहा था, लेकिन पुलिस की सतर्कता से आखिरकार उसे सलाखों के पीछे पहुंचा दिया गया है।

## एक सप्ताह के भीतर लैम्पस के माध्यम से किसानों को मिलेगी बीज : प्रखंड कृषि पदाधिकारी

**रानीश्वर।** विभाग की तमाम सक्रियता के बावजूद अब तक किसानों को धान का बीज उपलब्ध नहीं हो सका है। इस संबंध में पूछे जाने पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी प्रदीप कोठरिवाल ने बताया कि ऊपर से ही अब तक धान का बीज उपलब्ध नहीं कराया गया है। इसी वजह से फिलहाल किसानों के बीच बीज का वितरण शुरू नहीं हो सका है।

उन्होंने आगे जानकारी दी कि विभाग को जैसे ही बीज प्राप्त होगा, उसे सबसे पहले लैम्पस को उपलब्ध कराया जाएगा। इसके बाद लैम्पस के माध्यम से ही सभी जरूरतमंद किसानों के बीच धान बीज का वितरण किया जाएगा। प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने कहा कि वे बीज की उपलब्धता को लेकर लगातार लैम्पस के संपर्क में बने हुए हैं।

आगामी एक सप्ताह के भीतर प्रखंड में धान का बीज उपलब्ध होने की पूरी संभावना है। उन्होंने किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि बीज आते ही तुरंत वितरण कार्य शुरू कर दिया जाएगा ताकि खेती-किसानी में कोई बाधा न आए।

स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुमार द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,धनबाद गोविंदपुर मेन रोड अशोक नगर, केजी आश्रम,गोसाईडीह धनबाद झारखंड से मुद्रित तथा संताल एक्सप्रेस कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड)से प्रकाशित, RNI NO. JHABIL/2018/76383, सलाहकार संपादक चंदन मिश्र, प्रबंध संपादक सिद्धार्थ कुमार, स्थानीय संपादक चुण्डा सोरेन सिपाही फोन न. 7367009287, 9771486686